फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 17 प्रभात जयपुर, सोमवार 18 अगस्त, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



"Yeh duniya agar mil bhi jaye to kya hai..."

Guru Dutt's marriage went through many rocky patches, and at one point, Geeta was convinced that his relationship with Waheeda would be end of their marriage

Timeless Giants

Shri Narbadeshwar Shiva Temple : A Unique Spiritual Landmark in Lakhimpur Kheri, UP


# एनडीए ने सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया

## वे अभी महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं तथा 21 अगस्त को नामांकन भरेंगे

नई दिल्ली, 17 अगस्त। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। रविवार को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। राज्यपाल के तौर पर उनके पास लंबा प्रशासनिक अनुभव रहा है।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई नेता मौजूद थे। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे एनडीए साथियों के साथ भी गहन रूप से चर्चा हुई। संसदीय बोर्ड



सीपी राधाकृष्णन

की बैठक, जिसका नेतृत्व पीएम मोदी ने किया, में सभी पहलुओं इस दौरान सभी पहलुओं पर चर्चा हुई और कई नामों पर मंथन किया गया, सुझाव भी मांगे गए और इसके बाद फिर तय हुआ कि हमारे उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी के रूप में हमारे महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए का प्रत्याशी बनाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में राजग में शामिल अन्य दलों से भी चर्चा

- **भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि एनडीए के साथियों से गहन चर्चा के बाद यह नाम तय किया गया। विपक्षी दलों से भी चर्चा की जायेगी क्योंकि हम चाहते हैं कि उपराष्ट्रपति निर्विरोध चुने जायें।**

हो गयी है और विपक्षी दलों से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि उपराष्ट्रपति निर्विरोध चुने जाएं।

सीपी राधाकृष्णन का पूरा नाम चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन है। इनका जन्म 4 मई 1957 को तिरुपुर, तमिलनाडु में हुआ था। 16 साल की उम्र में ही आरएसएस से जुड़ गए थे। 1998 और 1999 में कोयंबटूर सीट से सांसद बने थे। 2004 से 2007 तक तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। 2023 में झारखंड के राज्यपाल बने थे।

सीपी राधाकृष्णन कोयंबटूर (तमिलनाडु) से लोकसभा सांसद रह चुके हैं और भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी रहे हैं। दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु और केरल में भाजपा को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

सीपी राधाकृष्णन ओबीसी हैं और गाउंडर जाति से हैं। गाउंडर में एक उपजाति है जिसका नाम कोंगु वेल्लालर है।

राधाकृष्णन इस उपजाति से हैं। यह उपजाति मूलत: खेती किसानी से जुड़ी है। पश्चिमी तमिलनाडु, जिसे कोंगु रीजन भी कहा जाता है, वहां इस जाति का दबदबा है।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

## ट्रेड डील के लिये अमेरिका का भारत दौरा रद्द

नई दिल्ली, 17 अगस्त।ट्रेड डील को लेकर भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित छठे दौर की व्यापारिक वार्ता, जो 25 से 29 अगस्त को नई दिल्ली में होनी थी, उसे स्थगित कर दिया गया है। सूत्र के अनुसार, दोनों देशों के बीच अगले दौर की ट्रेड डील के लिए अमेरिकी व्यापार दल का भारत दौरा पुनर्निर्धारित होने की संभावना है। अमेरिकी दल छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को भारत आने वाला था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा रद्द कर दी है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अनिश्चितता बढ़

- **अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर छठे दौर की वार्ता 25 से 29 अगस्त के बीच होनी थी।**

गई है। इसका कारण अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू करना है, जिसमें 25 प्रतिशत टैरिफ 7 अगस्त से और अतिरिक्त 25 प्रतिशतरूस से तेल खरीदने की सजा के रूप में 27 अगस्त से प्रभावी होगा।

टीम को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाना था, जो कि इस समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सूचि में हेराफेरी का आरोप लगाने वाले 7 दिन में सबूत दें- चुनाव आयोग

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हेराफेरी के संगीन आरोप पर बिना हलफनामे कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती

नयी दिल्ली, 17 अगस्त। चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर कथित गड़बड़ी के आरोपों को लेकर शपथ पत्र के साथ सात दिन के अंदर सबूत पेश करने, अन्यथा देश से माफी मांगने के लिए कहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यहां विशेष रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कोई किसी सूची में डेढ़ लाख मतदाताओं के नाम फर्जी होने का आरोप लगा दे, तो क्या आयोग बिना हलफनामे के उनको नोटिस जारी कर देगा और उन्हें उप मंडलीय अधिकारी (एसडीएम) के दरवाजे पर चक्कर लगाने के लिए विवश करेगा।

उन्होंने कांग्रेस नेता गांधी द्वारा कर्नाटक और महाराष्ट्र की सूचियों में गड़बड़ी के लगाये गये आरोपों को लेकर पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा,

- **चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कोई किसी सूची में डेढ़ लाख मतदाता फर्जी होने का आरोप लगा दे, तो क्या आयोग बिना हलफनामे के नोटिस जारी कर दे और उन्हें एसडीएम के दरवाजे पर चक्कर लगाने के लिये विवश कर दे।**

मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप संगीन है और ऐसे विषय में बिना हलफनामे के आयोग कोई कार्रवाई नहीं कर सकता है।

चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और ड़ॉ विवेक जोशी की उपस्थिति में ज्ञानेश कुमार ने गांधी के आरोपों पर कहा, सात दिन में हलफनामा दें, नहीं तो देश से माफी मांगे। अन्यथा यही माना जाएगा कि ये आरोप निराधार हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु के भारतीय नागरिक को ही वोट देने का अधिकार है तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए स्पष्ट नियम निर्धारित किये गये हैं, जिनका कोई उल्लंघन नहीं कर सकता है। कुमार ने कहा कि कुछ लोग चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रख कर मतदाताओं को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग मतदाताओं के अधिकार की रक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़ा है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल चुनाव आयोग के पंजीकरण के साथ बनते हैं। आयोग न तो किसी के पक्ष में हो सकता है और न विपक्ष में। आयोग के लिए सभी समकक्ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रंप- जेलेंस्की मीटिंग में जर्मनी, फ्रांस व यूके के नेता भी मौजूद रहेंगे

## पुतिन के साथ ट्रंप की बैठक के बाद सोमवार को वाइट हाउस में होने वाली बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है

वॉशिंगटन, 17 अगस्त। अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद अब सोमवार को वॉशिंगटन में एक अहम मीटिंग होनी है। व्हाइट हाउस में होने वाली इस मीटिंग में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और ट्रंप के अलावा यूरोपियन देशों के कई नेता मौजूद रहेंगे। न्यूज टैलिविज़न नैटवर्क फ्रांस 24 की तरफ से आई एक रिपोर्ट के अनुसार पहले जर्मनी, फ्रांस और यूके के नेताओं ने व्हाइट हाउस से दूरी बनाने का मन बनाया था लेकिन अब ये नेता व्हाइट हाउस में होने वाली मीटिंग के लिए अमेरिका जाएंगे।

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच होने वाली मीटिंग के लिए मौजूद रहेंगे। यूरोपियन कमीशन की मुखिया उर्सला वॉन डेर लेयेन ने जेंलेंस्की से मुलाकात के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेस में इस बात की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि स्टार्मर

- **जर्मनी, फ्रांस व यूके ने पहले वाइट हाउस की बैठक से दूरी बनाने की सोची थी, पर रविवार को तीनों देशों की सरकार ने बैठक में जाने का निर्णय किया।**

और यूरोपियन नेता ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस बैठक में जेंलेंस्की के साथ शामिल होंगे।

जर्मनी के डेली बिल्ड के अनुसार, रूस की न्यूज एजेंसी तास की रिपोर्ट के अनुसार, मर्ज, स्टारमर और मैक्रों की सरकारों ने रविवार को एक साथ यह फैसला लिया है कि वो अमेरिका जा रहे हैं। पहले इन नेताओं को अमेरिका की तरफ से कोई आधिकारिक इनवाइट नहीं मिला था और इस वजह से इन्होंने मीटिंग से दूरी बनाने का फैसला किया था। बिल्ड के अनुसार, इस तरह के फैसले के लिए अमेरिका की ओर से आधिकारिक निमंत्रण की जरूरत होती है। अखबार के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने जेलेंस्की को यूरोपियन नेताओं को अमेरिका आमंत्रित करने का प्रस्ताव दिया था। बिल्ड के मुताबिक यूरोपियन नेता सिर्फ प्रचार के लिए होने वाली इस मीटिंग से बचना चाहते थे।

वहीं अमेरिका के एक अखबार ने एलिसी पैलेस के हवाले से बताया था कि इच्छुक गठबंधन रविवार को वीडियो लिंक के जरिए एक मीटिंग आयोजित कर सकता है। एक और अमेरिकी अखबार ने पहले सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि पुतिन के साथ अपनी मीटिंग के बाद अमेरिकी नेता ने यूरोपीय नेताओं के साथ एक फोन कॉल में एक शांति समझौते पर बातचीत का प्रस्ताव रखा था। इसके तहत यूक्रेन डोनबास क्षेत्र के बाकी हिस्से को रूस को सौंप देगा, जिसमें रूसी सैनिकों द्वारा मुक्त नहीं किए गए क्षेत्र भी शामिल हैं। हालांकि वॉन डेर लेयेन ने कहा है कि सिर्फ यूक्रेन ही इस बात का फैसला करेगा कि शांति समझौता कैसा होना चाहिए।

## हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन बोर्ड के आरक्षण निर्णय पर मोहर लगाई

जयपुर, 17 अगस्त । राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 में मंत्रालयिक कर्मचारी श्रेणी में दिए गए आरक्षण पर दखल करने से इनकार कर दिया। इससे कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से मंत्रालयिक कर्मचारियों को दिए गए आरक्षण पर हाईकोर्ट की मोहर लग गई। मंत्रालयिक कर्मचारी श्रेणी में

- **हाईकोर्ट ने कनिष्ट लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती में मंत्रालयिक कर्मचारी श्रेणी में दिये गये आरक्षण पर दखल देने से इन्कार किया।**

चयनित उच्च अंक वाले अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में और शेष अपनी-अपनी एससी-एसटी-ओबीसी व एमबीसी श्रेणियों में गिने जाएंगे।

जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा व जस्टिस चन्द्रप्रकाश श्रीमाली की खंडपीठ ने यह आदेश धर्मेन्द्र सिंह शेषमा व 12 अन्य की अपील खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी ने सासाराम में विशाल सभा के साथ वोटर अधिकार यात्रा शुरु की

## बिहार के 20 जिलों की 1300 किलोमीटर की यात्रा के बाद 1 सितम्बर को पटना में बड़ी रैली होगी

सासाराम, 17 अगस्त। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार के सासाराम में रविवार को वोटर अधिकार यात्रा शुरु करने से पहले आयोजित विशाल जन समारोह में इंडिया गंठबंधन के प्रमुख दलों के नेताओं ने रैली का पूरी तरह समर्थन करते हुए बिहार की जनता से संविधान बचाने और वोटों के अधिकार की रक्षा के लिए महागठबंधन को वोट देने की अपील की।

रैली में गांधी के अलावा कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य और सुभाषिनी अली सहित कई नेताओं ने संबोधित किया और जनता से अपील की कि बिहार को बदलने के लिए वोट चोरी पर रोक लगायें।

गांधी ने कहा कि यह यात्रा बिहार के 20 से ज्यादा जिलों से होते हुए 16

- **यात्रा से पहले आयोजित सभा को कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राजद अध्यक्ष लालू यादव, बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव सीपीआई (मार्क्सवादी -लेनिनवादी) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य व सुभाषिनी अली सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।**
- **लालू यादव ने वोट चोरी रोकने और वोट चोरों को भगाने के लिये राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को एकजुट होकर काम करने की सलाह दी।**

दिनों में 1300 किलोमीटर की यात्रा पूरी करने के बाद एक सितंबर को पटना में समाप्त होगी और उस दिन ऐतिहासिक गांधी मैदान में बड़ी रैली का आयोजन किया जायेगा।

सभी नेताओं ने एक स्वर में अपील की कि बिहार को बदलना है और गरीबों, दलितों और पिछड़ों के वोट काटने की साजिश रच कर उनके अधिकार छीनने वालों को बाहर का रास्ता दिखाना है।

राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में भी महाराष्ट्र तथा कर्नाटक की तरह वोट चोरी की साजिश हो रही है लेकिन अब वह जनता को जगाने के लिए सड़क पर आ गए हैं और इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा भाजपा की चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार में वोटों की चोरी करने की साजिश है और इसके लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) का काम चुनाव आयोग के साथ मिलकर शुरू किया जा चुका है। उनका कहना था कि इस यात्रा से जनता को जागृत कर वह भाजपा के षड्यंत्र पर पानी फेरने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के साथ मिलकर संविधान को मिटाने की कोशिश की जा रही है इसीलिए जब भी चुनाव होते हैं तो भाजपा का षड्यंत्र शुरू हो जाता है। चुनाव अगर विपक्ष जीत रहा है तो इसे रोकने का षड्यंत्र शुरु हो जाता है। चुनाव के सारे अनुमान और चुनाव पूर्व सर्वेक्षण भाजपा के खिलाफ आते हैं लेकिन चुनाव परिणाम अचानक भाजपा की जीत का आता है।

उन्होंने कहा "बिहार की जनता का वोट चोरी नहीं होने देंगे क्योंकि गरीबों के पास सिर्फ वोट है। वोट चोरी चुनाव आयोग करवा रहा है। पहले पता नहीं चलता था कि वोट चोरी हो रही है लेकिन मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका पर्दाफाश किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बिहार में वोट चोरी करके दलितों पिछड़ों और अन्य सभी कमजोर वर्गों का शोषण किया जा रहा है इसलिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोटर अधिकार यात्रा शुरू की है और बिहार की जनता तथा विपक्ष के सभी दलों के नेताओं को एकजुट होकर इसमें शामिल होना चाहिए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## शुभांशु शुक्ला का भारत लौटने पर भव्य स्वागत

नयी दिल्ली, 17 अगस्त। महत्वाकांक्षी एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का रविवार तड़के अमेरिका से यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डा जितेन्द्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा

- **अंतरिक्ष में 18 दिन रहने वाले शुभांशु का दिल्ली हवाई अड्डे पर केन्द्रीय मंत्री डॉ. जीतेन्द्र सिंह, दिल्ली की मुख्य मंत्री व इसरो के वैज्ञानिकों ने स्वागत किया।**

शर्मा और इसरो के शीर्ष वैज्ञानिक नेतृत्व ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। ग्रुप कैप्टन शुक्ला की पत्नी भी इस अवसर पर मौजूद थीं।

ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस महत्वपूर्ण

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विश्व के 47 प्रतिशत लोग भारत के लिए अच्छी भावना रखते हैं, 38 प्रतिशत भारत पर संदेह रखते हैं

## 24 देशों पर किए गए नवीनतम प्यू रिचर्स सर्वे में यह निष्कर्ष निकले हैं

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 अगस्त। लंदन में भारत को सराहा गया, सिडनी में संदेह के घेरे में और वॉशिंगटन में मत विभाजित, भारत की वैश्विक छवि अब भी अस्थिर बनी हुई है। प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा 24 देशों में किए गए सर्वेक्षण में भारत को औसतन थोड़ा अधिक सकारात्मक (47 प्रतिशत) और थोड़ा कम नकारात्मक (38 प्रतिशत) नजरिए से देखा गया है, लेकिन प्रशंसकों और संदेह करने वालों के बीच अंतर बहुत गहरा है।

भारत की वैश्विक स्थिति एक समान नहीं है। जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच किए गए इस नए सर्वे में पाया गया कि दुनियाभर के लोग भारत के प्रति थोड़े अधिक सकारात्मक हैं। औसतन 47 प्रतिशत लोग भारत को लेकर अनुकूल राय रखते हैं, जबकि 38 प्रतिशत की राय प्रतिकूल है और 13 प्रतिशत की कोई राय नहीं है।

यह आंकड़े, अप्रैल 2025 में कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले और पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बाद, साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने के फैसले के बाद, वैश्विक धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

भारत को सबसे अधिक समर्थन कीनिया, यूनाइटेड किंगडम और इज़राइल में मिला, जहां 60 प्रतिशत या उससे अधिक लोगों ने भारत के प्रति सकारात्मक राय व्यक्त की। जर्मनी, जापान, इंडोनेशिया और नाइजीरिया से भी अच्छी प्रतिक्रिया

- **ब्रिटेन, कीनिया, इज़राइल में भारत को भारी समर्थन मिला, जहां 60 प्रतिशत लोगों ने भारत के लिए अच्छी राय दी। जर्मनी, जापान, इंडोनेशिया, नाईजीरिया से भी भारत के प्रति अच्छी भावना देखी गई।**
- **ऑस्ट्रेलिया, टर्की, अर्जेन्टीना, ब्राज़ील में भारत के लिए भारी विरोध देखा गया तथा अमेरिका व दक्षिण कोरिया में मिश्रित प्रतिक्रिया देखी गई।**
- **सबसे चौंकाने वाले निष्कर्ष इज़राइल से मिले, जो हालांकि भारत के प्रति समर्थन में टॉप पर है पर पिछली बार की तुलना में समर्थन घटा है, क्योंकि भारत की इज़राइल व फिलीस्तीन के बीच संतुलन बनाने की नीति से वहां की जनता कुछ नाखुश सी है।**

मिली, जो भारत के बढ़ते सांस्कृतिक और आर्थिक प्रभाव को दर्शाती है।

हालाँकि, हर जगह यह तस्वीर इतनी उजली नहीं है। तुर्की और ऑस्ट्रेलिया में अधिकांश लोगों ने भारत के प्रति नकारात्मक विचार व्यक्त किए। अर्जेन्टीना और ब्राज़ील में भी धारणा नकारात्मक है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया जैसे प्रमुख देशों में राय विभाजित है।

कुछ अनपेक्षित जगहों पर भारत की छवि में सुधार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका में, जहां पहले संदेह की भावना हावी थी, भारत के प्रति अनुकूल राय 2023 के 17 प्रतिशत बढ़कर अब 46 प्रतिशत हो गई है, जिसका श्रेय भारत की अफ्रीका में नई कूटनीतिक पहल को जाता है। यूरोप में भी गर्मजोशी के संकेत मिले हैं: फ्रांस और जर्मनी में भारत को लेकर सकारात्मक राय में दो अंकों की वृद्धि हुई है।

वहीं दूसरी ओर, कुछ जगहों पर भारत की लोकप्रियता में गिरावट देखी गई। दक्षिण कोरिया में भारत के प्रति सकारात्मक राय 2024 से 16 अंक गिर गई, जो 2007 के बाद से सबसे कम है। इज़रायल में, जो भारत का परंपरागत समर्थक रहा है, 2023 के बाद से 11 अंक की गिरावट आई है, हालांकि, वहां अब भी बहुमत भारत के पक्ष में है।

विश्लेषकों का मानना है कि दक्षिण कोरिया की इंडो-पैसिफिक रणनीति ने उसके तत्काल पड़ोसियों और भागीदारों को प्राथमिकता दी है। भारत को "नीति का मूल स्तंभ" बताए जाने के बावजूद, उसे दक्षिण कोरियाई जनमानस में रणनीतिक साझेदार के रूप में लगातार जगह नहीं मिली है।

साथ ही, अमेरिका, चीन और क्षेत्रीय संतुलन के बीच दक्षिण कोरिया की स्थिति के कारण, भारत के साथ सार्वजनिक जुड़ाव के लिए सीमित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नवीन पटनायक भुवनेश्वर के अस्पताल में भर्ती

भुवनेश्वर, 17 अगस्त। ओडिशा में विपक्ष के नेता और बीजेडी सुप्रीमो, 78 वर्षीय नवीन पटनायक कथित तौर पर अस्वस्थ हैं और उन्हें भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ

- **ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री की शनिवार रात तबियत खराब हुई। रविवार सुबह तक खास सुधार नहीं होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

नेता ने बेचैनी की शिकायत की थी जिसके बाद उन्हें इलाज और निगरानी के लिए अस्पताल ले जाया गया।

सूत्रों के मुताबिक डॉक्टरों ने प्रारंभिक जाँच कर ली है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुःखी होता है। –अज्ञात

# कार्य दिवस कम करने का पक्ष और प्रतिपक्ष!

भारत में जिसका भी कभी कोई काम किसी सरकारी कार्यालय से पड़ा है, वह आपको असंतुष्ट ही मिलेगा। सरकारी दफ़्तर में आप कोई भी काम लेकर जाएं, पहला जवाब आपको यही मिलेगा – 'नहीं हो सकता!' फिर जब आप गिड़गिड़ाएंगे, चिरौरी करेंगे, दयनीय मुद्रा बनाकर कहेंगे, 'देखिये, कुछ कीजिए। आपकी बड़ी मेहरबानी होगी', वगैरह, तो बर्फ पिघलने लगेगी। सम्बद्ध कर्मचारी का रुख कुछ नरम होगा.... मैंने कर्मचारी कहा, अधिकारी जान-बूझकर नहीं कहा, क्योंकि उस तक पहुंचना हरेक के भाग्य में होता ही कहां है? और पहुंच भी गए तो वह भी तो आपको किसी कर्मचारी के पास ही भेजेगा। लेकिन मैंने एक छलांग लगा ली। सबसे पहले तो आप जब किसी दफ्तर में जाएंगे तो आपको सम्बद्ध कर्मचारी सीट पर मिलेगा ही नहीं। दफ्तर शुरु होने के घोषित समय के कम से कम आधा घण्टा बाद वह प्रकट होगा और दफ्तर बंद होने के एक घण्टा पहले अपना काम समेट कर घर जाने के लिए तैयारी करता मिलेगा। यही हाल लंच ब्रेक का भी होगा। जहां घोषित रूप से लंच ब्रेक नहीं है वहां अघोषित लंच ब्रेक मिलेगा। जिसे अपना काम करवाना है यह तो हुई उसकी शिकायत। जो काम करने वाला है वह यह शिकायत करता पाया जाएगा कि काम का सारा बोझ उसी पर डाल दिया गया है, और लोग तो मज़े कर रहे हैं। और अगर आप अफसर से बात करें तो उसका रोना यह होगा कि कोई काम करना ही नहीं चाहता है, लेकिन बेचारा वह भी क्या करे? काम करवाना तो इन्हीं से है। धीरे-धीरे दफ्तरों में राजनीतिक हस्तक्षेप इतना बढ़ गया है कि हर कर्मचारी का खूंटा किसी न किसी नेता के आंगन में गड़ा हुआ है और अफसर चाह कर भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वैसे ख़ुद अफसर का खूंटा भी किसी न किसी के आंगन में गड़ा मिल जाएगा। इनके अलावा, सप्ताह में पांच कार्य दिवस, और बेशुमार छुट्टियां। आधिकारिक छुट्टियों के अलावा अघोषित किंतु पारंपरिक छुट्टियां अलग से, मसलन किसी की विदाई, किसी की शोक सभा वगैरह। हर कार्यालय में ऐसे लोग अवश्य ही मिल जाएंगे जो इन सबके विशेषज्ञ हैं और उनके लिए और सारे कामों से ज़रूरी ये ही काम होते हैं।

इधर भारत में निजी क्षेत्र खूब पनपा है। वहां की स्थितियां अलग है। वहां काम करने वालों से पूछें तो उनके पास अपने शोषण की अनगिनत गाथाएं मिल जाएंगी। वे बेचारे सही मानों में काम के मारे हैं। उन्हें हर हालत में अपने टारगेट पूरे करने हैं, अपने सीनियर को, नियोक्ता को खुश रखना है और यह सब करने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा काम करना है। वहां काम न कर सकने का कोई बहाना नहीं चलता है। तो जैसे यह एक भारत में दो भारत हैं। सरकारी क्षेत्र का भारत और निजी क्षेत्र का भारत। सरकारी कर्मचारी और अधिक छुट्टियां, सुविधाएं और कम काम चाहता है, जबकि निजी क्षेत्र में काम करने वाले का मुंह बंद है।

इस पूरे परिदृश्य के बीच यह जानना कम दिलचस्प नहीं होगा कि अमरीका के बोस्टन कॉलेज के शोधकर्ताओं ने अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैण्ड और न्यूज़ीलैण्ड की 141 कम्पनियों में कार्यरत कर्मचारियों से बात करके और उनके जीवन के विविध पक्षों का अध्ययन करके एक प्रतिवेदन तैयार किया है जो 'नेचर ह्यूमनबिहेवियर' नामक एक जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इस प्रतिवेदन में कहा गया है कि अगर कामकाजी सप्ताह को चार दिन का कर दिया जाए तो काम करने वालों की सेहत और खुशी में वृद्धि होगी। और केवल इतना ही नहीं, बकौल वेनफ़ैन, जो इस प्रतिवेदन की लेखिका हैं, "हमने कर्मचारियों में बेहतरी देखी। कंपनियों का उत्पादन और राजस्व दोनों बढ़े। यह ट्रायल अब ख़त्म हो गया है। लेकिन इसमें शामिल 90 प्रतिशत कम्पनियों ने सप्ताह में चार दिन काम करने को ज़ारी रखने का फ़ैसला किया है।" अन्य कई शोधों में भी यह बात कही गई है कि कम कामकाजी दिन बेहतर स्वास्थ्य, संतुलित जीवन और अधिक संतुष्टि प्रदान करते हैं। इसी तरह दुनिया के अन्य बहुत सारे देशों में भी कार्य दिवस और काम के घण्टों को कम करने को लेकर प्रयोग चल रहे हैं। फोरडेवीक ग्लोबल की सीईओ कैरेनलोवे बताती हैं कि उनका संगठन ब्राज़ील से लेकर नामीबिया और जर्मनी तक दुनिया भर की कंपनियों को चार दिन के वर्क मॉडल को आजमाने में सहायता करता है। वे बड़े उत्साह से बताती हैं कि उनके सुझाव पर अमरीका के कोलोरेडो प्रांत के सिटी ऑफ गोल्डन पुलिस विभाग ने, जहां 250 कर्मचारी काम करते हैं, सप्ताह में चार दिन के मॉडल को लागू किया और पाया कि वहां ओवरटाइम का काम लगभग 80 फीसदी कम हो गया और इस्तीफों की संख्या में घट कर आधी रह गई। इस अनुभव के आधार पर कैरेनलोवे कहती हैं कि अगर यह मॉडल पुलिस विभाग में सफल हो सकता है तो फिर कहीं भी सफल हो सकता है।

**जो काम करने वाला है वह यह शिकायत करता पाया जाएगा कि काम का सारा बोझ उसी पर डाल दिया गया है, और लोग तो मज़े कर रहे हैं। और अगर आप अफसर से बात करें तो उसका रोना यह होगा कि कोई काम करना ही नहीं चाहता है, लेकिन बेचारा वह भी क्या करे? काम करवाना तो इन्हीं से है। धीरे-धीरे दफ्तरों में राजनीतिक हस्तक्षेप इतना बढ़ गया है कि हर कर्मचारी का खूंटा किसी न किसी नेता के आंगन में गड़ा हुआ है और अफसर चाह कर भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वैसे ख़ुद अफसर का खूंटा भी किसी न किसी के आंगन में गड़ा मिल जाएगा।**

लेकिन बहुत रोचक बात यह है कि एक तरफ जहां बोस्टन कॉलेज के शोधकर्ता कम कार्यदिवस के फायदे गिना रहे हैं वहीं दुनिया के बहुत सारे देशों में ज़्यादा काम करने का जैसे जुनून है। अब यही देखें कि चीन में 996 वर्क कल्चर चलन में है। इस कार्य संस्कृति के तहत कर्मचारी सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक सप्ताह के छह दिन काम करते हैं। उधर जापान में बग़ैर अतिरिक्त मानदेय के ओवरटाइम इतना आम है कि वहां एक नया शब्द चलन में आ गया है –'करोशी'। 'करोशी' शब्द का अर्थ है काम से मृत्यु। यह शब्द काम के आधिक्य के कारण होने वाले हृदय रोग, स्ट्रोक और ऐसी ही अन्य बीमारियों तथा आत्महत्या के कारण होने वाली मौतों की तरफ इशारा करता है। असल में जापान में करोशी एक गंभीर सामाजिक समस्या बन गई है क्योंकि यहां लोगों को बहुत ज़्यादा काम करते देखा जा सकता है। जापान के वर्क कल्चर विशेषज्ञ हिरोशीओनोका कहना है कि "लोग समय से पहले दफ्तर पहुंच जाते हैं और देर तक रुकते हैं, भले ही कोई काम न हो। लेकिन प्रतिबद्धता दिखाने के लिए लोग दफ्तर में देर तक रुकते हैं।" हिरोशी कहती हैं कि जापान की सामूहिक संस्कृति इस तरह के बर्ताव को बढ़ावा देती है। यहां फ्री राइडर को बुरा माना जाता है। अगर कोई व्यक्ति शुक्रवार को छुट्टी लेने लगे तो बाकी लोग सोचने लगते हैं कि इन्हें आज काम से छुटकारा क्यों मिल रहा है? आश्चर्य की बात तो यह है कि जापान में लोग कानूनी रूप से मिलने वाली छुट्टियों जैसे पितृत्व अवकाश तक का उपभोग करने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि अगर वे कोई छुट्टी लेंगे तो उनके सहकर्मियों पर काम का बोझ बढ़ जाएगा।

यहीं यह भी याद कर लेना उपयुक्त होगा कि हमारे अपने भारत में कुछ समय पहले कई महत्वपूर्ण लोग अधिक काम की वकालत कर चुके हैं। इन्फोसिस के सह-संस्थापकनारायण मूर्ति ने 2023 में सुझाव दिया था कि भारतीय युवाओं को देश की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने नारायण मूर्ति के इस सुझाव का स्वागत किया था। इसी तरह लार्सन एंड टुब्रो (र्थ्ऊ) के चेयरमैन एसएनसुब्रह्मण्यम ने 2025 में कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करने और रविवार को भी काम करने की सलाह दी थी। नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने 2025 में कहा कि 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भारतीयों को सप्ताह में 80-90 घंटे काम करना चाहिए। उन्होंने कड़ी मेहनत को आर्थिक सफलता से जोड़ा। इसके अतिरिक्त, आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में भी काम के घंटों पर से प्रतिबंध हटाने और लचीलापन लाने की बात कही गई, जिसे कुछ लोग अधिक काम के घंटों की वकालत के रूप में देखते हैं। ये सभी बयान और सुझाव भारत में काम के घंटों और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चल रही बहस का हिस्सा हैं, जिसने कई सहमतियां-असहमतियां जगाई हैं।

कुल मिलाकर पूरी दुनिया में इस बात पर मंथन चल रहा है कि काम के दिन और घण्टे बढ़ाए जाएं या घटाए जाएं। भारत के संदर्भ में एक आम राय यह नज़र आती है कि सारी बातों के बावज़ूद हमारे यहां एक ईमानदार कार्य संस्कृति का विकास अभी तक नहीं हो सका है। ख़ास तौर पर सरकारी तंत्र में। ऐसे में हमारे यहां तो जनता की आम राय काम के दिन और घण्टे कम करने के पक्ष में नहीं है। हां, कर्मचारी ज़रूर चाहेंगे कि उनके कार्य दिवस और काम के घण्टे कम हों। जहां तक निजी क्षेत्र का सवाल है, यह मुख्यतः नियोजक द्वारा नियंत्रित है और वह तो हमेशा यही चाहेगा कि अपने कर्मचारियों से ज़्यादा से ज़्यादा काम करवाया जाए। और ऐसा केवल भारत में ही नहीं है। कुछ क्षेत्रों में सुधार के प्रयासों के बावज़ूद आम स्थिति तो यही है कि नियोक्ता कर्मचारी की पूरी ऊर्जा को निचोड़ लेना चाहता है।

यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि कार्य दिवस जस के तस रहते हैं, कम होते हैं या बढ़ाए जाते हैं!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# चर्चा चुनाव सुधारों की : राजनीतिक अपराधीकरण का पहला कदम



राम निवास बैरवा

चुनाव सुधारों की चर्चा, मुख्य रूप से, क्षेत्रीय पार्टियों के प्रभावी होने के साथ ही शुरू हो गई थी। चुनावी व्यवस्था में बिखरे कांटों को नये कानून बना कर दबाने को ही चुनाव सुधार कहा जाता है। और फिर भी सुधार नहीं हो पा रहा है तो यह चुनावी प्रणाली की असाध्य बीमारी के लक्षण हैं जिनका पता लगाना समय की जरूरत है। वैसे तो राजनीति सत्ता स्वयं में वर्ग संघर्षों की उपज है, लेकिन वर्ग संघर्षों के धीमा हो जाने या शान्ति काल में सत्ताधारी वर्गों के अन्तर्विरोध छिपे रूप में या प्रकटतः षड्यंत्रों में अभिव्यक्त होते हैं। जहां षड्यंत्र किये जाते हैं वहां अपराधिक दुष्टताओं के अलावा कानूनी षड्यंत्रों के भी चक्रव्यूह गढ़े जाते हैं। भारत के चुनाव कानूनों का इस प्रकार की चक्रव्यूह रचनाओं में भरपूर इस्तेमाल किया जाता रहा है।

चुनावी कानूनों के तामझाम की व्याख्या को समझने के लिए, वित्त वर्ष 2012-13 के केंद्रीय बजट भाषण में तत्कालीन वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी ने सर्विस टैक्स की दरों में बढ़ोतरी करने की घोषणा करते हुए कहा था, "मैं दयावान बनने के लिए ही क्रूरता करता हूँ (I have to be Cruel to be kind) तब प्रणव मुखर्जी ने शेक्सपीयर के कथन की दूसरी पंक्ति को नहीं कहा था। पूरा कथन इस प्रकार है- "मैं दयावान बनने के लिए क्रूरता करता हूँ, इस प्रकार खराबियां पीछे रह जाती हैं और बुराई शुरू होती है (I have to be Cruel to be kind, Thus bad begins and worse remains behind)।

भारत में चुनाव कानून बनाने की शुरूआत संविधान लागू होने के तत्काल बाद शुरू कर दी गई थी। इस कड़ी में पहला कानून बनाया गया था "जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950, जिसे 12.मई.1950 को बनाया गया था। उस अधिनियम की धारा 16 में मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए अयोग्यताएं बताते हुए इसी धारा की उपधारा (1) में तीन परिस्थिति गिनाई गई हैं-

**जो भारत का नागरिक न हो**

जिसकी सक्षम न्यायालय द्वारा दिमागी अस्वस्थता प्रमाणित की गई हो,

जो तत्कालीन भ्रष्टाचारों संबंधी कानून के किसी प्रावधान के अन्तर्गत भ्रष्ट गतिविधियों तथा चुनावों से संबंधित अन्य अपराधों में संलिप्त हो।

12 मई 1950 को बनाये गये उस कानून में छः महिनों में ही 23.12.1950 से संशोधन करके 'गैरकानूनी' शब्द और जोड़ा गया था- इस प्रकार खण्ड (सी) का पाठ इस प्रकार हो बना दिया गया था, "तत्कालीन भ्रष्टाचार संबंधी कानून के किसी प्रावधान के अंतर्गत "भ्रष्ट और गैर-कानूनी गतिविधियों तथा चुनावों से संबंधित अन्य अपराधों में संलिप्त हो।" इस 'गैर कूननी' शब्द को 26.12.1960 से हटा दिया गया था। इसका सीधा सा मतलब है कि अब "गैर कानूनी" गतिविधियों में संलिप्त व्यक्ति अयोग्य नहीं रह गया था।

परन्तु, इस बीच, 1 जुलाई, 1951 से दूसरा पूरक "जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 बनाया गया। उसके भाग 2 के अध्याय तीन में पूरी चुनावी प्रक्रिया के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण प्रावधान हैं। इस अध्याय का मूल शीर्षक था, "संसद और राज्य विधानसभाओं की सदस्यता के लिए अयोग्यताएं" इसकी धारा 7, 8 तथा 10 को 28.08.1956 से संशोधित किया गया, फिर 14.12.1966 से धारा 7, 8, 8-ए, 9, 9-ए, 10, 10-ए तथा 11-ए, 11-बी को पूरा ही पुनः लिखा गया। इसी प्रकार भाग-7 जिसका शीर्षक था-"भ्रष्ट तथा गैर कानूनी गतिविधियां एवं निर्वाचन अपराध" इस में सेभी दूसरे आम चुनावों के ठीक छः महिने पहले (अधिनियिम सं. 27/1956) 28.08.1956 से 'गैरकाूननी' शब्द हटाकर "भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराध" कर दिया गया। इस शीर्षक परिवर्तन के साथ ही धारा 123, 124 तथा धारा 125 को भी दिनांक 28.08.1956 के संशोधन से बदल दिया गया।

इस प्रकार से "गैर-कानूनी गतिविधियों" में संलिप्त लोगों को चुनावों में प्रत्याशी बन कर चुनाव लड़ने की छूट दे दी गई थी, और चुनावों के माध्यम से राजनीति का अपराधीकरण की कानूनी छूट दे दी गई। यहां यह बताना प्रासंगिक नहीं है कि 1956 में कौन प्रधान-मंत्री था और उनके क्या राजनीतिक हित थे, बल्कि यह प्रासंगिक है कि जीत सकने वाले उम्मीदवारों की तब तो 1956 में जरूरत थी ही, आज वह आवश्यकता सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए अति-आवश्यक हो गया है, इसीलिए कोई भी राजनीतिक पार्टी गैर-कानूनी गतिविधियों ममे लिप्त लोगों को चुनावों से दूर करना नहीं चाहती है। चुनावों के राजनीति का अपराधीकरण असाध्य बितारी बन गया है।

1956 के ये संशोधन करके "गैर कानूनी गतिविधियों" शब्दों को हटाने का क्या कारण रहा था?देश की तत्कालीन परिस्थितियों और जन मानस का विश्लेषण करके उनके अन्तर्संबंधों को देखा जाये तो सारी स्थिति स्पष्ट हो जाती है।

1947 के बाद होने वाले 1952 के पहले आम चुनाव थे। उन आम चुनावों में भारत की विशाल ग्रामीण-जनता, किसानों, मजदूरों और दलितों को राजनीतिक भागीदारी के रूप में पहली बार आम चुनावों में मतदान का अवसर मिला था। यह उनके लिए एक अधिकार था, अतः राजनीतिक प्रचार के रूप में कांग्रेस पार्टी के पास चुनावों में चुनावों के लिए भावनात्मक रूप से यह बहुत कुछ था। सबसे पहला, कांग्रेस पार्टी की 1947 के पहले की राजनीतिक गतिविधियों से व्यापकता का लाभ और दूसरा- गांधी जी की हत्या से उनके आदर्शों का व्यापक भावनात्मक लगाव जनता के बीच बना हुआ था। तीसरा-गांधीजी के उत्तराधिकारी के रूप में जवाहर लाल नेहरू के प्रति अटूट विश्वास।

अतः उन चुनावों में केंद्र तथा लगभग सभी राज्यों में कांग्रेस पार्टी की सरकारें बनी। तत्कालीन सांसदों, विधायकों से जिन आदर्शों और सुचिताओं की अपेक्षा जनता को थी, वह अगले चुनवों तक डगमगाने लगी थी। साथ ही नेहरू जी को यह विश्वास हो चला था कि चुनावों में जीतने सकने वाले उम्मीदवारों को चुनावों में पार्टीप्रत्याशी बनाना जरूरी था। चूंकि, जीत सकने वाले किसी न किसी गैरकानूनी गतिविधि में संलग्न रहत हैं, अतः गांधीजी के आदर्शों में विश्वास करने वालों को खादी ग्रामाद्योग की जिम्मेदारी देकर, बड़ी जमीनें देकर शान्त कर दिया। लेकिन जीत सकने वाले उम्मीदवारों की रूकावटों को खतम करते हुए 1956 के संशोधन जनप्रतिनिधि कानून में किये गये। चूंकि, अशिक्षित आम जनता के लिए कानूनी संशोधन कोई मायने नहीं रखते। प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को बताने के लिए कानूनों में संशोधन किये गये।

ये ही निर्णायक संशोधन थे, जिनसे 'गैरकानूनी' गतिविधियों में शामिल लोगों को चुनाव लड़ने के अयोग्य नहीं माना गया था। 'गैरकानूनी' गतिविधियों में जब संसद और विधानसभाओं में जाने का रास्ता साफ कर दिया गया तो सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए भी वह वरदान साबित हुआ। परिणामस्वरूप सभी दलों ने अपने-अपने हितों के लिए अपने-अपने ढंग से सहमति देकर, एक के बाद एक ऐसे कानून बनाये जाते रहे कि उनमें सुधार की बात करना ही निरर्थक है। आज राजनीति का अपराधीकरण उस सीमा तक पहुंच गया है कि राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे के प्रति षड्यंत्र करने पर उतारू हैं और जिस भी पार्टी के पास सत्ता है वह निश्चित रूप से अपने षड्यंत्रों को कानूनों के आवरण में ढकने में सक्षम है। जैसे- बिहार विधानसभा के चुनावों के पहले बड़ी तादाद में मतदाता सूचियों से नाम काट देना- जातिगत जनगणना का उपक्रम करना आदि। अशिक्षित ग्रामीण भारतीय अब भारतीय हैं या नहीं, यह साबित करने के लिए कागज पैदा करना पड़ेगा नहीं तो वह भारतीय नागरिक नहीं माना जा सकता है।

यह भी एक विडंबना ही है कि राजनीतिक पार्टियों के लिए सौ खून माफ, परंतु मतदान करने वालों को इस तरह से बांटा जाये, इस तरह से सीमित किया जाये कि अपनी सत्ता को दीर्घायु बनाया जा सके।

**–रामनिवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त।**

# शैक्षणिक स्वतंत्रता - क्या यह आवश्यक है?



अशोक कुमार

उच्च शिक्षा में शिक्षकों, शोधकर्ताओं और छात्रों की शैक्षणिक स्वतंत्रता, सामान्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से अलग है क्योंकि यह विशेष रूप से शैक्षणिक कार्य की व्यावसायिक जिम्मेदारियों और संदर्भों से जुड़ी हुई है।

शैक्षणिक स्वतंत्रता उच्च शिक्षा में शिक्षकों, शोधकर्ताओं और छात्रों की स्वतंत्रता है कि वे अपने शैक्षणिक क्षेत्र में विचारों और निष्कर्षों की जांच, शिक्षण और चर्चा कर सकें, बिना किसी अनुचित हस्तक्षेप, प्रतिबंध या प्रशासकों, राजनीतिक हस्तियों, दाताओं या अन्य बाहरी संस्थाओं से प्रतिशोध के डर के। यह सामान्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से अलग है क्योंकि यह विशेष रूप से शैक्षणिक कार्य की व्यावसायिक जिम्मेदारियों और संदर्भों से जुड़ी हुई है।

**शैक्षणिक स्वतंत्रता के प्रमुख पहलुओं में आम तौर पर शामिल हैं:-**

पढ़ाने की स्वतंत्रता: इसमें संकाय सदस्यों को पाठ्यक्रम सामग्री का चयन करने, शिक्षण विधियों को निर्धारित करने, असाइनमेंट बनाने और छात्र के प्रदर्शन का आकलन करने का अधिकार शामिल है, जब तक कि यह उनकी व्यावसायिक क्षमता और विषय वस्तु के साथ संरेखित हो।

शोध और प्रकाशन की स्वतंत्रता: शिक्षाविदों को छात्रवृत्ति के किसी भी क्षेत्र का पता लगाने, शोध करने और बिना सेंसरशिप या नियंत्रण के अपने निष्कर्षों को प्रसारित और प्रकाशित करने में सक्षम होना चाहिए, भले ही विषय या निष्कर्ष विवादास्पद हों।

आंतरिक भाषण की स्वतंत्रता: यह संकाय के अधिकार की रक्षा करता है कि वे अनुशासन के डर के बिना संस्थागत नीतियों या कार्यों के बारे में अपनी राय व्यक्त करें।

बाहरी भाषण की स्वतंत्रता: हालांकि असीमित नहीं है, लेकिन शैक्षणिक स्वतंत्रता अक्सर नागरिकों के रूप में बोलते या लिखते समय शिक्षाविदों की सुरक्षा तक फैली हुई है, हालांकि यह आमतौर पर उनकी शैक्षणिक विशेषज्ञता और स्थिति से घिरा हुआ है।

सीखने की स्वतंत्रता: छात्रों के लिए, शैक्षणिक स्वतंत्रता का अर्थ है प्रशिक्षकों से अनुचित व्यवहार या प्रतिशोध के डर के बिना विचारों को तलाशने, चुनौती देने और अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार, और खुली बहस में शामिल होना।

**क्या यह किसी संस्थान की प्रगति के लिए शैक्षणिक स्वतंत्रता आवश्यक है?**

शैक्षणिक स्वतंत्रता को व्यापक रूप से किसी संस्थान की प्रगति के लिए और विस्तार से, पूरे समाज के लिए आवश्यक माना जाता है। सत्य की खोज और ज्ञान की उन्नति को बढ़ावा देता है: इसके मूल में, एक विश्वविद्यालय का मिशन ज्ञान की खोज और प्रसार करना है। शैक्षणिक स्वतंत्रता के बिना, विद्वान विवादास्पद या चुनौतीपूर्ण विषयों का पता लगाने में हिचकिचाएंगे, जिससे विचारों में ठहराव आएगा और स्थापित मानदंडों पर सवाल उठाने में अनिच्छा होगी। यह बौद्धिक जांच के उद्देश्य में बाधा डालता है।

आलोचनात्मक सोच और नवाचार को बढ़ावा देता है: शैक्षणिक स्वतंत्रता दृष्टिकोण, कार्यप्रणाली और सिद्धांतों की विविधता का पता लगाने की अनुमति देती है। यह खुला वातावरण आलोचनात्मक सोच, बौद्धिक बहस और विज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर मानविकी और सामाजिक न्याय तक विभिन्न क्षेत्रों में नए समाधानों और सफलताओं के विकास को प्रोत्साहित करता है।

शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करता है और उन्हें बनाए रखता है: अग्रणी विद्वान और शोधकर्ता ऐसे संस्थानों की ओर आकर्षित होते हैं जहाँ वे बिना किसी अनुचित हस्तक्षेप के अपने बौद्धिक हितों को आगे बढ़ा सकते हैं। शैक्षणिक स्वतंत्रता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता उच्च गुणवत्ता वाले संकाय और छात्रों के लिए एक चुंबक है, जो संस्थान की प्रतिष्ठा और क्षमताओं को बढ़ाता है।

शिक्षा और शोध की गुणवत्ता को बढ़ाता है: जब संकाय छात्रों की जरूरतों और रुचियों को पूरा करने के लिए अपने शिक्षण विधियों और पाठ्यक्रम सामग्री को अनुकूलित करने के लिए स्वतंत्र होते हैं, और जब शोधकर्ता कठोर और निष्पक्ष जांच कर सकते हैं, तो शिक्षा और शोध की समग्र गुणवत्ता में काफी सुधार होता है। यह सुनिश्चित करता है कि संस्थान अच्छी तरह से विकसित स्नातक और प्रभावशाली शोध का उत्पादन करता है।

संस्थानों को आम अच्छे की सेवा करने की अनुमति देता है: विश्वविद्यालय सार्वजनिक प्रवचन को सूचित करने, सत्ता को जवाबदेह ठहराने और सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शैक्षणिक स्वतंत्रता उन्हें शिक्षाविदों को सत्ता के सामने सच बोलने, स्वतंत्र विश्लेषण करने और पेशेवर नतीजों के डर के बिना सामाजिक और राजनीतिक आलोचना में संलग्न होने की अनुमति देकर इस भूमिका को पूरा करने में सक्षम बनाती है।

संस्थागत स्वायत्तता की रक्षा करता है: शैक्षणिक स्वतंत्रता संस्थागत स्वायत्तता से निकटता से जुड़ी हुई है यह एक बुनियादी सिद्धांत है जो किसी भी शैक्षणिक संस्थान की बौद्धिक जीवंतता, नवाचार और सामाजिक योगदान को रेखांकित करता है। इसके बिना, संस्थानों के प्रतिध्वनि कक्ष बनने, रचनात्मकता को दबाने और अंततः ज्ञान को आगे बढ़ाने और सार्वजनिक भलाई की सेवा करने के अपने मिशन में विफल होने का जोखिम है।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान**
**विश्वविद्यालय जयपुर**

# श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में नंद महोत्सव के दौरान हजारों भक्त उमड़े

**राजसमंद,** (निसं)। कांकरोली स्थित श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर में रविवार को नंद महोत्सव पर अद्भुत उल्लास और भक्ति का संगम देखने को मिला।

भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाने के लिए सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं गोपी-ग्वाल बाल मंदिर प्रांगण में जुटने शुरू हो गए थे। देखते ही देखते मंदिर का पूरा आंगन ग्वाल बालों से खचाखच भर गया। नंद महोत्सव की भव्य शुरुआत गोस्वामी परिवार द्वारा की गई। कीर्तनकारों के साथ गोस्वामी तृतीय गृह पीठाधीश्वर गोस्वामी पराग कुमार महाराज, गोस्वामी डॉ. वागीश कुमार महाराज, नैमिष कुमार, कपील कुमार, संजीव कुमार श्री बालकृष्ण लाल महाराज की गादी पर पहुंचे, जहां उनके सहायक मुखिया भगवान शर्मा नंदबाबा के रूप में बैठे थे। उनके साथ श्री द्वारकेश गौशाला के ग्वाल अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मौजूद थे। झांझ और पखावज की झनकार के साथ उन्हें मंदिर के रतन चौक में लाया गया और वहीं से नंद महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ।

मंदिर की तिवारी में सोने का पलना पधराया गया, जिसमें द्वारकाधीश प्रभु को विराजित किया गया। गोस्वामी कपिल कुमार के लालन अद्वव्य कुमार यशोदा मैया बने। नंद महोत्सव के दौरान नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। श्री प्रभु के जन्म की खुशी में सभी ग्वाल बाल हल्दी मिश्रित दूध और दही उछालकर इस महोत्सव को परवान चढ़ा रहे थे। वे एक-दूसरे को गले लगाकर खुशियां बांट रहे थे, जिसने उत्सव के आनंद को कई गुना बढ़ा दिया। इस अवसर पर गोस्वामी परिवार के सदस्यों ने भी रतन चौक में ग्वाल बालों के साथ ढोल नगाडों की थाप पर नाच-नाचकर श्री कृष्ण जन्म की खुशियां मनाईं। संपूर्ण रतन चौक श्री प्रभु की जय घोष के साथ गुंजायमान हो रहा था। दर्शनार्थी बारी-बारी से नंद महोत्सव के दर्शनों का आनंद लेते रहे, जो दोपहर 1:30 बजे तक चला। नंद महोत्सव के दर्शनों के बाद भी भक्तों का सैलाब कम नहीं हुआ और नित्य क्रम मंगला आरती के दर्शन भी निरंतर जारी रहे, जिससे सभी दर्शन सुचारु रूप से संपन्न हुए।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 18 अगस्त, 2025

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि दशमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, मृगशिरा नक्षत्र रात्रि 2:06 तक, हर्षण योग रात्रि 2:40 तक, वणिज करण प्रातः 6:24 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 2:40 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृष, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 2:06 तक है। आज भद्रा प्रातः 6:24 से सायं 5:27 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:40 तक, शुभ 9:17 से 10:54 तक, चर 2:07 से 3:44 तक, लाभ-अमृत 3:44 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:03, सूर्यास्त 6:58



**मेष**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।



**वृष**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आय में वृद्धि होगी।



**मिथुन**

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।



**कर्क**

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**सिंह**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।




**कन्या**

नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।



**तुला**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।



**वृश्चिक**

परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा।




**धनु**

विवादित मामलों से राहत मिले सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।



**मकर**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**कुंभ**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।



**मीन**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# नंदोत्सव में आनंद बरसाकर गाजे-बाजे से नगर भ्रमण पर निकले गोविंददेवजी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** भाद्रपद कृष्ण पक्ष नवमी, रविवार को ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी में नंदोत्सव का आयोजन भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह ठाकुर श्रीजी को केसरिया रंग की पोशाक, पुष्प शृंगार और विशेष अलंकार धारण कराए गए। धूप झांकी खुलते ही वेद मंत्रों के बीच अधिवास पूजन हुआ। इसके बाद श्रृंगार आरती और तिल-यवदान पूजन सम्पन्न हुआ।

मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में परंपरागत नंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर करीब एक हजार किलो कपड़े, फल, खिलौने, ट्रॉफियां की टोकरियां उत्साहित भक्तों के बीच उछाली गईं। नन्द के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। उछाल लूटने के लिए भक्तों में होड़ सी मच गई। जिसके पास जो भी सामान आया उसे पाकर धन्य हो उठा। जिसके पास ज्यादा आ गया उसने दूसरे को लुटा दिया। अपनों के बीच अपनों की खुशियों की इस उछाल का क्रम कई देर चला। शाम को ठाकुर श्रीजी की शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से रवाना हुई।

महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने विभिन्न संत-महंतों की उपस्थिति में आरती कर शोभायात्रा को प्रस्थान कराया। विशेष फूलों से सजे रथ पर



जयपुर के आराध्यदेव राधा-गोविंददेवजी मंदिर में नंदोत्सव पर छप्पन भोग की झांकी सजाई।

विराजमान ठाकुर श्रीजी जब बाहर निकले तो पूरा मार्ग श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया। शोभायात्रा में कुल 22 झांकियां शामिल हुईं। प्रथम पूज्य गणपति का प्रतीक हाथी पर पंचरंगा निशान थामे महावत के रूप में चल रहा था। ऊंट-घोड़ों का लवाजमा, बैलगाड़ी पर शहनाई वादन और बैंड-बाजों की स्वर लहरियों ने शोभायात्रा की भव्यता को बढ़ाया।

मुख्य झांकियों में गणेश जी, तिरुपति बालाजी, श्री अक्रूर जी, राधा-कृष्ण स्वरूप, षड्भुज महाप्रभु, राधारमण-मादनमोहन, गौर गोविंद महिला मंडल और गौसेवा झांकी प्रमुख आकर्षण रहीं।

शोभायात्रा मार्ग में सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत किया। भव्य स्वागत द्वार और मंच सजाए गए, जहां से पुष्पवर्षा की गई और ठाकुर श्रीजी की आरती उतारी गई। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक काली चरण सराफ, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य, जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, विभिन्न मंदिरों के संतों महंतों, व्यापार मंडलों

- **शोभायात्रा में उमड़ा भारी जनसैलाब, आराध्यदेव के जयकारों से गूंजी छोटी काशी**

के पदाधिकारियों , पुलिस प्रशासन के अधिकारियों, समाजसेवियों और आम लोगों ने ने विभिन्न स्थानों पर ठाकुर जी की आरती की। जगह-जगह हुए ठाकुर जी के स्वागत के कारण ढाई किलो मीटर की शोभायात्रा को मार्ग तय करने में करीब 6 घंटे लगे ।

गोविंद देवजी मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी के मार्गदर्शन में कीर्तन मंडलियां और भजन संकीर्तन समूह लगातार भक्ति रस बरसाते रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां, युवक एवं बालक-बालिकाएं शोभायात्रा में शामिल होकर हरे नाम संकीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाती हुई कीर्तन मंडली नृत्य करती हुई चल रही थी। हजारों श्रद्धालु ठाकुर श्रीजी की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दिए। मार्ग में लोगों ने फूलों की वर्षा और जयकारों से वातावरण को उल्लासमय बना दिया। भीड़ के बावजूद अनुशासन और भक्ति का अद्भुत सामंजस्य देखने को मिला।

# मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना के साथ किया गोविंददेवजी की शोभायात्रा का शुभारंभ



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन रविवार को श्री गोविंददेव जी मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन रविवार को श्री गोविंददेव जी मंदिर मेंविधिवत पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शर्मा ने शोभायात्रा के रथ में विराजमान जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंददेव जी के चित्रस्वरूप की पूजा अर्चना एवं आरती कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री के मंदिर में पहुंचने पर महंत ने उनका स्वागत किया। शर्मा ने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और

- **मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने भगवान गोविंददेव जी के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बनाया।**

उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने भगवान गोविंददेव जी के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकुंदाचार्य, जयपुर नगर निगम हैरिटेज महापौर कुसुम यादव सहित गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्री गोविंददेव जी मंदिर में प्रतिवर्ष जन्माष्टमी के दूसरे दिन धूम-धाम से नंदोत्सव मनाया जाता है और शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली जाती है। इस शोभायात्रा में विभिन्न मनमोहक झांकियां शामिल की जाती है।

# 'जयदेव पाठक राष्ट्रीय विचारों के शिल्पकार'

- **चरित्र, समाज और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है शिक्षा : विधानसभाध्यक्ष**
- **राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने किया श्रद्धेय जयदेव पाठक जन्म शताब्दी समारोह संगोष्ठी का आयोजन**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी सभागार में आयोजित जयदेव पाठक जन्म शताब्दी समारोह में कहा कि श्रद्धेय जयदेव पाठक के साथ उनका बहुत लंबा सफर रहा, वे उनके आदर्श है। शिक्षक संघ में कार्य करते हुए उनका सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने हमेशा स्वयं पर कम से कम खर्चा करते हुए, बहुत मित्तव्ययता से रहते हुए समाज को अधिक से अधिक देने का प्रयास किया। देवनानी ने कहा कि उन्हीं के दिए संस्कारों के कारण जीवन यात्रा में वे ऊंचाइयों तक पहुंच सके हैं। पाठक का जीवन राष्ट्र उत्थान को समर्पित रहा। वे समाज के आदर्श हैं। उनका संपूर्ण जीवन शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा। वे जीवन में स्वयं के प्रति बहुत कठोर थे लेकिन लोगों के लिए वे स्नेह और प्रेम की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने कहा की शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम ही नहीं है बल्कि यह बालक के चरित्र निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है।


देवनानी ने शिक्षक संघ राष्ट्रीय का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विशाल संगठन से जुडे कार्यकर्ता सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना को मन में रखते हुए बालक को शिक्षा के साथ नैतिकता, ईमानदारी और चरित्र का पाठ भी पढ़ाते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से पाठक जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आव्हान करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती और श्रद्धेय जयदेव पाठक के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से हुआ।

प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि संगठन द्वारा सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री बसंत जिंदल ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। उन्होंने संगठन की रीति- नीति, कार्यशैली पर प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों कर्तव्य बोध संगोष्ठी, नववर्ष कार्यक्रम, सामाजिक समरसता कार्यक्रम, गुरु वंदन कार्यक्रम, विमर्श कार्यशाला, संभाग विकास वर्ग एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर राजस्थान के 50 जिलों एवं 400 उपशाखाओ के सभी विद्यालयों में 1 सितंबर 2025 को मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित कर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण से संबंधित पांच संकल्प दिलाएगा। संपूर्ण देश में यह कार्यक्रम 5 लाख से अधिक विद्यालयों में होगा। यह कार्यक्रम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज होने जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवप्रसाद अखिल भारतीय मंत्री विद्या भारती ने श्रद्धेय जयदेव पाठक के जीवन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मैट्रिक परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद 1942 में वे अंग्रेजो के विरुद्ध भारत छोड़ो आंदोलन में कूद पड़े।

उन्होंने अपना घर छोड़ दिया और आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया। भोजन कभी मिला तो कर लिया नहीं तो चने चबाकर समय गुजारा, कभी सोने को जगह नहीं मिली तो रेल्वे प्लेट फार्म पर ही सो गए लेकिन देशभक्ति की चिंगारी को बुझने नहीं दिया। उन्होंने राजस्थान शिक्षक संघ को राज्य का सबसे बड़ा और प्रभावी संघठन बनाया। राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पण और अपने लिए कुछ न लेने का उत्कृष्ट उदाहरण पाठकजी में ही देखा जा सकता है। अपने श्रेष्ठ और कर्म मय जीवन से अनगिनत कार्यकर्ताओ को प्रेरणा देकर उस महापुरुष ने उनके जीवन को संस्कारित कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विमल प्रसाद अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर ने गुरु के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि हमे व्यक्ति की पूजा नहीं, बल्कि उसके गुणों की पूजा करनी चाहिए, पाठक जी जैसे महापुरुषों के सद्गुणों को जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य की सिद्धि के लिए उपकरणों का महत्व नहीं है, बल्कि व्यक्ति की साधना ही उसे परिणाम तक पहुंचाती हैं। अपने मन, बुद्धि और आत्मा को शुद्ध करके व्यष्टि, सृष्टि, समष्टि और परमेष्ठी चारो का एक दूसरे के साथ समन्वय कर व्यक्ति अपना सर्वांग विकास कर परम् वैभव की स्थिति तक पहुंच सकता है। संगठन के जयपुर संभाग उपाध्यक्ष जयराम जाट ने सभी अतिथियों शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महिला मंत्री गीता जैलिया ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



जयपुर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से रविवार को राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सांसद राठौड़ को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ''योग - विश्व को भारत की अनमोल भेंट'' पुस्तक भेंट की। दोनों ने साहित्य, समाज और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर पर चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने इस अवसर पर कहा कि विचार और संस्कृति से जुड़ा साहित्य समाज को नई दिशा देने का कार्य करता हैं।

## राज्यपाल ने आदिवासियों के मध्य मनाया अपना जन्म दिन

**जयपुर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अपना जन्म दिन आदिवासी लोगों के साथ मिल-बैठकर मनाया। अपने जन्म दिन की पूर्व सांझ वह सलूम्बर जिले के ग्राम बरोड़ा पहुंचे थे। रात्रि विश्राम भी उन्होंने आदिवासी गांव में ही किया। उन्होंने रात्रि में लोगों के साथ चौपाल की। खाट पर बैठकर जनजातीय लोगों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान जनजातीय समुदाय राज्यपाल को अपने बीच पाकर अभिभूत हो गया। बच्चों ने राज्यपाल के पास पहुंचकर उन्हें अपने सृजन कर्म से अवगत कराया। राज्यपाल ने भी बच्चों को दुलार देते हुए उनको प्रेरक कहानियां सुनाई। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने को जन्मदिन की बधाई दी।

## डॉ. सतीश पूनियां हरियाणा प्रवास पर

**जयपुर।** भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां सोमवार को एकदिवसीय हरियाणा प्रवास पर रहेंगे। डॉ. सतीश पूनियां सुबह 7 बजे जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा हरियाणा के लिये प्रस्थान करेंगे, जहां वह सुबह 11 बजे रेवाड़ी में भाजपा जिला संगठनात्मक बैठक और दोपहर 2:30 बजे नारनौल में महेंद्रगढ़ भाजपा जिला संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे। इस दौरान डॉ. सतीश पूनियां रेवाड़ी से लेकर नारनौल तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी करेंगे।

# झोटवाड़ा में 15.75 करोड़ की लागत से हाईटेंशन विद्युत लाइनें होंगी भूमिगत

**जयपुर ।** कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने झोटवाड़ा क्षेत्र में 15.75 करोड़ की लागत से हाई टेंशन लाइन को भूमिगत करने का काम किया है। इसके लिए स्थानीय लोगों ने मंत्री राठौड़ का धन्यवाद और आभार जताया। लोगों ने कहा कि हम लोग 22 साल से यहां रह रहे हैं और हाईटेंशन लाइन से बहुत परेशान थे और आज हम बहुत खुश हैं कि हमारा सपना पूरा हो रहा। मंत्री राठौड़ ने कहा कि 15.75 करोड़ की लागत से 132 केवी हाईटेंशन लाइन जल्द भूमिगत होगी। उन्होंने हाइटेंशन लाइन एरिया का निरीक्षण किया और कहा कि पहली बार झोटवाड़ा में 15.75 करोड़ का बजट इस जनहितैषी कार्य के लिए मंजूर हुआ।



कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने झोटवाड़ा क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन एरिया का निरीक्षण किया।

# मंत्री खर्रा ने प्रवासी राजस्थानियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया



नगरीय विकास मंत्री ने झाबर सिंह खर्रा ने पुणे में राजस्थान फाउंडेशन चैप्टर का शुभारंभ किया।

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा की गई घोषणा को साकार करते हुए पुणे में राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर की शुरुआत की गई। इस अवसर पर आयोजित प्रवासी राजस्थानी संवाद समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने राजस्थान फाउंडेशन के पुणे चैप्टर का औपचारिक शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में पुणे चैप्टर की कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम प्रवासी समुदाय के लिए न केवल अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर बना, बल्कि उन्हें राजस्थान सरकार की योजनाओं, निवेश संभावनाओं और सामाजिक-आर्थिक भागीदारी से भी जोड़ने वाला एक सशक्त मंच साबित हुआ।

राज्यमंत्री खर्रा ने पुणे चैप्टर के नव नियुक्त अध्यक्ष मंगल चौधरी व सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार प्रवासी राजस्थानियों को राज्य के विकास का अभिन्न अंग मानती है। प्रवासियों ने अपनी कर्मभूमि में मेहनत और प्रतिभा से नाम कमाया है और अब समय है कि वे अपने अनुभव, निवेश और वैश्विक नेटवर्क को अपनी मातृभूमि राजस्थान की प्रगति में साझा करें। खर्रा ने सभी प्रवासियों से आग्रह किया कि वे मातृभूमि से जुड़कर उद्योग, व्यापार और सामाजिक क्षेत्रों में निवेश एवं सहयोग बढ़ाएं। राजस्थान सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी।

राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने राजस्थान फाउंडेशन की गतिविधियों और राजस्थान सरकार द्वारा प्रवासियों के हितों की रक्षा के किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार इस वर्ष 10 दिसंबर को जयपुर में प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रवासी समुदाय के योगदान एवं उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने हेतु प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, नवगठित 14 चैप्टर्स के माध्यम से प्रवासी समुदाय को राज्य की कल्याणकारी योजनाओं और निवेश अवसरों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। । इस मौके पर सांसद पी. पी. चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर उपस्थित प्रवासियों को संबोधित किया और राजस्थान फाउंडेशन पुणे चैप्टर की पूरी टीम को बधाई दी।

# जेडीसी आनंदी के निर्देश पर मुख्यालय में लगाया विशेष समाधान शिविर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण के नागरिक सेवा केन्द्र में रविवार को विशेष समाधान शिविर लगाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य प्राधिकरण की ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित ऐसे मामलों का त्वरित और उचित निपटारा करना था जिनकी समय सीमा पूरी हो चुकी थी।

शिविर का निरीक्षण करते हुए जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से उन मामलों के लिए आयोजित किया गया था, जो लंबे समय से लंबित थे। उन्होंने कहा, ''हमने ऐसे प्रकरणो को प्राथमिकता से चुना है, जिनका अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच कई बार बिना किसी अंतिम निष्कर्ष के कारण घूमने से निस्तारण नहीं हो पाया है।'' जेडीसी ने बताया कि लंबे समय से लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु उपायुक्तो को प्रदत्त निर्देशानुसार चिह्नित 410 प्रकरणों के आवेदको को शिविर में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया गया। जेडीसी ने कहा कि इसका एक मुख्य कारण नियमों की अस्पष्टता या कई स्तरों से अनुमोदन प्राप्त करने में लगने वाला समय हो सकता है। ऐसे में, आम जनता को बेवजह परेशानी न हो, इसी उद्देश्य के साथ यह शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में जेडीए के सभी महत्वपूर्ण विभागों - जोन, विभिन्न सेल, वित्त, विधि और आयोजना शाखा के कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे, ताकि मौके पर ही निर्णय लेकर मामलों को अंतिम रूप दिया जा सके।

जेडीसी ने विश्वास जताया कि इस तरह के शिविरों से जेडीए के कामकाज में दक्षता बढ़ेगी। एक ही फाइल का बार-बार विभिन्न डेस्क पर आना कर्मचारियों का समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद करता है। उन्होंने बताया कि इस शिविर की घोषणा के बाद से ही, पिछले एक हफ्ते में कई मामलों का निपटारा किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा, जब तक कि लंबित मामलों की संख्या में कमी नहीं आती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन शिविरों से प्राप्त अनुभव के आधार पर, जेडीए उन कारणों को समझ पाएगा जिनकी वजह से देरी होती है और आने वाले समय में ऐसी समस्याओं को पहले ही निस्तारित कर लिया जाएगा।

अंततः एक समय ऐसा आएगा जब इस प्रकार के शिविरों की आवश्यकता ही नहीं पडेगी, क्योंकि जेडीए द्वारा इस तरह की पारदर्शी प्रणाली और एसओपी



जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने रविवार को जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में लगाए गए विशेष शिविर का निरीक्षण किया।

- **इसका उद्देश्य जेडीए की ऑनलाइन सेवाओं से संबधित प्रकरणों में त्वरित और उचित निपटारा करना था**
- **410 प्रकरणों के आवेदकों को शिविर में बुलाया गया था, जिनमें से 134 उपस्थित हुए**

लागू गई है, जिससे आमजन से जुड़े कार्यों में स्वतः ही पारदर्शिता और गति आ जाएगी। शिविर में 410 आवेदकों को आमंत्रित किया गया था। जिनमें से 134 उपस्थित हुए एवं 251 अनुपस्थित रहे। उक्त में से 188 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं 37 प्रकरणों को नियमानुसार कार्यवाही नहीं किए जाने की स्थिति में रद्द/ डिस्पोज किया गया। 105 प्रकरणों में आवेदक के स्तर पर कार्यवाही अपेक्षित हैं, उनके द्वारा प्रत्युत्तर प्राप्त होने पर प्रकरणों का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जाएगा एवं 34 प्रकरणों में जोन स्तर पर कार्यवाही की जानी प्रस्तावित है, जिनका भी शीघ्र निस्तारण कर दिया जाएगा।

# युवक की हत्या के मामले में अध्यापक सहित छह आरोपी गिरफ्तार

## गत दिनों किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद रैकी कर आरोपियों ने युवक की हत्या की थी

**उदयपुर, (निसं)।** जिले के पाटिया थाना क्षेत्र में घात लगाकर हथियारों से हमला कर युवक की हत्या करने के मामले में अध्यापक सहित छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित सोमेश्वर भगोरा उर्फ सोमा भगोरा पुत्र कावा निवासी मालीफला उखेड़ी थाना पाटिया ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी, जिसमें उसने बताया कि 12 अगस्त को मेरा भाई नवीन पुत्र कावा व गोविन्द पुत्र पूजा डबायचा बस स्टेण्ड से क्रूजर गाड़ी से आ रहे थे। माली फला पंचायत पुल के पास रात में दस से पन्द्रह बदमाश हथियार लेकर घात लगाए बैठे थे, जिन्होंने मेरे भाई की क्रूजर गाड़ी रूकवाकर व भाई को नीचे उतार कर कुल्हाड़ी, बीयर की बोतल, चाकू, लोहे की राड़, लठ व ताल घूसों से हमला कर भाई की हत्या कर दी। हमल में जहेश, धमेन्द्र, शैलेश, ब्रिजेश व लित के अलावा सात आठ अन्य बदमाश थे।

**■ पूछताछ में पता चला कि नवीन व आरोपी मित्र होकर एक ही गांव के रहने वाले थे**

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में पाटिया थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर रवीन भगोरा की रैकी कर हमला कर हत्या करने के मामले में खड़काया के जंगलों से आरोपी बालकृष्ण पुत्र अमृतलाल निवासी मालीफला उखेड़ी पाटिया, शैलेश कुमार पुत्र जीवा, ब्रजेश पुत्र लक्ष्मणलाल, धमेन्द्र कुमार पुत्र थावरचंद, गणेशल पुत्र अरजी तथा अध्यापक जहेश पुत्र अमृतलाल निवासी मालीफला उखेड़ी पाटिया को गिरफ्तार किया। बालकृष्ण के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, शैलेश कुमार के खिलाफ व धमेन्द्र कुमार के खिलाफ मारपीट के दो-दो, गणेशलाल के खिलाफ एक मारपीट का प्रकरण पूर्व में दर्ज है, जबकि जहेश सरकारी स्कूल में अध्यापक है। पूछताछ में पता चला कि नवीन व आरोपी मित्र होकर एक ही गांव के रहने वाले थे। गत दिनों किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद नवीन की रैकी कर आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

# नकली नोट गैंग का पर्दाफाश, दो युवक गिरफ्तार

## युवकों से 6 हजार रुपए के नकली नोट और 55 ग्राम एमडी बरामद हुई

**बीकानेर, (निसं)।** नशे का व्यापार करने वालों ने अब नकली नोटों की सप्लाई भी शुरू कर दी है। बीकानेर के नयाशहर पुलिस ने 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों से 6 हजार रुपए के नकली नोट और 55 ग्राम एमडी बरामद हुई है।

नयाशहर थाना प्रभारी विक्रम तिवाड़ी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद कुछ और खुलासे होने की उम्मीद की जा रही है। बीकानेर पुलिस को नावां पुलिस से सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार युवक नशीला पदार्थ लेकर आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंदी करवा दी। नयाशहर थाने के पास ईदगाह के आगे पुलिस ने स्कॉपियो को रोक कर तलाशी ली तो सूचना सही निकली।

एसएचओ विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि एक युवक रंगा कॉलोनी का रहने वाला सहीराम बिश्नोई पुत्र बीरबल राम है और दूसरा प्रेमसुख डेलू जंभेश्वर नगर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि युवक नशीला पदार्थ शहर में नशे के आदि युवकों को बचने के लिए लाए थे। उनके पास से कांटा भी मिला है। स्कॉर्पियो भी उन्हीं की है। दोनों के खिलाफ पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी के केस दर्ज हो चुके हैं। बीकानेर शहर में रहने वाले युवकों के पास से नकली नोट बरामद होने को गंभीरता से लिया जा रहा है। पुलिस इसी नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नशाखोरी के साथ ही नकली नोटों का धंधा भी बीकानेर में कैसे शुरू हो गया और कौन इसे कर रहा है। फिलहाल पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है।

# सब्जी बेच रही दो महिलाओं को कार ने कुचला, मौत

## महिलाओं को कुचलते हुए कार खाई में जाकर गिर गई, चालक मौके से फरार हुआ



गोगुंदा से उदयपुर रोड़ पर अनियंत्रित कार महिलाओं को कुचलते हुए खाई में जा गिरी।

**उदयपुर, (निसं)।** गोगुंदा से उदयपुर रोड़ पर अनियंत्रित कार घसियार रोड़ पर सब्जी बेच रही दो महिलाओं को कुचलते हुए खाई में जा गिरी। हादसे में दोनों महिलाओं की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सांय गोगुन्दा से उदयपुर आ रही अनियंत्रित कार ने घसियार श्रीनाथजी मंदिर के समीप सब्जी बेच रही दो महिलाओं को कुचलते हुए करीब दस फीट खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलने पर गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृतव में एएसआई बद्रीलाल, मोहनसिंह मय टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों महिलाओं को बाहर निकाला जब तक उनकी मौत हो चुकी थी, जबकि कार में सवार दो व्यक्ति विनय पुत्र दुर्गाशंकर निवासीगारियावास तथा मुरारी निवासी नवरत्न उदयपुर घायल हो गए, जिन्हें एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया है, जबकि मृतक महिलाओं के शवों को गोगुन्दा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर दोनों महिलाओं की मांगीबाई (40) पत्नी खेमराज गमेती निवासी खुमाणपुरा गोगुन्दा तथा नोजकी बाई (45) पत्नी पोखरजी गमेती निवासी खुमाणपुरा के रूप में शिनाख्त कर परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिनके आने पर सोमवार को मृतकों का पोस्टमार्टम होगा। कार गोगुन्दा से उदयपुर की तरफ आ रही थी। इस दौरान सब्जी बेच रही दोनों महिलाओं को कुचलते हुए खाई में जा गिरी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# 1200 प्रेगाबलीन कैप्सूल के साथ एक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के पदमपुर में पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत एक कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन के निर्देशन में पदमपुर पुलिस ने 1200 नशीले प्रेगाबलीन कैप्सूल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस नशीले कैप्सूल की खरीद फरोख्त के बारे में पूछताछ में जुटी हुई है।

पदमपुर थाना प्रभारी सुरेंद्र राणा के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल संत कुमार की टीम ने 21 बीबी को जाने वाली सड़क पर कार्रवाई करते हुए सीताराम (55) पुत्र पूर्णराम निवासी वार्ड नंबर 2, पदमपुर को गिरफ्तार किया है। सीताराम

**■ नशे के लिए की जा रही थी तस्करी, पुलिस कर रही पूछताछ**

के कब्जे से 1200 नशीले प्रेगाबलीन कैप्सूल बरामद किए गए, जो अवैध रूप से नशे के कारोबार में उपयोग किए जा रहे थे। मामले में आगे की जांच एएसआई हरजिंद्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सीमा संकल्प का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य श्रीगंगानगर को नशा मुक्त बनाना है।

# गैंगरेप के मामले में तीन जने गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आनंदपुरी थाना पुलिस ने युवती से गैंगरेप के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने बताया कि 12 अगस्त को पीड़ित युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात्रि में घर के पास दुकान पर चावल खरीदने जा रही थी तभी विद्यालय की ओट में छिपे हुए आरोपी उसे जबरन उठाकर ले गये तथा बारी-बारी से रेप किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर जोषी के सुपरविजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेष भारद्वाज व वृत्ताधिकारी संदीप सिंह शक्तावत के निकट पर्यवेक्षण में आनंदपुरी थानाधिकारी कपिल पाटीदार के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी पाटीदार ने बताया कि आरोपियों कालु उर्फ विजयपाल पुत्र दलजी डामोर, बहादुर पुत्र ईलुड़ा डामोर व पंकज पुत्र सोहन डामोर निवासियान सेरावाला से अनुसंधान व पूछताछ जारी है।

पुलिस टीम में आनंदपुरी थानाधिकारी कपिल पाटीदार, सहायक उपनिरीक्षक रतनलाल व महीपाल सिंह, हैड कांस्टेबल भुवनेष व महेषचन्द्र, कांस्टेबल संजय शामिल रहे।

# गांजे सहित भाई-बहन गिरफ्तार



बापचा पुलिस ने भाई-बहन को गांजा सहित गिरफ्तार किया।

**छबड़ा, (निसं)।** बापचा पुलिस ने भाई-बहन को 3.95 किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

बापचा थानाधिकारी बुद्धराम के अनुसार उनकेनेतृत्व में मय टीम के साथ मोतीपुरा चौकी पीएचसी के सामने नाकाबंदी की गई तो मोतीपुरा रेलवे स्टेशन की तरफ से एक युवक व युवती आते हुए नजर आए। युवक के कंधे पर नीले रंग का बैग व युवती के हाथ में काले व लाल रंग का बैग था, जो पुलिस जीप व जाप्ता को देखकर अचानक घूमकर जाने लगे, जिनकी गतिविधि संदिग्ध होने के कारण दोनो को डिटेन कर नाम व पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम पता लक्की यादव पुत्र हेमेन्द्र यादव व हिना यादव पुत्री हेमेन्द्र यादव निवासी लंका कॉलोनी बारां बताया। जिनकी तलाशी ली गई तो दोनों के बैगों में 2-2 टेप से चिपके हुए पैकेट मिले, जिन्हें खोलकर देखा तो गांजा भरा होना पाया।दोनो के कब्जे से मिले गांजे का तोल किया तो गांजे का वजन 3.95 किलोग्राम निकला। इस पर दोनों को मौके पर से गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# पंचायत समिति से बाइक चोरी

**छबड़ा, (निसं)।** कस्बे में पंचायत समिति परिसर में सरकारी क्वाटर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रविन्द्रसिह भाटी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि एक सप्ताह पूर्व उसकी बाइक पंचायत समिति परिसर में सरकारी क्वाटर के पास खड़ी थी। उस समय उसे अपने बच्चे को लेने आदर्श स्कूल जाना था, जब वहां देखा तो बाइक नहीं मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रोपर्टी डीलर के साथ मारपीट, दो गिरफ्तार

**छबड़ा, (निसं)।** प्रोपर्टी डीलर के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उपखंड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वहीं पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश कर रही है।

सीआई राजेश खटाना ने बताया कि प्रोपर्टी डीलर का काम करने वाले संजय ने 10-15 दिन पूर्व रामदयाल प्रजापत से एक भूखंड के दस्तावेज प्राप्त किए थे। सौदा बिगड़ने पर फाइल लौटाते समय दस्तावेज की कमी के चलते विवाद हो गया। इस पर पहले तो संजय शर्मा ने उसके साथ मारपीट की और थोड़ी देर बाद भाड़े के बदमाश संजू जोगी व मयंक शर्मा ने रामदयाल प्रजापत को राजू गुप्ता की दुकान में घुसकर बाहर निकाला और मारपीट कर डाली। पुलिस ने शनिवार को दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। संजय की तलाश जारी है।

# भाभी से दुष्कर्म करने का आरोपी देवर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक रेप के आरोपी और एक अवैध डोडा-पोस्त सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में भादरा पुलिस थाने में पांच अगस्त को एक महिला ने अपने देवर रोहिताश के खिलाफ शिकायत के दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने धमकाकर बलात्कार किया और अश्लील फोटो बना लीं। इसके बाद वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर लगातार बलात्कार करता रहा। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहिताश कुमार (32) को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरे मामले में खुईयां थाना पुलिस ने अवैध डोडा-पोस्त की सप्लाई के आरोपी चरणजीत सिंह को भीलवाड़ा के

**■ वहीं दूसरे मामले में डोडा-पोस्त की सप्लाई के आरोपी को गिरफ्तार किया**

काछोला से गिरफ्तार किया। यह मामला 12 अगस्त को पल्लू थाने में दर्ज किया गया था। इससे पहले 22 जुलाई को पुलिस ने जगतार सिंह (40) को 18 किलोग्राम डोडा-पोस्त के साथ पकड़ा था। पूछताछ में जगतार सिंह ने डोडा-पोस्त चरणजीत सिंह से खरीदना बताया था। दोनों मामलों में पुलिस टीमों ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई की। पहले मामले में वीरचंद उप निरीक्षक की टीम में सुभाष और मदन कॉन्स्टेबल शामिल थे। दूसरे मामले में कॉन्स्टेबल मंगल सिंह का विशेष योगदान रहा।

# सड़क हादसे में पांच साल की बच्ची की मौत

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के खाजूवाला में रविवार को एक तेज बोलेरो कैम्पर गाड़ी ने पांच वर्ष की बच्ची को रौंद दिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची का शव अब खाजूवाला के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार 18 केजीडी नहर की पुलिया के पास खाजूवाला से दंतौर जा रही एक निजी बस अचानक सामने आ गई। बस सफेद बोलेरो कैम्पर को देखकर अनियंत्रित हो गई। इसी निजी बस में सवार एक महिला की पांच वर्षीय बच्ची हाथ से छूटकर सड़क पर जा गिरी। इसी दौरान अनियंत्रित हुई बालेरो कैम्पर उसके ऊपर से निकल गई। बच्ची को पूरी तरह रौंद दिया,

**■ बस अनियंत्रित हुई तो बच्ची से मां का हाथ छूट गया, बच्ची सड़क पर गिरी तो बोलेरो ने रौंदा**

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव क्षत-विक्षत हो गया। कुछ सैकंड पहले जो बच्ची अपनी मां के हाथ में थी, वो इस हादसे में दुनिया ही छोड़ गई। मृतक बच्ची 17 केएचएम की निवासी बताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद सफेद रंग की बोलेरो कैंपर मौके से फरार हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात बोलेरो कैंपर की तलाश में जुटी हुई है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। खाजूवाला पुलिस ने इसके लिए नाकाबंदी भी की है, ताकि गाड़ी को जब्त किया जा सके।

**चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार** श्रीगंगानगर के कोतवाली पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर एलईडी टीवी चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकित तुली निवासी शिवालिक सेकंड के तौर पर हुई है। जांच अधिकारी दर्शन सिंह ने बताया कि इंद्राज ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 5 जुलाई की रात को कोई अज्ञात व्यक्ति मकान का ताला तोड़कर एलईडी टीवी चोरी कर ले गया। मामले में साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार किया।

# जुआ राशि सहित चार गिरफ्तार

**छबड़ा, (निसं)।** पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग बारह हजार की जुआ राशि जब्त की। सीआई राजेश खटाना के अनुसार राजा खान, रईस, हेमराज साहू, शानू निवासी छबड़ा को ताश के पत्तो पर दांव लगाने के आरोप में गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 11 हजार 800 रुपए की जुआ राशि बरामद की है।

# दुष्कर्मी गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** बहला-फुसला कर युवती को जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा विधि से संघर्षरत तीन अपचारियों को डिटेन किया है।

प्रकरण के अनुसार 15 अगस्त को युवती को उसके मित्र बहला-फुसला कर जंगल में ले गए, जहां आरोपियों ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर एसपी के निर्देशन में फलासिया थानाधिकारी सीताराम के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विक्रमसिंह पुत्र मोहनसिंह निवासी उणियारा फलासिया को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत तीन बाल अपचारियों को डिटेन कर बाल सम्प्रेषण गृह भिजवाया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चे सामर्थ्य में किसी से कम नहीं हैं : शिक्षा मंत्री दिलावर

**कोटा, (निसं)।** समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत रविवार को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय छात्रावास, डाईट परिसर में विशेष आवश्यकता वाले 34 विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह उपकरण एलिम्को (एएलआईएमसीओ), कानपुर से प्राप्त हुए, जिन्हें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्वयं बच्चों को सौंपा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चे सामर्थ्य में किसी से कम नहीं है। उनमें कई विशिष्ट खूबियां होती है और इतिहास साक्षी है कि विशेष योग्यता वाले जनों ने सृष्टि के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि यह छात्र देश का भविष्य हैं और राष्ट्र के विकास में उनका योगदान अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आत्मनिर्भर भारत के लिए कृत संकल्पित हैं। दिव्यांग बच्चों को समाज की




कोटा में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय छात्रावास, डाईट परिसर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दिव्यांग विद्यार्थियों को आवश्यक उपकरण प्रदान किये।

मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति की सामर्थ्य के अनुसार सेवा करें और मानवता का परिचय दें। यह सभी लोगों की परीक्षा है कि किस प्रकार से जरूरतमंद की मदद कर हम ईश्वर द्वारा दिए गए मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं। शिक्षा मंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं

**■ समावेशी शिक्षा के तहत 34 दिव्यांग विद्यार्थियों को उपकरण दिये**

का अधिक से अधिक उपयोग करें और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए पॉलिथिन का प्रयोग न करें तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से प्रत्येक छात्र के साथ खड़ी है उन्होंने कहा राज्य सरकार "सबका साथ, सबका विकास" के उद्देश्य के साथ पूर्ण संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में 3,54,987 रुपये लागत के उपकरण वितरित किए गए। इनमें दो बैट्री ऑपरेटेड मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल, एक सी.पी. चेयर विद कमोड, 12 टी.एल.एम. किट, तीन ट्राइसाइकिल, दो विजुअली इम्पेयर्ड किट, सात व्हील चेयर, तीन रोलैटर, एक ब्रेल किट तथा पांच उपकरण (केएएफओ, एएफओ, बीटीई) शामिल रहे।

# फैक्टरी में मिक्सचर मशीन से मिस्त्री की मौत, धरना दिया

## परिजनों को 22 लाख के मुआवजे पर सहमति बनी, चिरंजीवी योजना का भी लाभ मिलेगा

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के संगरिया क्षेत्र स्थित मानकसर गांव की बीजी स्लीपर फैक्टरी में एक मिस्त्री की मौत हो गई।

बख्तावर ढाणी निवासी गुरजंट सिंह (43) मिक्सचर मशीन की सफाई कर रहे थे। मशीन के पास पड़ी नंगी तारों में अचानक करंट आने से मशीन चालू हो गई। इस दौरान गुरजंट मशीन की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक छा गया। परिजन, ग्रामीण और फैक्टरी के मजदूर फैक्टरी के बाहर एकत्र हो गए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर गोदारा के नेतृत्व में धरना दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने फैक्टरी में सुरक्षा के उचित इंतजाम न होने का आरोप लगाया। संगरिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। फैक्टरी प्रबंधन, प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बातचीत हुई। फैक्टरी मालिक

**■ मिक्सचर मशीन की सफाई कर रहा था मिस्त्री, मशीन के पास पड़ी नंगी तारों में अचानक करंट आने से मशीन चालू हो गई, इस दौरान चपेट में आ गया**

ने मृतक के परिजनों को 22 लाख रुपए मुआवजा देने की सहमति दी। प्रशासन ने चिरंजीवी योजना के तहत मिलने वाले फायदा भी दिलाने का आश्वासन दिया। मांगों पर सहमति बनने के बाद धरना समाप्त हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**तस्कर ने अफीम नेपाल बॉर्डर से सप्लाई की बात कबूली :** श्रीगंगानगर में अफीम तस्करी के आरोप में सादुलशहर पुलिस की ओर से पकड़ा गया विकास सहरावत निवासी गांव बढमलिक, सोनीपत न्यायालय के आदेश पर 22 अगस्त तक पुलिस रिमांड पर रहेगा। आरोपी बुधवार रात को क्रेटा गाड़ी में 4.976 किलोग्राम अफीम ले जाते हुए पकड़ा गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बिहार से अफीम लाने की बात कही है। अब पुलिस टीम बिहार-नेपाल बॉर्डर पर स्थित जिले में जांच के लिए गई है। इससे अफीम के सप्लाई नेटवर्क के बारे में जानकारी मिल पाएगी। गौरतलब है कि सदर पुलिस की नाकाबंदी तोड़कर भागे विकास सहरावत को सादुलशहर पुलिस ने गद्दरखेड़ा की तरफ लिंक रोड पर गिरफ्तार किया था।

# पांच वर्ष की बेटी को गोद में लेकर मां ने तीसरी मंजिल से छलांग लगाई

## इस हादसे में बच्ची की मौत हो गयी, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हैं

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा इलाके में पांच वर्षीय की बेटी को गोद में लेकर मां ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इस हादसे में बच्ची की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर घायल हो गई। जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर महिला के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए हत्या मामला दर्ज करवाया है कि उसकी बहन को दहेज के लिए परेशान करते थे और उसे छत से धक्का देकर गिराया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर पूछताछ करने में जुटी है।

■ **मृतका के भाई ने अपने जीजा के खिलाफ दहेज प्रताडना का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया**

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि घटना 14 अगस्त की है। जहां पांच वर्षीय बच्ची प्रियांशी को उसकी मां मंजू मीणा (32) घर की तीसरी मंजिल की छत से कूद गई। इस हादसे में पांच वर्षीय बच्ची प्रियांशी की मौत हो गई और उसकी मां मंजू मीणा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज चल रहा है।

इधर खैरथल-तिजारा जिले के खैरथल निवासी अजय कुमार ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी बहन मंजू की शादी करीब 13 साल पहले मुरलीपुरा स्कीम के दधीचि नगर निवासी रविंद्र कुमार (35) के साथ हुई थी। रविंद्र और मंजू के प्रियांशी के अलावा 12 साल का एक बेटा भी है। रविंद्र सीकर के रींगस में रहकर प्रॉपर्टी का कारोबार करता है। मंजू अपने बच्चों,सास-ससुर और देवर-देवरानी के साथ मुरलीपुरा स्कीम में रहती है।

पीड़ित का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज को लेकर मंजू को परेशान करते थे। मारपीट कर दहेज के लिए दबाव बनाया जाता था। कई बार रुपए देकर रिश्ते को बचाने की कोशिश की गई। लेकिन उसके बाद भी उनके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया।

14 अगस्त को मंजू का पति रविंद्र से मोबाइल फोन पर झगड़ा हुआ था। गुस्से में रविंद्र ने मंजू को धमकाया और घर आकर देख लेने को कहा। इसके बाद रात को रविंद्र घर आया। तब मंजू बेटा और बेटी के साथ मकान की तीसरी मंजिल की छत पर थी। रविंद्र ने घर आकर मंजू से झगड़ा किया। इसी दौरान मंजू ने बेटी प्रियांशी को गोद में लेकर छत से छलांग लगा दी। जमीन पर गिरने से मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। लहूलुहान हालत में पडौसियों की मदद से दोनों को मुरलीपुरा स्थित अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत नाजुक होने पर प्रियांशी को एमएमएस अस्पताल हॉस्पिटल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने प्रियांशी को मृत घोषित कर दिया। घायल मंजू का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। भाई अजय का आरोप है कि दहेज के लिए मंजू को प्रताड़ित किया जाता था। तीसरी मंजिल की छत पर बेटी प्रियांशी को गोद में लेकर खड़ी मंजू को धक्का देकर छत से गिराया गया है। पुलिस ने शिकायत पर हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। पुलिस ने शनिवार रात आरोपी पति रविंद्र कुमार को गिरफ्तार किया।

# कल्याण ज्वैलर्स से सोने के कंगन चुराने वाली महिला गिरफ्तार



आरोपी अंजू चौपड़ा ( बीच में )

**जयपुर** । विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कल्याण ज्वैलर्स से गोल्ड के कंगन चुराने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग की एक महिला को दिल्ली से पकडा है। आरोपित महिला के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कल्याण ज्वैलर्स गवर्मेंट हॉस्टल अजमेर रोड जयपुर से गोल्ड के कंगन चुराने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग की शातिर महिला अंजू चौपडा (40) निवासी दिल्ली को पकडा है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि अन्तर्राज्यीय महिला चोरी की योजना के साथ ट्रेन से दिल्ली से रवाना होकर टार्गेटेड स्थान (जयपुर) आती थी और दिन भर ज्वेलरी दुकानों-शौरूम्स के अंदर जाकर गोल्ड के कंगन-गहने देखने के लिए मांगती है।

स्टाफ से नये कंगन लेकर अपने हाथों में पहन कर देखती है तथा पहले से ही स्वयं के हाथों में पहने हुए आर्टिफिशियल कंगन उतार कर उनकी रेट के संबंध में मोल भाव कर ज्वैलरी शोरूम स्टाफ को अपनी बातों में व्यस्त कर लेती और फिर मौका पाकर असली गोल्ड के कंगन हाथों में ही पहन कर फरार हो जाती है। आरोपित महिला पूर्व में जयपुर में तनिष्क शोरूम एमआई रोड इलाका थाना जालूपुरा जयपुर में चोरी की वारदात को अंजाम देने में गिरफ्तार हो चुकी है। इसके अलावा आरोपित महिला ने जौहरी बाजार, टोंक रोड, वैशाली नगर में भी कई ज्वैलरी शोरूम में इस प्रकार की वारदात करने का प्रयास किया गया है।

## सार-समाचार

### शिविर में 155 लोगों ने किया रक्तदान



**जयपुर** । महावर वैश्य सेवा संस्था जयपुर की ओर से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मोती डूंगरी रोड स्थित संस्था भवन में झंडारोहण कार्यक्रम और 16वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया। नवयुवक संस्था के अध्यक्ष मुदित गुप्ता ने बताया कि शिविर में 155 लोगों ने रक्तदान किया। युवा टीम के सभी सदस्यों सहित जयपुर शहर व आसपास के लोगों ने रक्तदान के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाजबंधु प्रदीप गुप्ता (उपाध्यक्ष धर्मार्थ ट्रस्ट) द्वारा संचालित उद्योग मै. बालाजी इम्पेक्स, दुदु के 21 कर्मचारियों द्वारा एक वेशभूषा में पधारकर स्वैच्छिक रक्तदान करना विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विभिन्न पत्रकार बन्धुओं ने भी उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश चंद गुप्ता और अति विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार गुप्ता मुख्य वित्त नियंत्रक, जे.सी.टी.एस.एल., जयपुर रहे। रक्त संकलन का कार्य मोनार्क ब्लड बैंक की अनुभवी चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री महावर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट जयपुर के अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, महासचिव विनोद गुप्ता, पूर्व ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीनिवास गुप्ता, संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुप्ता एवं महावर वैश्य समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने मनाई जन्माष्टमी



**जयपुर** । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा 16 अगस्त को स्वर्ण महल - मरुधर विहार, खातीपुरा तिराहा, सिरसी रोड पर एक भव्य एवं भावपूर्ण सत्संग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को भक्ति और आनंद के साथ मनाया। शाम 6 बजे आरंभ हुए इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक और गायक डॉक्टर सौरव शेखावत और उनके साथियों द्वारा गए गए भजनों ने भक्ति संगीत के इस मौके को खास बना दिया। उपस्थित जनों ने मधुर भजनों के साथ झूमकर श्रीकृष्ण की आराधना की। इसके बाद पारंपरिक 56 भोग की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी भक्तों ने घर से लाए हुए व्यंजनों से प्रसाद का आनंद लिया। कार्यक्रम का आकर्षण हांडी प्रसाद रहा, जिसने उत्सव को और भी रोचक और पारंपरिक स्वरूप प्रदान किया। आयोजन स्थल रंग-बिरंगे परिधानों से सजे भक्तों के कारण एक जीवंत और रंगीन दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। भक्तों की उमंग और भक्ति से भरा यह आयोजन न केवल एक आध्यात्मिक अनुभव बना, बल्कि आपसी भाईचारे और आनंद का संदेश भी दे गया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस उत्सव को सफल बनाने में सभी की सहभागिता महत्वपूर्ण रही।

### राजेश चंद्र भीमवाल का हुआ सम्मान



**जयपुर** । स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। 15 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी-प्रथम राजेश चन्द्र भीमवाल को उनके उत्कृष्ट कार्यों और समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित स्वाधीनता दिवस समारोह में राजेश चंद्र भीमवाल सहित कोषागार, राजस्व शाखा, लेखा शाखा, रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत 50 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### हरे कृष्णा मंदिर का भक्तिपूर्ण आयोजन



**जयपुर** । हरे कृष्णा मंदिर ट्रस्ट की स्थानीय इकाई हरे कृष्णा केन्द्र के तत्वावधान में टैगोर पब्लिक स्कूल के सभागार में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एक बड़े उत्सव के रूप में मनाई गई। इस अनुष्ठान पर आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत एक श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित एक आकर्षक वीडियो शो के साथ हुई। इस मौके पर श्रीकृष्ण भक्तों द्वारा हरिनाम संकीर्तन और सुरीले भजनों की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध गायिका श्रीमती सुचिता डे ने वैष्णव भक्ति रस से सराबोर भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति द्वारा श्रीकृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का मनोहारी चित्रण किया। श्रीमती डे की प्रस्तुति में केन्द्र की महिला मंडली भी शरीक हुई जिससे इस संगीतमय कार्यक्रम में सुरीले स्वरमाधुर्य से सम्पूर्ण वातावरण सरस हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान टैगोर पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्रों ने श्री कृष्ण लीला और कंस वध पर एक लघु नाटिका का मंचन कर अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

### उजागर सिंह डाबला बने प्रदेशाध्यक्ष



**जयपुर** । श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन राजधानी जयपुर में आयोजित हुआ। इस मौके पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी मौजूद रही। सम्मेलन में नए राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने उजागर सिंह डाबला को राजस्थान का नया प्रदेशाध्यक्ष घोषित किया। उजागर सिंह का सम्मान देवेंद्र सिंह जाखली ने किया।

### घर में घुसकर विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर** । शिवदासपुरा थाना इलाके में विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर परिचित युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहे एसीपी चाकसू सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विवाहिता का आरोप है कि परिचित होने के कारण आरोपित युवक से बातचीत होती रहती थी। 14 अगस्त को वो घर पर अकेली थी। इसी दौरान परिचित युवक घर पर आया और उसे अकेला पाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली -गलौच करते हुए बदनाम करने की धमकी दी। परिजनों के घर लौटने पर विवाहिता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने पीड़िता को थाने ले जाकर आरोपित परिचित के खिलाफ दुष्कर्म आर एससीएटी एक्ट का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरु कर दी है।

# 'वार्ड 48 में चार मंदिर और पार्कों का विकास कार्य पूर्ण'



**पार्षद कुमकुम कुमकुम शक्तिसिंह मानपुरा ने रघुनाथ विहार अम्बेश्वर महादेव मंदिर पार्क में इंटरलॉकिंग टाईल्स के कार्य का शुभारंभ किया।**

**जयपुर** । झोटवाड़ा स्थित वार्ड 48 के मंदिर व पार्कों का विकास कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा शुरू करवाया गया था, जिनमें से चार मंदिर, पार्कों का विकास कार्य पूर्ण होने के बाद विकास की एक और कड़ी जुड़ गई है। यह कहना है पार्षद कुमकुम कुमकुम शक्तिसिंह मानपुरा का।

उन्होंने रविवार को रघुनाथ विहार अम्बेश्वर महादेव मंदिर पार्क में इंटरलॉकिंग टाईल्स के कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इन सभी मंदिर पार्कों में 24 लाख रुपए खर्च किए जा रहे है। इससे पहले इंजीनियर्स कॉलोनी महादेव मंदिर, संस्कार विहार दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर, मंगल नगर महादेव मंदिर, जनक विहार भौमया जी मंदिर पार्क के कार्य सम्पूर्ण हो चुके है। शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि इन सभी का उद्घाटन जल्द ही मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में रघुनाथ विहार विकास समितियों के तीनों अध्यक्ष सुरेंद्र नेमीवाल, सीताराम सिंह दिवराला, बलबीर सिंह खेतड़ी, अम्बाला लाल कटारिया, सुरेश सिंह चौहान, भवानी सिंह राजावत, रमेश सैनी, महेंद्र सिंह शेखावत,राजेंद्र सिंह शेखावत, राजेश चौधरी, ईश्वर सिंह बाघोली, संजय चटवानी, रघुवीर सिंह गुड्डा, सुरेश मीणा, नरपत सिंह, अजय सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह चावरा मौजूद थे।

## पुलिस ने जेवर चुराने वाले बदमाश इंदौर से दबोचे

**जयपुर** । श्याम नगर थाना पुलिस ने चाबी बनाने के बहाने घर में घुसकर चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को एक किलोमीटर दूर तक पीछा करते हुए गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के गहने भी बरामद किए है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों ने अन्य चोरी की वारदातों को लेकर गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों में चाबी बनाने का झांसा देकर अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाले नानग सिंह पटवा उर्फ अन्ना (22) निवासी बड़वानी मध्य प्रदेश और सतपाल सिंह उर्फ जसपाल उर्फ जस्सू (19) निवासी द्वारकापुरी इंदौर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के 16 ग्राम सोने के आभूषण भी बरामद किए है।

# हैरिटेज महापौर के बेटे की कार पेड़ से टकराई

## शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि सीकर रोड स्थित मुरलीपुरा इलाके की घटना

**जयपुर** (कासं)। सीकर रोड पर शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि जयपुर महापौर कुसुम यादव के बेटे की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। जिसके बाद कार पलट गई। गनीमत रही कि कार में सवार चारों युवकों को मामूली सी चोट आई। बताया जा रहा है कि चार दोस्त पार्टी कर अपने घर लौट रहे थे। तभी ड्राइविंग करते समय बातचीत के दौरान कार का संतुलन बिगड़ गया। शनिवार देर रात जयपुर हैरिटेज महापौर कुसुम यादव का बेटा अपने तीन दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी कर घर लौट रहा था। बताया जा रहा है शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि महापौर का बेटा देवांश अपने तीन दोस्तों के साथ सीकर पर जन्मदिन की पार्टी कर घर लौट रहा था। तभी बातचीत करते वक्त ध्यान भटक गया और तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ढेर के बालाजी के पास पेड से टकरा गई। टक्कर के बाद पेड़ टूटने के साथ ही एक्सयूवी कार रोड पर पलटी खा गई। राहगीरों ने कार में सवार चारों दोस्तों को जैसे-तैसे बाहर निकाला। कार का रजिस्ट्रेशन महापौर के पति अजय यादव के नाम से है। हादसे के मौके पर पहुंची क्रेन ने क्षतिग्रस्त कार को रोड से साइड में किया।

■ **कार सवार चारों युवकों को आई मामूली चोट**

# अमित अनुपम संग कलाकारों ने गाए गुलजार के लिखे तराने



**जयपुर** । बॉलीवुड के मशहूर गीतकार गुलजार के जन्मदिन पर शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में हुए खास कार्यक्रम में बेहतरीन नगमों के गुल खिल उठे। मौका था रविवार को संगीत आश्रम संस्थान की ओर से संजोए सांस्कृतिक कार्यक्रम का। इसमें चुनिंदा वरिष्ठ कलाकारों संग अन्य कलाकारों ने अपनी आवाज में गुलजार के लिखे गीतों को अपनी आवाज में सजाया। इससे पहले केक काटकर गुलजारजी का जन्मदिन सेलिब्रेट किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ म्यूजिक डायरेक्टर व सिंगर अमित अनुपम ने अपनी पुरकशिश आवाज में आपकी आँखों में कुछ..., वो शाम अजीब थी..., कोई होता अपना होता...जैसे गीतों की सुरीली प्रस्तुति देकर श्रोताओं के दिलों को छू लिया। इसी प्रकार वनिता हीरानी ने तुम पुकार लो... और आशीष सोनी ने मुसाफिर हूं यारों..., कविता सिसोदिया ने नाम गुम हो जाएगा..., जयति कुमारी ने आने वाला पल जाने वाला... समेत वनिता हीरानी और आशीष सोनी ने युगल गीत रोज रोज आंखें तले...की दिलकश प्रस्तुति देकर माहौल को गुलजार कर दिया। संचालन वीना अनुपम ने किया। गिटार पर दिशा शर्मा व हारमोनियम पर अमित अनुपम ने असरदार संगत की।

## स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने युवक को कुचला

**जयपुर** । मुरलीपुरा थाना इलाके में एक युवक की कुचलकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी चंद्रशेखर के रूप में हुई है, जो जयपुर में मजदूरी करता था।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल के मुताबिक शनिवार की देर शाम को स्कॉर्पियो में सवार होकर कुछ युवक के मुरलीपुरा से होते हुए सीकर रोड की तरफ जा रहे थे। इस दौरान सीकर रोड के पास रोड नंबर 5 पर स्कॉर्पियो गाड़ी एक कार से भिड़ गई। इसके बाद स्कॉर्पियो में सवार युवक बाहर निकले और लाठी-डंडों से दूसरी कार के शीशे तोड़ दिए। इस हरकत से मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और स्कॉर्पियो सवार लोगों को को घेर लिया। इसी दौरान भागने के प्रयास में स्कॉर्पियो सवार युवकों ने गाड़ी भीड़ पर चढ़ा दी और मजदूर चंद्रशेखर को कुचल दिया। जहां अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पूरा मामला पास के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। पुलिस गाड़ी के नंबर के आधार पर आरोपियों को ढूंढ रही है।

# मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मिला एस.पी.जी. का प्रतिनिधिमंडल



**जयपुर (कासं)**। सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रीवांसेज़ (एसपीजी) इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मुलाकात की। अध्यक्ष प्रो. बी. डी. रावत ने बताया कि हमनेराजस्थान सरकार की स्मार्ट सिटी अभियान से एसपीजी इंडिया टीम के सदस्यों को जोड़ने के प्रस्ताव पर चर्चा की। प्रो. रावत ने मंत्री खर्रा को पूरे राजस्थान में एसपीजी इंडिया के विशाल नेटवर्क और संगठन द्वारा पिछले 22 वर्षों से सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक क्षेत्र एवं ज़रूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने जैसे उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी। एसपीजी इंडिया के महासचिव डॉ. गोविंद रावत (वरिष्ठ अधिवक्ता) ने बताया कि मंत्री खर्रा ने हमारे प्रस्ताव को ध्यानपूर्वक सुना। समिति ने जयपुर में एसपीजी इंडिया के कार्यालय के लिए भूमि आवंटित करने की भी मांग की, ताकि संगठन से जुड़े सुधारात्मक कार्यों का समन्वय हो सके व ज़रूरतमंदों को आवश्यकताओं के अनुसार प्रतिनिधियों से सीधे मिल सके। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गिर्राज देवी ने कहा कि आने वाले तीन महीनों में संगठन पूरे प्रदेश में युवा सुधार कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा, क्योंकि युवा ही भारत का भविष्य है।

## घर में घुसकर व्यवसायी की कार में आग लगाई

**जयपुर** । आमेर इलाके में अज्ञात बदमाशों ने कुंडा चेक पोस्ट से आगे ढाब का नला,टल्ले वाले हनुमानजी मंदिर के पास रहने वाले प्रॉपर्टी कारोबारी के घर में खड़ी दो लग्जरी कारों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिसके बाद अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए। आग की लपेटों को देख ग्रामीणों ने शोर मचा कर परिवार के लोगों को नींद से जगाया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों की आवाज सुन पीड़ित घर से बाहर आया और ग्रामीणों की मदद से कार पर पानी डाल आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि वारदात के बाद पीड़ित ने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे तो उसमें एक युवक मुंह पर सफेद कपड़ा बांधे हुए हाथ में पेट्रोल की बोतल लिए घर में घुसता हुआ दिखाई दिया।अज्ञात बदमाश ने घर में खड़ी दोनो कारों पर पेट्रोल डाला और आग लगा कर फरार हो गया। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रविवार सुबह एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए।

# जे.डी.ए. की सरकारी जमीन से खुलेआम मिट्टी चुरा रहे माफिया

## जोन-12 स्थित केदार विहार और अवंतिका विहार स्कीम का मामला



**जयपुर** । राजधानी में जयपुर विकास प्राधिकरण की बेशकीमती सरकारी जमीनों से माफिया खुलेआम मिट्टी चुरा रहे है। दिन-रात धडल्ले से डंपर भरकर मिट्टी ले जायी जा रही है और बाजार में बेची जा रही है। मामला जोन-12 की केदार विहार और अवंतिका विहार का है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बावजूद भी जेडीए प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

सूत्रों के मुताबिक जयपुर विकास प्राधिकरण की जोन-12 में अवंतिका विहार और केदार विहार योजना है। यहां जेडीए की सरकारी जमीन पर पिछले कई दिनों से रेत माफिया खुले आम अवैध खनन करके मिट्टी के डंपर भरकर ले जा रहे है। बताया जा रहा है कि यहां पर जयपुर विकास प्राधिकरण जल्द ही खुली नीलामी के जरिए जमीनें बेचेगा। इसके अलावा जमीनों के समतलीकरण के लिए भी एक फर्म को केदार विहार में काम दिया हुआ है, जिसे सरकारी जमीन की ऊंची और उबड़-खाबड़ जमीन को समतल करने तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों से मिट्टी खोदकर खड्डे अथवा निचले क्षेत्रों में जेडीए के प्लॉट्स में डालनी है।

इस संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण के अभियांत्रिकी निदेशक अजय गर्ग से बात की गई तो उन्होंने कहा कि, यह प्रकरण हमारे संज्ञान में आते ही संबंधित जोन उपायुक्त और मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन को सूचित कर दिया गया है। जेडीए की सरकारी जमीन से मिट्टी खनन करने और वहां से डंपर भरकर अन्यत्र ले जाने का किसी को अधिकार नहीं है।

# धारदार चाकू से गला रेतकर ई-रिक्शा चालक की हत्या


■ **मुहाना क्षेत्र में राजावत फॉर्म हाउस के पास सड़क किनारे मिला युवक का शव**

**जयपुर** । मुहाना स्थित राजावत फॉर्म के पीछे शनिवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने एक रिक्शा चालक की धारदार चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। खाली प्लॉट में शव पड़ा देख सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से रविवार सुबह पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

थानाधिकारी गुरु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मालपुरा गेट, दुसाद नगर सांगानेर निवासी मनोज कुमार 33 ई - रिक्शा चलाकर अपनी जीवन यापन कर रहा था। शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे राजावत फॉर्म हाउस के पीछे रोड किनारे उसका शव पड़ा था। सुनसान रोड से गुजरने वाले राहगीरों को लहूलुहान हालत में रोड किनारे शव पड़ा दिखा। युवक का मर्डर होने का पता चलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मुहाना थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। जांच करने पर धारदार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या करना सामने आया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसकी जेब में 8 सौ रुपए बरामद हुए और आधार कार्ड के आधार पर पुलिस ने उसकी शिनाख्त कर मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी। वहीं रोड के साइड में उसका ई-रिक्शा खड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने ई-रिक्शा में बैठे होने के दौरान ही धारदार चाकू से मनोज का गला रेत था। जिसे उसकी श्वास नली कट गई। लेकिन गला कटने के बाद भी मनोज ने खुद को बचाने के लिए 20 मीटर तक की दौड़ लगाई। जिसके बाद वो अचेत होकर गिर गया।




## Embracing Life's Happy Accidents

Serendipity Day celebrates the joy of unexpected discoveries and happy accidents that enrich life in surprising ways. Observed annually on August 18, it encourages people to remain open to possibilities rather than rigidly following plans. The term 'serendipity,' coined by Horace Walpole in the 18th century, refers to finding something valuable while not specifically seeking it. On this day, people are reminded that chance encounters, unplanned events, and unforeseen opportunities can lead to meaningful connections, creative ideas, or personal growth. Embracing spontaneity, exploring new paths, and welcoming surprises are central to honouring the spirit of Serendipity Day.

राष्ट्रदूत
MONDAY
18 August 2025
A-B

#OLIVE TREES

# Timeless Giants

## The World's Oldest Olive Trees!





Olive trees are renowned for their longevity and resilience, often living for several centuries and even millennia. Among these ancient trees, the title of the oldest olive tree in the world is a subject of fascination and mystery. Various olive trees across the Mediterranean region claim to be the oldest, with some dating back thousands of years, making them living witnesses to human history and culture.

### What Makes Olive Trees Special?

Olive trees (Olea europaea) are hardy and adaptable, able to thrive in poor soil and harsh climatic conditions typical of the Mediterranean basin. Their ability to regenerate from old roots, even after the trunk is damaged or cut down, has helped many of these trees survive for centuries. This unique resilience has made olive trees symbols of peace, wisdom, and endurance in many cultures.

### The Contenders for the Oldest Olive Tree

Several olive trees around the Mediterranean claim to be the oldest in the world, but exact dating is challenging due to the difficulty in determining the age of very old trees accurately.

1. **The Olive Tree of Vouves, Crete, Greece**
   **One** of the most famous ancient olive trees stands in the village of Vouves on the Greek island of Crete. This tree is estimated to be between 2,000 and 3,000 years old. Still producing olives today, it is a revered natural monument and an important part of local heritage.


2. **The Olive Tree of Al Walaja, Palestine**
   **In** the West Bank village of Al Walaja, an olive tree is believed to be around 5,000 years old, which would make it potentially the oldest olive tree in the world. This ancient tree has survived through millennia, witnessing countless historical events and human civilizations.

3. **The Olive Tree of Spain (Souto de San Xulián, Galicia)**
   **Spain** also hosts ancient olive trees, with some specimens believed to be over 1,000 years old. These trees contribute to Spain's rich tradition of olive cultivation and olive oil production.

### Why Are These Trees Important?

Beyond their age, these ancient olive trees are living symbols of human history, culture, and nature's endurance. Olive trees have sustained civilizations by providing food, oil, and wood, and they feature prominently in religious texts, mythology, and art.


The oldest olive trees connect us to our ancestors and remind us of the importance of preserving nature and heritage. Many of these trees are protected by local and international conservation efforts to ensure that they continue to live for generations to come. While it is difficult to declare one olive tree as the definitive oldest, the ancient olive trees of Crete, Palestine, and Spain each tell stories of resilience and continuity. They stand as living monuments to the passage of time, bridging past and present with their deep roots and enduring branches. These venerable trees inspire awe and respect, symbolizing the enduring bond between humans and nature.



# "Yeh duniya agar mil bhi jaye to kya hai…"

Guru Dutt, being a Karnataki, was an ardent fan of two Bs, one Bimal Roy and other Bengalis. Incidentally or accidentally, Geeta Roy was then beautiful and a fabulous singer. So, it was inevitable and Guru married Gita in a typical Bengali way. Alas, the ending was similarly very bad. Waheeda and Guru were not involved in a scandalous affair, but there was obvious affection between the two. The kind where people around them could tell that something was brewing, but no one dared ask them anything about it. They cared for each other, but they never declared their love from the rooftops.









Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

It was his eyes, he spoke through, and the cinematography, most of the times, the storyline would elude the spectators as in the case of 'Kaagaz ke phool.' The haunting lyrics from *Pyaasa* still echo in the hearts of millions, and with them, the memory of a cinematic genius, Guru Dutt. As we marked his 100th birth anniversary on July 9, 2025, the world of cinema came together to honour not just a filmmaker, but a visionary who transformed Indian film into an art form of lyrical and emotional resonance.

Born in 1925 in Bangalore (then part of the Madras Presidency), Vasanth Kumar Shivashankar Padukone, who would later become known as Guru Dutt, was much more than a director or actor. He was a poet of the screen, a craftsman who carved cinema with light and shadow, silence and music, longing and despair.

### Early Life and Entry into Films

Guru Dutt's journey into cinema was marked by an early exposure to art and performance. After studying at Uday Shankar's dance academy in Almora, he began working in various capacities in the film industry, including choreography, editing, and acting. His early collaborations with Dev Anand and involvement with the studio Navketan Films led to his directorial debut in *Baazi* (1951).

Even in these early years, his style began to show: moody lighting, introspective characters, and a strong integration of music and narrative, a template that would evolve into his signature style.

### Pyaasa (1957): The Voice of the Rejected

Guru Dutt's 1957 classic *Pyaasa* remains one of the most powerful commentaries on the disillusionment of artists in a materialistic world. He played the role of Vijay, a struggling poet whose verses are scorned until he is presumed dead. The film's soul-stirring songs, written by Sahir Ludhianvi and sung by Mohammed Rafi, like 'Yeh Duniya Agar Mil Bhi Jaye To Kya Hai,' struck a chord with anyone who felt alienated by society's hollow values.

Pyaasa was not just a film; it was a philosophical statement, a fusion of narrative, visual poetry, and music, that spoke of loneliness, rejection, and a yearning for truth in a world ruled by greed and hypocrisy.

### Kaagaz Ke Phool (1959): A Masterpiece Ahead of Its Time

*Kaagaz Ke Phool*, considered India's first film shot in Cinemascope, is often hailed as Guru Dutt's most autobiographical work. It tells the story of a film director whose life collapses under the weight of fame, societal judgment, and lost love. Though it was not commercially successful during its time, today, it is recognized as a cinematic gem, visually stunning and thematically profound. The iconic scene where Guru Dutt sits in a beam of light as 'Waqt Ne Kiya Kya Haseen Sitam' plays in the background, is now one of the most celebrated images in Indian cinematic history. The film's commercial failure deeply affected him, and he never officially directed another film again, though his creative spirit remained evident in his later works.



Guru and Geeta's wedding.

#GURU DUTT



Waheeda Rehman (left), Guru Dutt (center) and his wife, singer Geeta Dutt (right).



Waheeda Rehman made her debut in Hindi films with Guru Dutt's CID.

### Sahib Bibi Aur Ghulam : A Study in Decay and Desire

Though directed by Abrar Alvi, *Sahib Bibi Aur Ghulam* bore the unmistakable imprint of Guru Dutt's vision. The film delved into the crumbling feudal culture of 19th-century Bengal through the lens of unfulfilled desires, gender roles, and societal transformation. Meena Kumari's portrayal of the tragic Chhoti Bahu is legendary, but it was Guru Dutt's sensitive production and atmospheric framing that elevated the film into a classic. It won the President's Gold Medal for Best Feature Film and was India's official entry to the Oscars that year.

### The Auteur and His Art

Guru Dutt was not merely a filmmaker, he was an auteur in the truest sense. His films were not products of formula, but deeply personal expressions of thought, sorrow, and beauty. He was heavily influenced by Bengali literature, European cinema, and the neo-realist movement, yet his storytelling was unmistakably Indian, rich in emotional texture and cultural nuance.

### A Life of Inner Turmoil

Guru Dutt, being a Karnataki, was an ardent fan of two Bs, one Bimal Roy and other Bengalis. Incidentally or accidentally, Geeta Roy was then beautiful and a fabulous singer. So, it was inevitable and Guru married Gita in a typical Bengali way. Alas, the ending was similarly very bad.

Waheeda and Guru were not involved in a scandalous affair, but there was obvious affection between the two. The kind where people around them could tell that something was brewing, but no one dared ask them anything about it. They cared for each other, but they never declared their love from the rooftops. He was married, and she was a teenager. In 'Ten Years with Guru Dutt: Abrar Alvi's Journey,' by Sathya Saran, Abrar recalled how Mumtaz Begum was worried about the future of their relationship. "Abrar, what will happen to my daughter? I worry about her." Her fears were well-founded. "My daughter is not the type to flit from man to man, and he is a married man," she would say to me. "She tells me that he says he will give up his life for her. She knew I was close to Guru Dutt and probably hoped I would ask him about his intentions," he recalled.



### Guru Dutt didn't kiss and tell

After the success of Pyaasa, Guru Dutt cast Waheeda Rehman in his autobiographical film, Kaagaz Ke Phool. Their relationship, which started with him being a mentor, was slowly evolving into something more meaningful, more personal. Abrar, in his chats with Sathya, shared that Waheeda and Guru were quite respectful towards each other and never spoke about their relationship to anyone else.

It was poetic that Guru was making a film on his life, where he played the protagonist, and the woman he cast as the so-called 'other woman' in the film, was the one who was being seen in a similar light in his marriage with Geeta Dutt. His marriage went through many rocky patches, and at one point, Geeta was convinced that his relationship with Waheeda would be end of their marriage. Much like Shanti in Kaagaz Ke Phool, Waheeda had no intention of ruining someone's marriage, which is why she often repeated, "His work came first, then his wife and children. He was obsessed with filmmaking."

During this phase of his life, Guru Dutt's personal life was in turmoil. Abrar shared with Sathya Saran that his associates, and those who worked with him, believed that Guru and Waheeda would be perfect for each other, and so, they encouraged their relationship from the wings. "Many of us in the unit felt that Waheeda was infinitely more suitable as a partner for Guru Dutt than his wife, Geeta. Guru Dutt's mother, too, shared our opinion."

### Guru Dutt dropped Waheeda like a hot brick

It was during the shoot of Sahib Bibi Aur Ghulam that Guru and Geeta's relationship hit another rough patch as Guru learnt that she might be having an affair. As soon as he suspected Geeta, he 'dropped Waheeda like a hot brick.' 'To let Geeta back into his life, Guru Dutt had dropped Waheeda like a hot brick. He made the sacrifice to assuage his hurt male ego,' Abrar recalled and shared that he asked Guru why he was abandoning Waheeda 'for no real reason.' After they parted ways, Abrar wanted to call Waheeda to the studio one more time, for a final shot in Sahib Bibi Aur Ghulam but she just wouldn't agree. "I will not step inside that studio," she declared. He persuaded and insisted, and she ultimately agreed but put forth a few conditions. "I will not let him touch me, I will not talk, or have any dialogues," she said, as per Abrar. He designed the scene as per her conditions, and she finally arrived.

After Sahib Bibi Aur Ghulam wrapped, Guru and Waheeda went on their separate paths. They only met once, at the film's screening at the Berlin Film Festival, a year after its release. After that meeting in 1963, she never saw him again. He passed away in October 1964. His relationship with his wife collapsed, just like it had collapsed before, and he died a broken, lonely man, just like his autobiographical character from Kaagaz Ke Phool.

### Legacy: A Timeless Influence

Today, Guru Dutt's films are studied in film schools across the world. Directors like Martin Scorsese, Satyajit Ray, Mani Ratnam, and Anurag Kashyap have cited him as a major influence. His blend of poetic narrative, strong female characters, and visual brilliance has made his work timeless.

The BFI (British Film Institute) ranks Pyaasa and Kaagaz Ke Phool among the greatest films ever made. His style is emulated, his music still cherished, and his themes remain deeply relevant, be it the loneliness of the artist, the exploitation of women, or the crumbling of old moral orders. As we commemorate 100 years of Guru Dutt, we are not merely remembering a filmmaker, we are celebrating a philosopher of cinema, a painter of emotion, and a poet of human experience. His films continue to hold a mirror to society, asking the uncomfortable yet necessary questions: What is success? What is love? What does it mean to be human in a world that often rewards cruelty over compassion?

Guru Dutt's last day was October 10, 1964, when he was found dead in his Mumbai apartment at the age of 39. The cause of death was officially ruled as a combination of sleeping pills and alcohol, though whether it was suicide or an accidental overdose remains a subject of speculation according to some. Guru Dutt had a history of depression and had reportedly attempted suicide before. His personal life was marked by a troubled marriage and career setbacks, which are believed to have contributed to his struggles. His final hours involved a meeting with Dev Anand to discuss a potential film, and a phone call with his estranged wife, Geeta Dutt, about their children. The unfinished film 'Baharen Phir Bhi Aayengi' was later completed by his brother, Atma Ram, and Dharmendra.

His traumatic relationship with his wife Geeta Dutt, and the birth of his daughter, who he was desperate to come back to him, as his wife had deserted him over many real and unhappy issues, was his last conversation. He had rung up Geeta and warned her. He wanted her to bring back their daughter, and had said to her, "Bring her back with you or you'll see my dead face tomorrow." Distraught Geeta had repeated this the next morning upon receiving news of his death. But, Guru Dutt lives on, not only in celluloid but in the hearts of all who yearn for a cinema that speaks to the soul.

rajeshsharma1049@gmail.com




By the end of Sahib Bibi Aur Ghulam, Guru Dutt and Waheeda Rehman were not even on talking terms.

#TEMPLE

# Shri Narbadeshwar Shiva Temple

## A Unique Spiritual Landmark in Lakhimpur Kheri, Uttar Pradesh

The temple embodies a harmonious blend of art, devotion, and history, serving as a living repository of ancient beliefs adapted to local contexts





Nestled in the Lakhimpur Kheri district of Uttar Pradesh, the Shri Narbadeshwar Shiva Temple stands as a singularly unique and culturally significant religious site in India. This temple is renowned for its rare and extraordinary depiction of Lord Shiva seated on the back of a frog, a representation unparalleled anywhere else in the country. Complementing this exceptional iconography is the figure of Nandi Maharaj, the sacred bull who is Lord Shiva's traditional mount, depicted in a rare standing posture, which further distinguishes this temple from others.

The temple traces its origins back to the mid-19th century when it was constructed under the patronage of the Chauhan king of the OEL region between 1860 and 1870. This period of construction links the temple to a significant era in local history, reflecting the devotion, artistry, and cultural values of the time. The Chauhan rulers were known for their contributions to architecture and religious institutions, and the Shri Narbadeshwar Shiva Temple stands as a lasting testament to their patronage.




What makes the Shri Narbadeshwar Shiva Temple particularly fascinating is its unique spiritual symbolism and artistic expression. Typically, Lord Shiva is portrayed seated on a tiger skin or a bull, but here, the choice of a frog as his seat offers a profound insight into localized religious traditions and beliefs. Frogs, often symbolizing fertility, transformation, and connection with water bodies, might have held special significance for the community, suggesting a syncretism of nature worship and classical Shaivism.


In addition to Lord Shiva's unusual seat, the presence of Nandi Maharaj in an upright standing posture is rare in itself. Traditionally, Nandi is shown reclining or seated, calmly gazing towards Shiva. The standing form here perhaps symbolizes vigilance, readiness, and a dynamic aspect of devotion, inviting devotees to witness this unique interpretation of a sacred figure.

The temple's location in Lakhimpur Kheri makes it an important spiritual destination for locals and visitors alike. Pilgrims come not only to offer their prayers but also to marvel at the temple's distinct iconography and architecture. Its serene atmosphere and historical significance create a spiritual ambiance that continues to inspire faith and reverence among devotees.

Over the decades, Shri Narbadeshwar Shiva Temple has retained its status as a cultural and religious landmark. It highlights the rich diversity of India's religious heritage, demonstrating how regional traditions can create distinctive and meaningful forms of worship. The temple embodies a harmonious blend of art, devotion, and history, serving as a living repository of ancient beliefs adapted to local contexts.



THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

## दिया कुमारी ने पीडब्ल्यूडी, पर्यटन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय दौरे पर रही। इस अवसर पर उन्होंने गुलाबपुरा उपखंड कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), पर्यटन विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों से चल रहे कार्यों की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुँचे। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय में पूरे किए जायें, पर्यटन से जुड़े विकास कार्यों को गति दी जाए तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएँ धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हों।




**उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुलाबपुरा उपखंड कार्यालय में पीडब्ल्यूडी, पर्यटन विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

- **उप मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी से जुड़ी शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिये कि लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाए**

उप मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी से जुड़ी शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिये कि गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध रूप से कार्य नहीं करने वाले लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी फील्ड में रहकर स्वयं मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बताया कि सेवा ऐप को शीघ्र ही आमजन के लिए खोला जाएगा। साथ ही पीडब्ल्यूडी द्वारा किए गए नवाचार की सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि भीलवाड़ा जिले से जुड़ी शेष रही बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी नहीं की जाए। उन्होंने कॉरपोरेट और कंपनियों को अपनी सीएसआर राशि को जनहित के कार्यों में खर्च करने का भी आव्हान किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ियों की स्थिति में सुधार लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। इसके लिए भामाशाहों को प्रोत्साहित करें कि वे आंगनबाड़ियों में मरम्मत व जीर्णोद्धार के कार्य शुरू करें। पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार जिले के पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। आसींद के देवनारायण मंदिर सहित 20 अन्य मंदिर व आस्था केंद्रों के विकास हेतु प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत 48 करोड़ की राशि से शीघ्र ही कार्य शुरू किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिलान्यास एवं उद्घाटन संबंधी सूचनाएँ समय पर जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई जाए तथा आमजन से सीधा संवाद बनाए रखते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बैठक में विभागवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जिस पर उप मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि निरंतर समीक्षा एवं समयबद्ध क्रियान्वयन से आमजन का विश्वास और मजबूत होगा।

बैठक से पूर्व उपखंड कार्यालय परिसर पहुंचने पर पुलिस दल ने उपमुख्यमंत्री को सलामी दी। जिला कलेक्टर ने बुके व पौधा भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कार्यालय परिसर क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

समीक्षा बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, आसींद विधायक जब्बर सिंह, सहाड़ा विधायक लादूलाल पीतलिया, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा, अतिरिक्त कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा, उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह चुंडावत, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता संदीप झवर, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक प्रद्युम्न सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लावारिस नवजात प्रकरण में नया मोड़ आया, मामले की जांच जारी

- **नवजात की मां खुद पुलिस के पास पहुंची और रोते हुए आप बीती बताई**

**बोरावड़, (निसं)।** मकराना थाना क्षेत्र के बोरावड़ कस्बे में करीब 20 दिन पहले गणेश डूंगरी के पास मिले नवजात शिशु के मामले में जन्मदायिनी मां मिलने के बाद घटना में नया मोड़ आ गया है। नवजात की मां खुद पुलिस के पास पहुंची और रोते हुए अपनी आप बीती बताते हुए नवजात को छीन कर ले जाने और उसे मारपीट कर तीन दिन तक बंधक बनाए रखने, नवजात को मारने के उद्वेश्य से सुनसान जगह पर कंटीली झाड़ियों में लावारिश पटक देने का बड़ा खुलासा करते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ शिकायत पेश कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और उसे अपना पुत्र वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित मां की बात सुन खुद स्तब्ध है और घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को तलाश रही है। वहीं जब तक कि अपराधी पकड़ा नहीं जाता और डी एन ए रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक नवजात को मां को नहीं सौंप जा सकता।

नवजात को गंभीर हालत में स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए राजकीय चिकित्सालय बोरावड़ में प्राथमिक उपचार देकर अजमेर जेएलएन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। नवजात शिशु के बिल्कुल स्वस्थ होने पर उसके लालन-पालन के लिए बाल शिशु गृह नागौर को दो दिन पहले पुलिस की मौजूदगी में शिशु बाल कल्याण समिति नागौर को सुपुर्द किया गया है। मां ने कहा कि मैं कुमाता नहीं, शादी का झांसा देकर मेरे साथ छल किया गया। नवजात शिशु की मां तिजूड़ी (35) पत्नी स्व. नारु बागरिया निवासी बीलू रोड बोरावड़ ने कहा कि मैं कुमाता नहीं, नौ माह कोख में बच्चे को पाला है, जन्म दिया है। मैं विधवा हूं चार चार बच्चे की मां हूं, अपनी सास के साथ रहती हूं, मेरे साथ पप्पूराम पुत्र गुलाब बागरिया बागरिया ने पहले मुझसे दोस्ती की, उसके संपर्क में रहने से गर्भवती हो गई। उसने मुझसे शादी करने का वादा किया, गर्भवती होने पर मैने उस पर समाज में बदनामी के डर से पप्पूराम पर शादी करने का दवाब दिया, तो पप्पूराम मुझे शादी का विश्वास दिलाता रहा। संतान ने जन्म दिया तो वह मेरे साथ मारपीट कर मेरी गोद से नवजात बच्चे को छीन कर ले गया। मुझे बंधक बनाकर रखा, बच्चा सुरक्षित होने की बात कही।

नवजात की मां तिजूड़ी ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई शाम को मेरे पेट में दर्द होने पर पप्पूराम मुझे कसाईयों के मोहल्ले में दाई के पास लेकर आया, जहां शाम को सात बजे मेरे बच्चा हुआ, जिसको लेकर में अपने डेरा जा रही थी तभी पप्पूराम मिला जो मोटरसाइकिल पर बैठाकर छोड़ने की बात की तथा रावण चबूतरा के पास पप्पूराम ने मेरे से जबरदस्ती मेरे बच्चे को छीनकर ले गया और बोला कि मेरे भाई को दे दिया, तू मेरे साथ चल तथा जबरदस्ती मुझे खेतों में लेकर चला गया। वहां बंधक बना कर रखा। मैने दो तीन बार बच्चे को दूध पिलाने की बात बोली तो मुझे बोला कि उसे मेरे भाई के पास छोड़ रखा है जहां बकरी का दूध पिला रहे हैं। 27 जुलाई रात को पप्पूराम ने अधिक शराब पी रखी थी, बदहवास था तो में भागकर अपनी सास के पास पहुंची और पूरी बात बताई। पप्पूराम ने मेरा मोबाइल भी छीनकर अपने पास रख लिया। तिजूड़ी ने पुलिस को बताया कि पप्पूराम ने मेरे पुत्र नवजात को मारने के उद्वेश्य से मेरे से छीनकर फेंक दिया और मुझे डरा-धमकाकर अपने पास बंधक रखा व मुझे भी मारने की चेष्टा कर रहा है। मुझे और मेरे परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। घटना को लगभग 20 दिन होने जा रहे हैं, लेकिन घटना को अंजाम देने वाले आरोपी आज तक भी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं।

बाल कल्याण समिति नागौर के न्यायपीठ अध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि यदि किसी नवजात शिशु को लावारिस हालत में पाया जाता है और उसे बाल कल्याण समिति को सौंपा जाता है, तो मां के मिलने पर उसे वापस सौंपने की प्रक्रिया में कई कानूनी और सामाजिक पहलू शामिल हैं। सीडब्ल्यूसी का मुख्य उद्देश्य बच्चे का सर्वोत्तम हित सुनिश्चित करना है, जिसमें सुरक्षित घर और देखभाल प्रदान करना शामिल है। बच्चे को सीडब्ल्यूसी को सौंपने के बाद, समिति बच्चे की जांच करती है और उसके माता-पिता या कानूनी अभिभावकों का पता लगाने की कोशिश करती है। यदि बच्चे की मां मिल जाती है, तो सीडब्ल्यूसी बच्चे को मां को वापस सौंपने से पहले बच्चे और मां का डीएनए मिलान के अलावा कई कानूनी और सामाजिक पहलुओं पर विचार करेगी, जिसमें बच्चे की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना शामिल है। यदि बच्चे को वापस नहीं सौंपा जाता है, तो सीडब्ल्यूसी बच्चे के लिए स्थायी घर ढूंढने की कोशिश करेगी, जिसमें दत्तक ग्रहण या पालक देखभाल शामिल हो सकती है।

## बजरी की खान धंसी, हादसा टला

**नोखा, (निसं)।** कस्बे में रविवार को एक बजरी खान धंस गई। इस घटना से वहां एक गहरा गड्ढा बन गया। प्रशासन की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई। प्रशासन ने पहले से ही क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर रखी थी। एक अगस्त को पहली खान धंसने के बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की थी। नगर पालिका कार्यवाहक ईओ और तहसीलदार चंद्रशेखर टाक ने सिनेमा हॉल के पीछे स्थित खदानों के आसपास के मकान खाली करवाए हैं। उन्होंने वहां रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थान पर जाने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका ने खतरनाक मकानों को चिह्नित किया। इन मकानों पर चेतावनी लिखी गई कि ये जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं, इनके पास जाने से दुर्घटना हो सकती है। नोखा में बजरी की पुरानी खानों पर अभी भी सैकड़ों परिवार रह रहे हैं। बारिश के मौसम में प्रशासन की अपील के बावजूद लोग वहां से नहीं जा रहे।

# हाइवे पर कार पलटी, दो युवक गंभीर घायल

- **सिर में गंभीर चोट के कारण हायर सेंटर रेफर किया**

**अनूपगढ़, (निसं)।** नेशनल हाइवे 911 पर गांव 15 ए के बस स्टैंड के पास शनिवार रात एक बजे एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को कार से निकालकर अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉ. रघुवीर मेहरा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल संदीप कुमार और साहिल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

घटना की जानकारी देते हुए पूरन सिंह धंजू ने बताया कि कार अनूपगढ़ से घडसाना की ओर जा रही थी। अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क से 10 फीट दूर गड्ढे में जा गिरी। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि हादसे में घायल संदीप लखेसर (27) वार्ड नंबर 17 का रहने वाला है। दूसरा घायल साहिल (25) अनूपगढ़ का निवासी है। गंभीर हालत के कारण दोनों युवकों के बयान नहीं लिए जा सके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**तेल टैंकर व ट्रक की टक्कर से टैंकर से ऑयल लीक हुआ :** यहां नोखा में रासीसर तालरीया बास बस स्टैंड के पास रात को नेशनल हाइवे-62 पर एक बड़ा हादसा हो गया। पेट्रोल से भरे टैंकर ने स्कूटी को बचाने के प्रयास में एक ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इससे टैंकर से तेल रिसने लगा। ड्राइवर ने तुरंत टैंकर को रोक दिया। स्थानीय निवासी रामनिवास सीगड़ ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा के लिए हाइवे पर रेत बिछाई गई। किसी बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए पुलिस ने दोनों तरफ से रास्ता बंद कर दिया। जाम की वजह से बीकानेर से नोखा की तरफ आने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गईं। रात करीब दो बजे जाम खुला। हादसे में स्कूटी सवार दिनेश घायल हो गया। उसका बीकानेर में इलाज चल रहा है। टैंकर में पेट्रोल भरा था, जबकि ट्रक में ग्रीट लदी हुई थी।

# सात देशों के 2700 धावकों ने 21.9 किमी की दौड़ लगाई

- **7वीं दादी प्रकाशमणि आबू इंटरनेशनल हाफ मैराथन में धावकों ने आबूरोड से माउंट आबू के लिए दौड़ लगाई**
- **प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जोधपुर के 24 वर्षीय युवक देवाराम रहे, जिन्होंने 1 घंटा 19 मिनट, 40 सेकंड में दौड़ पूरी की**
- **वहीं द्वितीय स्थान पर गुजरात के अनिल बमबानिया रहे, जिन्होंने 1 घंटा 21 मिनट 44 सेकंड में दौड़ पूरी की, तीसरे स्थान पर जैसलमेर के मुकेश कुमार रहे**

**जालोर/आबूरोड, (कासं)।** 7वीं दादी प्रकाशमणि आबू इंटरनेशनल हाफ मैराथन में रविवार को सात देशों के 2700 धावकों ने आबूरोड से माउंट आबू के लिए 21.9 किमी की दौड़ लगाई। मैराथन के नियत समय साढे तीन घंटे की अवधि में दो हजार धावक फिनिशिंग पाइंट तक पहुंचे। वहीं 700 धावक आधी दौड़ ही पूरी कर पाए। ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त) विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में इस मैराथन का आयोजन किया गया है। मैराथन में 3500 धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जोधपुर के 24 वर्षीय युवक देवाराम रहे, जिन्होंने 1 घंटा 19 मिनट, 40 सेकंड में दौड़ पूरी की।

मैराथन को सुबह 6 बजे मनमोहिनीवन परिसर के गेट नंबर दो से जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, पिंडवाडा विधायक समाराम गरासिया, रेवदर विधायक मोतीराम कोली और ब्रह्माकुमारी के अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा भाई, अतिरिक्त महासचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन के समन्वयक बीके सचिन भाई और बीके भानु भाई ने बताया कि धावकों के लिए हर एक किमी में एक रिफ्रेशमेंट पाइंट बनाया गया था, जिसमें नींबू पानी, ग्लूकोज, एनर्जी ड्रिंक आदि की व्यवस्था की गई थी। इन पाइंट पर आबू रोड रोटरी क्लब, माउंट आबू भाजपा मंडल, अर्बुद ब्राह्मण समाज, राजपूत समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने वालेंटियर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा ग्लोबल हॉस्पिटल माउंट आबू और ट्रामा सेंटर आबू रोड के मेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। दो एंबुलेंस धावकों के साथ पूरे समय चलती रहीं।

मैराथन को लेकर आबूरोड और माउंट आबू पुलिसबल ने पूरी मुस्तैदी के साथ सुरक्षा का जिम्मा संभाल रखा था। जिला प्रशासन के अधिकारी भी पूरे समय अलर्ट मोड पर रहे। मैराथन में सबसे खास बात 18 वर्ष के युवाओं से लेकर 72 वर्ष के बुजुर्गों ने भाग लिया। इसमें भारत के सभी राज्यों सहित खासतौर से साउथ अफ्रीका, ब्रिटेन लंदन, केनिया, दुबई, इथोपिया के रनर्स ने भाग लिया। कुछ धावक प्रोफेशनल्स थे तो कुछ शौकिया तौर पर स्वस्थ रहने के लिए दौड़ते हैं। इसमें लडकियां और महिलाओं ने भी बडे उत्साह के साथ भाग लिया। ओम शांति भवन माउंट आबू में दौड़ पूरी होने के बाद समापन समारोह आयोजित किया गया, जहां विजेताओं को पुरस्कार राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर आयोजित की गई यह हाफ मैराथन ब्रह्माकुमारी का सराहनीय कदम है। लोगों में स्वास्थ्य जागरुकता के लिए ऐसे आयोजनों की जरूरत है। पिंडवाढा विधायक समाराम गरासिया ने कहा कि गर्व की बात है कि हमारे आबू रोड में हर साल होने वाली हाफ मैराथन में देश-विदेश से धावक भाग लेने पहुंचते हैं।

रेवदर विधायक मोतीराम कोली ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग, प्राणायाम और दौड़ जरूरी है। एशियन मैराथन चैंपियन सुनीता गोदेरा ने कहा कि दौड़ के लिए उमंग-उत्साह के साथ जुनून होना जरूरी है। बिना जुनून के दौड़ में जीतना संभव नहीं है। ब्रह्माकुमारी के अतिरिक्त महासचिव डॉ. मृत्युंजय भाई ने कहा कि आज एक साथ इतने युवाओं को देखकर बहुत खुशी हो रही है। अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा भाई ने कहा कि आप सभी तन-मन से स्वस्थ रहें यहीं इस दौड़ का उद्देश्य है। इस मौके पर आबूरोड तहसीलदार पन्नालाल चौधरी, सदर थाना सर्किल इंस्पेक्टर दर्शन सिंह, बीके जगदीश भाई, बीके देव भाई सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन बीके चंदा बहन ने किया। मेडिकल विंग के डॉ. बनारसी लाल ने सभी युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प कराया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जोधपुर के 24 वर्षीय युवक देवाराम रहे, जिन्होंने 1 घंटा 19 मिनट, 40 सेकंड में दौड़ पूरी की। वहीं द्वितीय स्थान पर गुजरात के अनिल बमबानिया रहे जिन्होंने 1 घंटा 21 मिनट 44 सेकंड में दौड़ पूरी की। तीसरे स्थान पर जैसलमेर के मुकेश कुमार रहे, जिन्होंने 1 घंटा 22 मिनट, 17 सेकंड में फिनिशिंग पाइंट पर पहुंचे। चौथे स्थान पर पवन समारिया और पांचवें स्थान पर सुनील कुमार कथेचिया रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर बिहार मुजफ्फरपुर की अर्पिता सैनी रहीं, जो 1 घंटा 38 मिनट 48 सेकंड में पहुंचीं। दूसरे स्थान पर 1 घंटा 39 मिनट 46 सेकंड के साथ नई दिल्ली की रोजी रही। वहीं तीसरे स्थान पर रहीं महिमा चौधरी ने 1 घंटा 48 मिनट 33 सेकंड में दौड़ पूरी की।

# सिंचाई जल की मांग पर किसान एडीएम कार्यालय का आज घेराव करेंगे

**अनूपगढ़, (निसं)।** क्षेत्र में सिंचाई जल की कमी से नाराज किसान एडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे। यह निर्णय रविवार को नई धान मंडी में आयोजित किसान सभा की बैठक में लिया गया।

किसान सभा के नेता सुनील गोदारा ने कहा कि हिमाचल में लगातार बारिश के कारण पोंग डैम में पर्याप्त जल है। इसके बावजूद अनूपगढ़ के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। गोदारा के अनुसार सरकार पाकिस्तान को पानी न देने की बात कर रही थी, लेकिन अब स्थानीय किसानों की जरूरतें नजरअंदाज कर पानी पाकिस्तान भेजा जा रहा है। किसानों का सोमवार सुबह 11 बजे व्यापार मंडल में किसान सभा के बैनर तले एकत्र होने का कार्यक्रम है। इसके बाद वे एडीएम कार्यालय तक मार्च करेंगे। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के चार समूहों में से दो में सिंचाई जल की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

**लावारिस नवजात हालत में मिला :** उदयपुर शहर के बड़गांव थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ नवजात को लावारिस हालत में छोड़ जाने का प्रकरण दर्ज किया। बड़गांव डांगियों की हुन्दर रोड़ किनारे झाड़ियों में नवजात होने की सूचना मिली। इस पर बड़गांव थाना एएसआई प्रकाशनाथ ने मौके पर पहुंच कर करीब आठ माह के नवजात शिशु को लेकर एमबी बाल चिकित्सालय पहुंचा कर भर्ती करवाया।

## जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सविना थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षेत्र गोकुल विजेल निवासी डॉ. प्रिया गमेती पुत्री विजय कुमार निवासी रोड़ नं.6 गोकुल विलेज सविना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 16 अगस्त सवेरे मैं काम से गई थी। दोपहर में वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो 40 हजार रूपये की नकदी गायब थी तथा चोरी गए सोने के जेवरात की सूची बाद में देने की रिपोर्ट दी है।

# ग्राम काछबली का किसान हजारी सिंह 28 साल से कर रहा है सफेद मूसली की खेती

**भीम, (निसं)।** पंचायत समिति के ग्राम पंचायत काछबली के किसान हजारी सिंह गत 28 वर्षं से सफेद मूसली आयुर्वेदिक औषधि की जैविक खेती कर रहे हैं, जिससे सालाना 4-5 लाख रुपए की आय प्राप्ति हो रही है। हजारी सिंह अपने घर की निजी कृषि भूमि पर 100 से अधिक औषधीय पौधों का हर्बल गार्डन (प्रत्येक पौधे के साथ उसके उपयोग) बना रखा है। साथ ही घर पर औषधीय पौधों के बीजों की प्रदर्शनी भी लगा रखी है, जिसमें 180-200 औषधि पौधों के बीजों का संरक्षण कर रखा है । इन सब के पीछे इनका उद्देश्य औषधीय पौधों पर परंपरागत ज्ञान का संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं ज्ञान का नई पीढ़ी में स्थानांतरण करना है।



**ग्राम पंचायत काछबली के किसान हजारी सिंह सफेद मूसली की खेती कर रहे हैं।**

- **हजारी सिंह ने अपने घर की निजी कृषि भूमि पर 100 से अधिक औषधीय पौधों का हर्बल गार्डन बना रखा है**
- **दो किलो मूसली से खेती शुरू कर 1-2 क्विंटल तक मूसली का उत्पादन कर रहा है हजारी सिंह**

लघु जोतों में मूसली की खेती करवा रहे हजारी सिंह का कहना है कि दो किलो मूसली से खेती शुरू कर आज 1-2 क्विंटल तक किसान मूसली का उत्पादन कर रहा है, इसके साथ ही मिश्रित कृषि के रूप में मूसली के साथ मिर्च एवं धनिया का उत्पादन भी किसान कर रहे हैं, जिसका लाभ आज स्थानीय स्तर पर आय सृजन ,महिलाओं को रोजगार, बच्चों की अच्छी शिक्षा के रूप में मिल रहा है।

हजारीसिंह के अनुसार गांव में समय-समय पर मूसली की खेती पर अनुसंधान कर रहे गुनीजन, शोधार्थी एवं कृषि विभाग के अधिकारी गांव का दौरा करते हैं। 16 अगस्त को राजस्थान विश्वविद्यालय के भूगोल शास्त्र विभाग के शोधार्थी रवि प्रकाश जो प्रोफेसर आर.एन.शर्मा, राजस्थान विश्वविद्यालय के निर्देशन में उदयपुर संभाग में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने पर अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। शोधार्थी को मूसली के खेतों का भ्रमण करवाया एवं मूसली की खेती पर आय-व्यय विश्लेषण की जानकारी प्रदान कर गांव के 20 से 25 किसानों से उनकी आर्थिक स्थिति में बदलाव पर विस्तृत चर्चा की।

हजारी सिंह, विशेषज्ञ किसान, सफेद मूसली, काछबली गांव का कहना है कि काछबली गांव के आसपास के गांव पहाड़ी ढालु भूमि वाले हैं, जिसके जोतों का आकार छोटा है, यहां मूसली की खेती स्थानीय जलवायु की अनुकूलता के कारण किसानों के लिए लाभकारी विकल्प हो सकता है लेकिन आवश्यकता है सरकारी सहयोग एवं प्रोत्साहन की।

रवि प्रकाश, शोधार्थी, भूगोल शास्त्र विभाग, राजस्थान विश्व विद्यालय जयपुर, अनिश चौधरी, शोधार्थी, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का कहना है कि काछबली एवं गोरम घाट के आसपास के 10-15 गांवों की स्थलाकृतिक विशेषताएं, अनुकूल जलवायु, खेती का परंपरागत ज्ञान जैसे अनुकूल भौगोलिक कारक हैं, जो इस क्षेत्र को औषधीय पौधों की खेती में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला सकते हैं। इससे ग्रामीण आजीविका स्थिरता, आय सर्जन, लघु प्रसंस्करण इकाइयां, महिला रोजगार एवं परंपरागत ज्ञान के संरक्षण के रूप में सही अर्थ में विकसित भारत : 2047 के लिए योगदान साबित होगा।

# बाबा खींवादास ने अधिकांश समय समाज सेवा में बिताया :उप मुख्यमंत्री बैरवा

- **सांगलिया में 100 बेड़ के बनने वाले अस्पताल का शिलान्यास किया**

**सीकर, (निसं)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि बाबा खींवादासजी ने अपने जीवन का अधिकांश समय समाजसेवा और सनातन धर्म को मजबूत करने में बिताया। उन्होंने उनके गुरू लालदास बाबाजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका समाज और धर्म के प्रति योगदान अत्यधिक प्रेरणादायक है। उप मुख्यमंत्री रविवार को दांतारामगढ़ तहसील के सांगलिया में 100 बेड का बनने वाले बाबा बंशीदास अस्पताल का शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने सांगलिया धूणी में बाबा खींवादास जी महाराज की धूणी के दर्शन कर पीठाधीश्वर ओमदासजी महाराज का आशीर्वाद लिया।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आज हम बाबा खींवादासजी की पुण्यतिथि पर एक अस्पताल के भूमि पूजन कार्यक्रम का हिस्सा बनते हैं, तो यह उनके योगदान को सम्मानित करने का एक तरीका है और उनके मार्गदर्शन में समाज के लिए और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि उनका कार्य समाज के उत्थान और जागरूकता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था। उनके गुरु श्रीलाल दास महाराज ने 1945 में शिक्षा, चिकित्सा के लिए सकारात्मक प्रयास किये। उन्होंने बताया कि उस जमाने में चार व पांच स्कूल खुलवाकर समाज को दिए और एक औषधालय भी खुलवाया और उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते बाबा खींवादावस जी महाराज ने अपनी साधना का जो हिस्सा है वह शिक्षा को हथियार बनाकर समाज को जागृत करने में किया। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि बाबा खींवादास जी महाराज ने भजनों के माध्यम से गांव-गांव जाकर समाज को जागृत किया और समाज में एक नई ऊर्जा दी।

उप मुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि बाबा खींवादास जी महाराज ने समाज में नशा मुक्ति, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों की स्थापना की। उनका जीवन आध्यात्मिक चमत्कारों और मानवता के लिए किए गए कार्यों का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सांगलिया धाम ने 557 वर्षों से धर्म, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने धूणी पीठाधीश्वर स्वामी ओमदास महाराज व अस्पताल के लिए भूमि दान करने वाले दुला राम बुरड़क, देवाराम बुरडक, झाबरमल बुरडक परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में बंशीदास महाराज की इस पहल में केंद्र और राज्य की सरकार हर संभव कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग के लिए तैयार रहेगी।

समारोह में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि बाबा बंशीदास अस्पताल बनने से क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहत्तर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेगी। धोद विधायक गोर्वधन वर्मा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सांगलिया पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज ने शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, श्रृदालुओं, संतजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजस्व, उपनिवेशन, सैनिक कल्याण विभाग राज्य मंत्री विजय सिंह, राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, निंबाराम संघ प्रचारक, पूर्व सांसद सीकर सुमेधानंद सरस्वती, सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भामू, भोपालगढ गीता बरवड़, लक्ष्मण कल्लू मेडता, कैलाश मेघवाल, सीकर भाजपा अध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व यूआईटी अध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला

**करौली ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी करौली द्वारा वोट चोर दृ गद्दी छोड कैंडल मार्च का आयोजन किया गय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा ने बताया कि यह कैंडल मार्च जिला मुख्यालय सर्किट हाउस के बाहर से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट तक पहुँचा। कैंडल मार्च में सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लेकर लोकतंत्र की रक्षा एवं भाजपा द्वारा किए जा रहे कथित हमलों और लोकसभा चुनाव में उजागर हुई वोट चोरी के खिलाफ अपनी एकजुटता का संदेश दिया।मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर और नारे लगाकर जन जागरण का माहौल बनाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी करौली के अध्यक्ष शिवराज मीना ने कहा कि यह अभियान अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में चलाया जा रहा है, और करौली जिले की जनता ने इसमें अभूतपूर्व समर्थन दिया है।इस कैंडल मार्च में जिला कांग्रेस प्रभारी संजय कुमार जाटव, हिंडौन विधायक अनीता जाटव, पूर्व विधायक लाखन सिंह मीना, पीसीसी महासचिव हुक्म मीना, कन्हैया लाल शर्मा, पीसीसी सचिव भूपेंद्र भारद्वाज, पुष्पेंद्र मीना, पीसीसी सदस्य ओमप्रकाश मामू, शीशराम खटाना, महेंद्र सुरोंठीया, घनश्याम मीना, पूर्व जिला प्रमुख अभय कुमार मीना, शरदों गुर्जर, खेमसिंह मीना, जिला उपाध्यक्ष विशंभर शर्मा, भंवर एदलपूर, जिला महासचिव अंसार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण मीना, रामगोपाल माली, एजाज अहमद, अफजल कुरैशी, कुंजबिहारी जिंदल, हरिलाल बैरवा, रोहित गुप्ता, खेमराज मीना करीरी, राजेश मुड़िया, सिंगार सिंह, रामगिलास जाटव, रघुराज मीना, तारा बैंसला, रामबिलास बैरवा, भैरो सिंह, ब्रह्म बाई, संजय धोबी, अखलेश मामचारी, राजेश, उदय सिंह जाटव, सहीराम मीणा, धर्मसिंह जाटव, दानसिंह मीना, लक्ष्मी मीना, राजन मीना, आसिफ खान, दाऊद अली, पिंकल खेड़िया, डॉ. बी एल बैरवा, इंद्राज जाटव, राजवीर गुर्जर, मोहन सिंह, साबुद्दीन, सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वेद प्रचार सप्ताह सम्पन्न

**राजगढ़।** कस्बे के आर्य समाज मंदिर में वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन वैदिक मंत्र उच्चारण एवं हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। उपदेशकों ने बताया कि प्राचीन काल मे हमारे इस राष्ट्र का नाम आर्यावत्त था सबका भरण पोषण करने के कारण इस राष्ट्र का नाम भारतवर्ष हो गया। सनातन काल से हमारा राष्ट्र विश्व का गुरु रहा है। हमारा वैदिक धर्म ही सनातन धर्म है। हमारी वैदिक संस्कृति ही सनातन संस्कृति है। जन-जन तक वेद के ज्ञान का प्रसार करने के लिए आर्य समाज मंदिर राजगढ में 9 अगस्त रक्षाबंधन से 17 अगस्त रविवार तक नवदिवसीय वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन किया गया। वेदों में ईश भक्ति, मातृ-पितृ भक्ति, गुरु भक्ति, अथिति सेवा, पर्यावरण संरक्षण, गौ माता का पालन, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, नारी का सम्मान जैसे कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पंडित विनोदी लाल दीक्षित के आचार्यत्व में यज्ञ हवन का कार्य सम्पन्न हुआ। पंडित दीक्षित वेद और व्याकरण के विद्वान है।आर्य समाज के सरंक्षक धर्म सिंह आर्य एवं खेम सिंह आर्य ने अपने प्रवचनों से सभी श्रोताओं को लाभान्वित किया। समापन के अवसर पर आर्य समाज मे योगदान हेतु धर्म सिंह आर्य, रमेश चंद गुप्ता टोडी वाले, एवं रमेश चंद साहू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीपक सर्राफ, दुष्यंत आर्य, देवेन्द्र आर्य, रामपति साहू, सरोज सैनी, जगन देवी, रमा आर्य, शांति देवी, मातादीन शर्मा, प्रमिला शर्मा, गोविंद पारखी, कस्तूरी देवी सहित अनेको गणमान्य महिला, पुरुष उपस्थित रहे। अन्त में खेम सिंह आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। शांति पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### डीआईपीआर के सहायक निदेशक सम्मानित

**करौली ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग करौली के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना को विभागीय उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सहायक निदेशक मीना को यह सम्मान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार, भारतीय एवं राजस्थान चुनाव आयोग की स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों के सफल संचालन, राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जिला विकास पुस्तिका के विमोचन एवं प्रदर्शनी, विभिन्न अभियानों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केन्द्र व राज्य के मंत्रियों तथा अन्य राजकीय अतिथियों के करौली प्रवास के दौरान प्रभावी मीडिया प्रबंधन एवं प्रचार-प्रसार जैसे अनेक उल्लेखनीय कार्यों हेतु प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना एवं गणमान्य अतिथियों ने सहायक निदेशक को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यधारा एवं स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों ने, अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, दोस्तों ने भी मीना को बधाई अर्पित कर उनके कार्यों की सराहना की।

### खाद्य आपूर्ति की मांग


**बौंली -बामनवास।** जिला सवाई माधोपुर सहकारी समिति की ब्लॉक बौंली के किसान अध्यक्षों ने राजस्थान सरकार में कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा से उनके निवास पर जयपुर में भेंटकर पर्याप्त खाद्य आपूर्ति की मांग को लेकर एक ज्ञापन सोंपा। सहकारी समिति बौंली के अध्यक्ष शंकरलाल गुर्जर के नेतृत्व में सभी अध्यक्षो ने कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया की किसानों को इफको,कृभको व राजफैड से खाद की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति कराई जाए एवं सवाई माधोपुर में रेक पॉइंट भी खोला जावे। मांग पत्र पर गौर फरमाते हुए कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानो की मांग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मांग पत्र सौंपते समय बागडौली सहकारी समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह नाथावत, खिरनी के नंदकिशोर सैनी, जस्टाना के कमलेश मीणा व गालद कला के हरकेश मीणा सहित अनेको किसान उपस्थित थे।

### भजनों की मनमोहक प्रस्तुति

**राजगढ़।** वैश्य महिला समिति ने अग्रवाल धर्मशाला में जन्माष्टमी पर्व उत्साह व उल्लास से मनाया। इस दौरान मनमोहक भजनों की प्रस्तुति पर रोचक नृत्य कर कार्यक्रम को उचाईया प्रदान की। कार्यक्रम में राधा कृष्ण के रूप में सज कर आये बालक बालिकाओं को सम्मानित किया। समिति अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने बताया कि प्रतिभागी बच्चो को पारितोषिक प्रदान किए। इस अवसर पर महामंत्री सुषमा गोयल, उपाध्यक्ष ममता विजय,, चंद्रकांता विजय, भगवती गुप्ता,दीपिका गोयल,अनीता विजय, अनीता गुप्ता, पवन जैन, सुनीता महेश्वरी, बबीता गोयल, मनीषा गोयल,बबीता

### चुनाव 31 को

**करौली ।** ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद 31 अगस्त को होने वाले चुनाव हेतु चल रहा सदस्यता अभियान 20 अगस्त तक चलेगा अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता रसीद अवश्य कटवाए। निर्वाचन कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद हरदैनिया ने ब्राह्मण बंधुओ से अपील की है कि 31 अगस्त को ब्राह्मण सभा भवन में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न होगा जिसके लिए मतदाता सूची तैयार करने के लिए सदस्यता अभियान जारी है जो 20 अगस्त तक चलेगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण बंधु अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण सभा भवन में पहुंचकर सदस्यता रसीद अवश्य कटाये ताकि मतदान सूची समय पर तैयार हो सके।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

### दीपक जाटव तहसील अध्यक्ष नियुक्त

**करौली ।** राजस्थान जाटव समाज संगठन समिति के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष की अनुशंसा पर करौली तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया। अध्यक्ष सुरेश चंद्र करसौलिया ने बताया कि संगठन के तहसील करौली से दीपक जाटव को मनोनीत किया गया।

# किशनगढ़ बास में किरायेदार श्रमिक का नीले रंग के ड्रम में शव मिला

**किशनगढ़ बास ।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 की आदर्श कॉलोनी में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक मकान में रखे नीले रंग के ड्रम से बदबू आने लगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में ड्रम के अंदर से एक लाश बरामद हुई। किराएदार श्रमिक की बताई गई है। श्रमिक के बीवी बच्चे शनिवार शाम से गायब है वहीं मकान मालिक का लड़का भी घर पर नहीं है। पुलिस अनुसंधान करने में लगी है। शव को सामुदायिक अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। मकान मालिक राजेश शर्मा के घर में करीब डेढ महीने पहले ही ईंट भट्टे पर काम करने वाला श्रमिक बिहारी परिवार रहने आया था। बताया कि मकान मालिक का लडका भी ईंट भट्ठे पर मुनीम का काम करता है। श्रमिक परिवार में तीन बच्चे, एक महिला और एक पुरुष शामिल थे। शनिवार शाम तक बच्चे घर में देखें गए थे। इसके बाद पूरा परिवार अचानक घर से गायब हो गया वहीं मकान मालिक का लड़का भी घर पर नहीं है।

बताया गया कि श्रमिक परिवार मकान की ऊपरी मंजिल पर रह रहा था।



किशनगढ़ बास की आदर्श नगर कॉलोनी के मकान से ड्रम में लाश मिलने पर पुलिस ने अनुसंधान किया।

- श्रमिक परिवार है घर से गायब
- उठने पर फैली सनसनी, पुलिस ने पहुंचकर शव को रखवाया मोर्चरी में

रसोई में रखे ड्रम में लाश को छिपाकर रखा तथा लाश पर नमक डालकर ड्रम को ढंक कर रसोई को बंद कर अचानक परिवार फरार हो गया। इसका मालूम तब चला जब मकान मालिक महिला ऊपर छत पर गई तो बदबू फैल रही थी। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राजेंद्र निर्वाणा और थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मकान में मिले लोगों से पूछताछ की। आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने मकान के अंदर नीले रंग के ड्रम के अदर मिले शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मोर्चरी कक्ष में रखवाया गया है। डीएसपी राजेंद्र निर्वाणा ने बताया है कि मकान की दूसरी मंजिल पर किराए पर परिवार रहता था। बदबू उठने पर पुलिस पहुंची और देखने पर रसोई के अंदर रखें नीले रंग के ड्रम में शव मिला है। किराए पर रह रहा परिवार यूपी का है और हंसराज उर्फ सूरज नाम है। अनुसंधान किया जा रहा है।

# चातुर्मास, दादूवाणी सत्संग ज्ञानयज्ञ महोत्सव का समापन



फुलेरा कस्बे में चल रहे श्री चातुर्मास सत्संग ज्ञान यज्ञ समापन महायज्ञ में पूर्ण आहुतियां देकर हुआ।

**फुलेरा ।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित श्रीदादू आश्रम पर चल रहे श्री चातुर्मास सत्संग ज्ञान यज्ञ व महान ग्रंथ दादूवाणी एवं भक्तमाल कथा समारोह का रविवार को संतो महंतों के सानिध्य में संत रामप्रकाश स्वामी महाराज एवं विद्वान पंडितो के द्वारा आयोजित महायज्ञ में पूर्ण आहुतियां देकर समारोह संपन्न हुआ। आश्रम महंत स्वामी रामप्रकाश महाराज ने बताया कि पिछले कई वर्षों से संत शिरोमणि श्रीदादू दयालजी महाराज की कृपा से आश्रम पर हर वर्ष चातुर्मास ज्ञान यज्ञ सत्संग एवं महान ठांथ दादू वाणी भक्तमाल कथा का आयोजन किया जाता है, जिससे नगर एवं क्षेत्र के लोगों का भी यहां पहुंचकर अपनी भागीदारी निभाते हुए धार्मिक करते में सहयोग करते हुए पारिवारिक आनंद लेते हैं, उन्होंने समापन पर भी कहा कि साधु संतों एवं सत्पुरुषों के सानिध्य में किए गए धर्म परायण कार्य सदैव सांसारिक जीवन के लिए आनंद में होते हैं यह शास्त्र संगत है। उन्होंने इस कार्यक्रम में पधारे सभी दूर दराज एवं निकटवर्ती साधु, संतों, महंतो व गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया है। तथा आमजन के लिए कहा कि संत दादू जी कहते हैं की परमात्मा की भक्ति के बिना जीवन अधूरा है , इसलिए प्राणी को जीवन में परमात्मा का स्मरण करना चाहिए तभी प्राणी का जीवन सार्थक होगा।आश्रम प्रबंधक धर्मदास स्वामी ने बताया कि चातुर्मास कार्यक्रम के दौरान जिन लोगों ने इस पुनीत कार्य में सेवाएं दी है वह अनुकरणीय है, सभी लोगों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ है। कार्यक्रम के दौरान प्रवचन व भजन कीर्तन पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर बिचून से रामानंद महाराज, हनुमानदास स्वामी, पुरुषोत्तमदास स्वामी, रमेशचंद चौधरी, बंशीलाल कुमावत, रामबाबू कुमावत, धर्मेन्द्र स्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हादसे में बाइक सवार पति की मौत

**मानपुरा माचेड़ी ।** रविवार सुबह दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर बिलोची के पास बिलोची पुलिया पर दर्दनाक हादसा हुआ।यहाँ एक बाइक सड़क पर पहले से खड़े ट्रेलर में जा घुसी।बाइक पर दम्पति सवार थे।हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।युवक अपनी पत्नी को पटवार परीक्षा के सेंटर पर लेकर जा रहा था।हादसे के बाद सूचना पर पहुची एम्बुलेंस ने घायल महिला को जयपुर के एसएमएस अस्पताल पहुँचाया।वही लोगो ने बिलोची पुलिया पर हाइवे पर ही भारी वाहनों के खडे रहने को लेकर विरोध जताया।यहाँ पर शराब ठेके के सामने वाहनों के खडे रहने से कई हादसे हो चुके हैं। दौलतपुरा पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल महावीर प्रसाद ने बताया कि दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाईवे बिलौंची पुलिया के नजदीक हाइवे सड़क पर खडे ट्रेलर के पीछे एक बाइक घुस गई।बाइक पर दम्पति सवार थे।हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई व पत्नी गंभीर घायल हो गई। घायल को एंबुलेंस की सहायता से कांवटिया हॉस्पिटल जयपुर में भेजा गया जहाँ से उसे एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया वही मृतक युवक के शव को मोर्चरी में रखवाया गया।

### कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया

**गंगापुर सिटी, ( निसं )।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को उपखण्ड मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। नहर रोड के कुशालगढ बाबा श्याम मंदिर में कोलकाता से विशेष फूल मंगवाए गए। श्री कल्याण जी मंदिर, चौक बालाजी मंदिर, उघाडमल बालाजी, गणेशजी मंदिर, पुरानी अनाज मंडी के श्रीसीतारामजी मंदिर समेत कई मंदिरों को फूलों और लाइट्स से सजाया गया है। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण को नई पोशाक पहनाई गई है। विशेष फूल बंगला झांकी और 56 भोग की झांकी सजाई गई है।

## जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**टोंक।** जिले भर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार रात को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया, जिसके अन्तर्गत मध्य रात 12 बजे कान्हा के जन्म के साथ ही मंदिर कृष्ण भगवान के जयकारे से गूंज उठे। इस दौरान मुख्यालय के हाउसिंग बोर्ड में कृष्ण जन्मोत्सव पर पालने में झूलते भगवान श्री कृष्ण को देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी तथा मंदिरों के मुख्य गेट पर ही आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कई जगह भगवान् के जन्मोत्सव पर दही हांडी फोड़ने का कार्यक्रम भी किया गया। इस मौके पर सभी मंदिरों पर मंदिर संचालकों द्वारा कई प्रकार की सजावट की गई थी, कई जगह भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर आराध्य के दर्शन करने भक्तों की भीड़ शाम ढलते ही मंदिरों में उमड पडी, जहां बच्चे कान्हा की वेशभूषा पहनकर माता-पिता के साथ मंदिरों में आए। इस मौके पर जिला मुख्यालय पर रामकृष्ण मंदिर में की गई सजावट बेहद आकर्षक रही तथा अन्य मन्दिरो जिसमें जवाहर बाजार स्थित श्रीरामकृष्ण मंदिर, रघुनाथजी मंदिर, गोपालजी का मंदिर, सीताराम के मंदिर, मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर, गिर्राजधरण मंदिर, रामेश्वर शिवालय सिविल लाइन, महादेवाली शिवालय, गांधी पार्क स्थित शिव हनुमान मंदिर, राधाकिशन मंदिर छावनी, हरे कृष्णा विलेज में विशेष सजावट की गई। इसी प्रकार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय टोंक के राजयोग भवन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण राधा, शेषनाग विष्णु लक्ष्मी नारायण आदि की मनमोहक झांकियां सजाई गई है, जिन्हे देखने भीड उमड़ पडी। इस जन्मोत्सव के दौरान पुलिस-प्रशासन ने भी शाम ढलते ही शहर में गश्त कर व्यवस्था की तथा मंदिरों के आस-पास भी जवानों को तैनात किया गया।

# नौगावा और किशनगढ़ बास के कृषि महाविद्यालयों के सफल संचालन के लिए हम प्रतिबद्ध है : भूपेंद्र यादव

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने रविवार को रामगढ के नौगांवा में लगभग 15 करोड की लागत से निर्मित कृषि महाविद्यालय के प्रशासनिक और अकादमिक भवन का लोकार्पण किया तथा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

- रामगढ के नौगांवा में 15 करोड रुपए की लागत से निर्मित कृषि महाविद्यालय के भवन का किया लोकार्पण



नौगांवा में कृषि महाविद्यालय के नवीन भवन का केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत संबोधन देते हुए कहा कि मूल्य आधारित एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए कृषि महाविद्यालय में अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ लैब, लाइब्रेरी, डिजिटल क्लासरूम एवं फैकल्टीज की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र में किशनगढ बास एवं नौगांवा में स्थित दोनों कृषि महाविद्यालय कृषि विज्ञान केंद्र के साथ मिलकर अकादमिक क्षेत्र के साथ-साथ अनुसंधान के माध्यम से क्षेत्र के किसानों के विकास के लिए माइलस्टोन बनने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृषि क्षेत्र के समक्ष बड़ी चुनौतियां है, जिसमें कृषि उपज की लागत एवं उसका प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य का संतुलन आवश्यक है।

वैश्विक चुनौतियों में कृषि क्षेत्र भी अपनी गतिशीलता के लिए नए लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने 7 अगस्त को कृषि क्षेत्र को वैज्ञानिक दृष्टि से बढ़ावा देने वाले श्री एम.एस. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी मनाई है, वे बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं, 50 साल पूर्व कृषि में चावल, गेहूं, कपास, फ्रूट्स व सब्जियों में बड़ी चुनौतियां थी, परंतु कृषि वैज्ञानिकों के योगदान से आज दुनिया के दूसरे सबसे बडे देश बने हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्रतिबद्धता से तिलहन के क्षेत्र में सोयाबीन, सरसों व मूंगफली उत्पादन में काफी आगे बढ़े हैं। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत एवं सामाजिक व आर्थिक सुधार के लिए अनावश्यक कानूनों व दिक्कतों को समाप्त करने का आव्हान किया है। स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने देश के किसानों को आत्मनिर्भर भारत की रीढ बताया, प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि अंठोजो के शासनकाल में किसानों का सर्वाधिक शोषण हुआ था, लेकिन आजादी के बाद कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के साथ किसानों के परिश्रम से देश के अन्न भंडार भरे हैं, तथा देश की खाद्य संप्रभुता सुरक्षित हुई है।

## सार-समाचार

### उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने में इच्छुक

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। जिनियस कम्पनी की ओर से शहर में इन दिनों तेजी से स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है, स्मार्ट सुविधा के चलते उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर लगवाने में रूचि दिखाने लगे है। जानकारी देते हुए ठेकेदार अजय कुमार सोनी ने बताया कि शहर में तीस हजार मीटर लगाये जाने है जिनमें 3200 मीटर स्थापित किए जा चुके है। सोनी ने बताया कि मीटर लगाने के बाद स्मार्ट मीटर की रीडिंग चैक करारक उपभोक्ताओं को संतुष्ट किया है। सहायक अभियन्ता अरविन्द गुप्ता, जिनियस सर्किल इंनचार्ज दीपक कुमार, वसीर खान ने उपभोक्ताओं को नॉन स्मार्ट मीटर की जगह नये स्मार्ट लगाने पर धन्यवाद दिया वही उपभोक्ताओं को जागरूकत करते हुए स्मार्ट मीटर के सकारात्मक पहलू बताये। सहायक अभियन्ता गुप्ता ने बताया कि मीटर से किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है, बल्कि अब तो एप के माध्यम से हम अपने घर के बिजली उपयोग को भी नियंत्रित कर सकते है जिससे बिजली के बिल में काफी कमी आएगी। सर्किल इंनचार्ज दीपक कुमार व वसीर खान ने स्मार्ट मीटर की जानकारी देते हुए बताया कि अब तो अपने आप दूरसंचार प्रणाली से रीडिंग हो रही हैऔर निर्धारित तिथि को सही रीडिंग का बिल मोबाइल पर दिया जा रहा है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्जा की खपत को ट्रेक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता हैं। बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती है। एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते है। ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, ताकि ऊर्जा की खपत को बेहतर बना सकते है। ऊर्जा की खपत को कम करने से पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव कम होता है। उन्होंने यह भी कहा कि अब तो बिल कम करना अपने हाथ में है। उन्होंने बताया कि हर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य है।

### सरोली से पैदल यात्रा रवाना

**टोंक ।** ग्राम सरोली में रविवार को वीर तेजाजी के पावन स्थल से श्री देहलवाल बाबा सिरोही के लिए एक दिवसीय पैदल यात्रा को शिव पब्लिक शिक्षा समिति निदेशक डॉ शिवजीलाल चौधरी ने पूजार्चन कर रवाना किया, इस भव्य आयोजन में लोक संस्कृति एवं लोक संगीत की अद्भुत झलक देखने को मिली। पदयात्रा जब सरोली गांव में भ्रमण करती हुई शिव शिक्षा समिति के प्रवेश द्वार पहुँची तो निदेशक शिवजी लाल चौधरी एवं संस्था के सभी कार्मिको द्वारा पुष्पवर्षा, फलाहार वितरण के माध्यम से समस्त पदयात्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया। शिव शिक्षा समिति द्वारा पदयात्रा में ध्वज हाथ में लिये भक्तों का पारंपरिक राजस्थानी पगड़ी व दुपट्टे से सम्मान कर अभिनंदन किया गया, लोक संगीत दल को भी दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिनकी प्रस्तुति ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़े

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अचानक मौसम में आए परिवर्तन से सभी अस्पतालो में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढी है। अस्पताल में ओपीडी में रोजाना 1500 से 1700 मरीज पहुंच रहे हैं। इनडोर में भी करीब 125 मरीज भर्ती हैं। अस्पताल के पीएमओ डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढा है। सभी वार्डो में बेड फुल होने के कारण कई मरीजों को गैलरी में इलाज करना पड रहा है। फिजिशियन डॉ. आरसी मीणा और डॉ. अकरम खान के अनुसार मरीजों में उल्टी, दस्त, पेट दर्द और बुखार के मामले ज्यादा हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से मच्छर पनप रहे हैं। दूषित पानी और भोजन से टाइफाइड के मामले भी सामने आ रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को उबला या फिल्टर किया हुआ पानी पीने की सलाह दी है। साथ ही बासी भोजन से बचने, खाना बनाने और खाने से पहले हाथ धोने की हिदायत दी है। आसपास सफाई रखने और पानी जमा न होने देने की सलाह भी दी गई है। बीमार होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने को कहा गया है। गंगापुर सिटी का सरकारी अस्पताल क्षेत्र का सबसे बडा हॉस्पिटल है। इसमें डेढ हजार से अधिक मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए आ रहे हैं मरीजों की संख्या को देखते हुए फिलहाल यहां पर केवल तीन ही दवा काउंटर संचालित हैं, जो कि मरीज को देखते हुए कम है। ऐसे में दवा के लिए मरीजों की लंबी कतार लग जाती है और उन्हें दवा के लिए काफी इंतजार करना पडता है।

### जाट समाज चौरासी की बैठक

**हिण्डौन सिटी।** जाट समाज चौरासी बान्च की आम सभा रविवार को गांव फुलवाडा में ब्रांच अध्यक्ष तुलसीराम गोदारा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं गांव के पंच-पटेल उपस्थित रहे।सभा में अध्यक्ष तुलसीराम गोदारा ने कार्यकारिणी सहित अपना इस्तीफा आम सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। लेकिन आम सभा ने पूर्ण सहमति से वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया। तय किया गया कि फरवरी 2026 तक वर्तमान कार्यकारिणी अपने पद पर बनी रहेगी और छात्रावास निर्माण कार्य को पूर्व की भांति आगे बढ़ाएगी। इस मौके पर अध्यक्ष तुलसीराम गोदारा, महेश पटेल, रूप सिंह फुलवाडा, रतन सिंह, श्याम सिंह, कैलाश, ओमप्रकाश, राजेन्द्र, राजाराम आदि मौजूद रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया

**सूरौठ, ( निसं )।** कस्बे के सीताराम जी मंदिर ,मुरली मनोहर मंदिर, व उदासी का बाग सहित सभी मंदिरों में जन्माष्टमी का त्योहार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

सीताराम जी मंदिर के मंहत रवि शर्मा, मुरली मनोहर मंदिर के महंत गोपाल पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आस पास के गांवों से आई गायन पार्टियों ने भगवान श्री कृष्ण के भजन गाए जिससे सभी भक्तों ने जमकर भजनों का आंनद लिया इसके उपरांत मंदिरों और घरों में कान्हा का जन्म हुआ।

रात 12 बजे बजते ही शंखनाद के साथ घंटा, घड़ियाल, बज उठें,कान्हा के जन्म उत्सव की खुशी में नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, जैसे भजन के स्वर घर घर गूजते रहें ,जन्म के बाद भगवान की आरती करने के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

श्री कृष्ण के भक्तों ने कहा का कान्हा का जन्म उत्सव मनाने के लिए उपवास रखा, घर-घर भक्त दिनभर झांकी सजाने में लगे रहे ,नटखट की बाल लीलाओं पर आधारित मनोहारी झांकियां सजाई गई, झांकियों को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह रहा ,महिलाओं ने पूरा दिन उपवास रखा, व भगवान श्री कृष्ण को भोग लगाने के लिए पकवान बनाए हुए पंजीरी एवं चरणामृत मेवा आदि का प्रसाद बनाया।

रात 12 बजते ही श्री कृष्ण के जयकारे गूंजने लगे पूरा दिन उपवास रखने वाले भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया, विधि विधान से दूध ,शहद और गंगाजल से लड्डू गोपाल को स्नान कराकर उसे चरणामृत के रूप में प्रसाद ग्रहण किया घरों से लेकर मंदिर तक में भगवान श्री कृष्ण के जन्म और पूजन के बाद बधाई गीत गाए गए।

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्यगण श्री नाथूलाल कोली पुत्र स्व. श्री झीताराम कोली उम्र 63 वर्ष एवं श्रीमती अनीता पत्नी श्री नाथूलाल कोली उम्र 61 वर्ष निवासी मकान नं. 31/210 सेक्टर-3 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर (राज.) की ओर से सूचित करता हूँ कि मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र रोहिताश्व सोगरा उम्र 35 वर्ष, पुत्रवधू श्रीमती जागृति मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है तथा ना ही मेरे अभिभाष्यगण की देखभाल करते है जो कि मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र घर छोड़कर पिछले 1 वर्ष से चला गया। जिसका कोई पता या जानकारी नहीं है तथा मेरी पुत्रवधू अपने पुत्र लवीन सहित पिछले 7 वर्ष से अधिक समय से अपने पीहर में निवास कर रही है जो मेरे अभिभाष्यगण को नाजायज रूप से परेशान करती है मेरे अभिभाष्यगण अपने पुत्र, पुत्रवधू एवं पौत्र को आज दिनांक से अपने घर, चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करने की घोषणा करते है तथा भविष्य में उक्त पुत्र पुत्रवधू व पौत्र से मेरे अभिभाष्यगण का कोई संबंध नहीं रहेगा तथा कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र, पुत्रवधू व पौत्र के नाम से किसी भी प्रकार का लेन-देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिए मेरे अभिभाष्यगण जिम्मेदार नहीं होगे।
जयपुर (रामस्वरूप बंशीवाल) एडवोकेट
दिनांकः 17.08.2025 मो. 9829766657

**खोया पाया**

यह की प्लॉट नम्बर 165 श्री रामपुरी के ओरिजनल पट्टे के साथ 5 स्टाम्प थे जो कही गिर गए है किसी व्यक्ति को मिले तो वह सूचित करें व कोई व्यक्ति इनको मिलने पर दुरुपयोग करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा साधना देवी पत्नी राधा गोविद अग्रवाल 9351532424

रिंग रोड परियोजना 14/OH/195 की मूल रजिस्ट्री कहीं गिर गई मिलने पर सूचित करें। मार्मिक गोतम-9829842266

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Hashra Devi से बदलकर Harsha Devi धर्मपत्नी Mukesh Bahi Patel निवासी G-2, 693-B, फ्रन्टीयर कॉलोनी, आदर्श नगर, चावला हॉस्पिटल, जवाहर नगर, जयपुर राजस्थान 302004 रख लिया है भविष्य में मुझे Harsha Devi के नाम से जाना पहचाना जावे।

I smt. Lad Kanwar legally wedded spouse of army no 13933600Y Ex Hav rewat singh S/O dhan singh resident of plot no b-32 singh bhoomi colony khati pura jaipur that have changed my name which is wrongly entered my husband service record from LAD KORE TO LAD KANWAR vide affidavit dated 13 August before district notary Jaipur

## संक्षिप्त

### राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की रैली 20 को

**टोंक।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के पदाधिकारियों, विधानसभा समन्वयकों, ब्लॉक अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों की बैठक रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार मीणा की अध्यक्षता एवं अजमेर संभाग प्रभारी केशव तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर जयपुर में आयोजित होने वाली स्वराज बचाओ रैली में जिले से 300 कार्यकर्ताओं के शामिल होने का निर्णय लिया गया, जिस हेतु पदाधिकारियों को ब्लॉक एवं क्षेत्रवार जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव केशव तिवारी ने जिले के सभी ब्लॉकों से संगठन के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से रैली में शामिल होने की अपील की। वही जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश मीणा ने प्रत्येक ब्लॉक से 50 कार्यकर्ता रैली में ले जाने पर जोर दिया, बैठक में पंचायतों,नगरीय निकायों के चुनाई टालने, राजनीतिक भेदभाव से परिसीमन करने, पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों को वित्तीय अधिकार देने, दो संतानों वाले चुनाव प्रावधानों के विरोध में 20 अगस्त को जयपुर में रैली का आयोजन किया जा रहा है।

### ऋषभ विजयवर्गीय होंगे सम्मानित

**टोंक।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के सदस्य व रेड डोनर क्लब के संस्थापक टोंक निवासी ऋषभ विजयवर्गीय को 19 अगस्त मंगलवार को दिल्ली में रक्तवीर सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस 6 जुलाई के अवसर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया था, जो कि बहुत ही सफल व अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें वैश्य समाज के कई युवको ने अनेकों बार रक्तदान किया है, जिसके अन्तर्गत ऐसे रक्त वीरों को दिल्ली में सम्मानित किया जायेगा। ऋषभ विजयवर्गीय ने अब तक 50 बार रक्तदान किया है, जिसके कारण उनको कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### सम्मान समारोह के लिए नाम मांगे

**बीकानेर ।** सियाणा भैरव मेले से पूर्व प्रतिवर्ष भैरव साधक छोटूलाल ओझा की स्मृति में होने वाले छोटू ओझा भैरव तुम्बड़ी सम्मान को लेकर बारह गुवाड़ चौक स्थित रमक झमक आवास में एक बैठक रखी गई। बैठक में तय किया गया कि इसबार सम्मान हेतु चयन में सेवाओं का विस्तार किया जाए। सम्मान की चयन प्रक्रिया में सेवा संस्थानों, भैरव सेवादारों एवं साधकों,पुजारियों के अलावा पूजा कर्मकाण्ड एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में योगदान देने वालों को भी इस सम्मान में शामिल किया जाए तथा इसमें महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएं।

# शिक्षा ही समाज की उन्नति का सबसे बड़ा आधार : यादव

**कोटपूतली।** कस्बा स्थित श्री कृष्ण अहीर छात्रावास में भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का सबसे बड़ा आधार हैं।

उन्होंने बालकों व बालिकाओं को समान रुप से उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने की अपील की। उन्होंने छात्रावास की ऊपरी मंजिल पर एक कमरा निर्माण करवाने की घोषणा भी की। यादव ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत व लगन से अच्छे मुकाम पर पहुंचने की प्रेरणा दी। समारोह की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष रामावतार यादव ने की।

- श्री कृष्ण अहीर छात्रावास में भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों, नीट, जेईई, केन्द्र व राज्य की सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों व समाज के भामाशाहों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्रावास के वार्डन सुरेश यादव ने छात्रावास में सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिये 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। भामाषाह अशोक यादव ने छात्रावास में मुख्य द्वार बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम को महासभा के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, प्रो. सी बी यादव, अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति के युवा अध्यक्ष दिनेश यादव, पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल गुरूजी, एड. रामचंद्र यादव, घीसाराम राव, रामजीलाल यादव ने भी संबोधित किया। समाज अध्यक्ष रामावतार यादव ने समाज की उन्नति और छात्रावास के विकास के लिये अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा सभी सहयोगियों का आभार जताया।

संचालन एड. सुभाष यादव ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, सरपंच जगदीश यादव, कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, हनुमान प्रसाद सरपंच, सरपंच सचिन यादव, डीटीओ सत्यनारायण यादव, सीडीपीओ लालचंद यादव, ऑडीटर राजेंद्र यादव, रामकरण खोला, प्रकाश यादव, बंशीधर कम्पाउंडर, पूर्व आरपीएस रामनिवास यादव, शेरसिंह गुरूजी, गुलझारी गुरूजी, कैप्टन प्रेम सिंह, सुबेदार बिल्लू, लालाराम गुरूजी, भूपसिंह गुरूजी, बाबूलाल यादव, हरिसिंह यादव, वार्डन सुमन यादव, एड. अमीलाल, पूर्व सरपंच संजय यादव, दिलीप यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



**कोटपूतली** कस्बा स्थित श्री कृष्ण अहीर छात्रावास में भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

## हर्षोल्लास से मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

**कोटपूतली।** कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा स्थित सीताराम बड़ा मंदिर ट्रस्ट में हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिर परिसर में विभिन्न सजीव झांकिया सजाई गई। देर शाम 08 बजे जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी व जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्नोई ने लड्डू गोपाल की प्रतिमा के आगे द्वीप प्रज्जवलित कर झाकियों का शुभारम्भ किया। मंदिर कमेटी व कार्यकर्ताओं ने दोनों अधिकारियां का दुपट्टा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। मंदिर परिसर में झांकियों की तैयारी पिछले एक माह से प्रारम्भ की गई थी। इस मौके पर ठाकुर जी, हनुमान मंदिर, बाबा लक्ष्मीदास जी की समाधी, संतोषी माता मंदिर की सजावट की गई। साथ ही श्री कृष्ण सुदामा मिलन, माखन चोर, लड्डू गोपाल पालने में झूलते हुये, दुर्गा माता, वासुदेव जमना पार करते, चित्रकूट, मथुरा कारागृह, सीस के दानी, कृष्ण लीला, अमरनाथ गुफा, नीले घोड़े पर राधा कृष्ण, कौरव पांडव चोसर खेलते, भारत माता की सजीव झांकिया सजाई गई। सभी झाकियां शाम 07 बजे से प्रारम्भ होकर रात्रि 11:30 तक आयोजित हुई। जिसके बाद रात्रि 12 बजे आरती कर पंजीरी व जरणामत का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओ.पी. मीणा, मनीष गुर्जर, लीलू मीणा, अशोक गुर्जर सहित सैकड़ां कार्यकर्ताओं ने झांकियों की तैयारियां में पूर्ण सहयोग किया।

## सार-समाचार

### गोगामेड़ी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**चूरू ।** गोगानवमी पर्व रविवार को अंचल में हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया। षहर की मुख्य गोगामेडी में रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया, जो देर षाम तक जारी रहा है। इस दौरान भव्य मेला भरा। श्रद्धालुओं ने घरों में गोगाजी महाराज को खीर, चूरमा, गुलगुले, पकोड़ी और नारियल का भोग लगाया। शहर की 30 से अधिक मेड़ियों के निशान लेकर भक्त नाचते-गाते मुख्य मेड़ी पहुंचे। ढ़ोल और बाटका की धुन पर भक्तों ने नृत्य किया। कई भक्तों ने गोगा सांकली से सिर पर वार कर अपनी आस्था दिखाई। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। मेले में श्रद्धालुओं हाथों में सांप-गोयरा लेकर करतब दिखाये। इस दौरान कई सामाजिक संगठनों ने कैंप लगाए। श्रद्धालुओं के लिए पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। मेले में श्रद्धालुओं ने झूलों का जमकर आनंद उठाया।

### सूने मकान से सामान चोरी करने वाला गिरफ्तार

**टोंक।** सदर थाना क्षेत्र में हो रही चोरियों के मामले में सदर थाना टोंक पुलिस एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि राजीव सिंघल ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उनके बायपास स्थित मकान पर खड़े ट्रैक्टर्स से 11 अगस्त की रात को अज्ञात अरोपी ने 50 ट्रेक्टरों की बैट्री के वायर, बैटरी और अन्य सामान काटकर ले गए तथा 14 अगस्त को मकान की बाउंड्री के पास लोहे के गार्टर, फ्रेम व अन्य सामान चोरी कर ले गये। उक्त प्रकरण में मामला दर्ज कर जांच अनुसंधान के दौरान पुलिस ने तकनीकी साधनों के जरिए आरोपी की तलाश कर आरोपी मेघराज उर्फ लेखराज (केआर) पुत्र जीतू उर्फ चुन्नीलाल कीर निवासी थाना चौमू (जयपुर) के आकेड़ा गुर्जरों की ढाणी को मध्यप्रदेश में श्योपुर जिले थाना बदौड़ा से गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक साल पहले चोरी हुई बुलेट बाइक को जब्त किया तथा आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी वाहन चोरी के कई प्रकरण दर्ज है।

### हादसे में 7 वर्षीय बालिका की मौत

**बीदासर।** कस्बे के बीदासर ढढैरू मार्ग पर रविवार की सुबह ऑटो से उतर कर मुख्य सड़क पार कर ननिहाल जा रही दो सगी बहिनें ट्रेक्टर ट्रोली की चपेट में आने से एक 6 वर्षीय कृष्णा पुत्री श्रवण राम मेघवाल निवासी ढिगारीया की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई, तथा दो वर्षीय छोटी बहिन किरण गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में मोहल्ले के लोगों ने इलाज के लिए राजकीय सीएचसी लेकर गए जहां चिकित्सकों ने किरण का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों बहिनें अपनी माता के साथ ननिहाल भाई के घर राखी बांधने जा रही थी कि मां बेटीयां ननिहाल के घर भाई से मिली ही नही कि उससे पहले सड़क पार करते समय दोनों बहिनें ट्रेक्टर ट्रोली की चपेट में आ गई। घटना के बाद ट्रेक्टर ट्रोली का चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को राजकीय सीएचसी पहुंचाया। पुलिस ने मृतका के मामा डुंगरराम मेघवाल की लिखित रिपोर्ट पर वाहन चालक के खिलाफ वाहन को तेज गति व गफलत से चलाते हुए टक्कर मारने का मामला दर्ज कर पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### विहिप ने स्थापना दिवस मनाया

**लक्ष्मणगढ शेखावाटी ।** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड लक्ष्मणगढ़ द्वारा 61वां स्थापना दिवस समारोह मनाया । आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदलाल मेघवाल दत्तूजला ने की। कार्यक्रम में प्रांत धर्माचार्य संपर्क टोली सदस्य रतन सिंह बगड़ी ,भारत संस्कृत परिषद के जिला प्रमुख रामनिवास शर्मा, जिला प्रचार प्रमुख ने अपने विचार व्यक्त किए। कवि सुरेश बांगड़ सनातनी ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत काव्य रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री राजेंद्र माटोलिया ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड सहमंत्री कमल कुमावत, प्रखंड सहमंत्री विनोद सिंह गौड, प्रखंड मठ मंदिर प्रमुख लक्ष्मीनारायण शुक्ला, प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश कटारिया सनवाली, प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र थालोर खुड़ी बड़ी, डॉ अर्जुन सिंह रत्नू, विक्रम सिंह तंवर, राजेश जोशी भी उपस्थित उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में 110 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटपूतली।** कस्बे के वार्ड नं. 26 स्थित भोमियां बाबा मंदिर में रविवार को युवा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नागाजी मंदिर के महंत सीताराम दास जी महाराज व सभापति प्रतिनिधि मदन सैनी ने किया। इस मौके पर जयपुर से आई शांति ब्लड सैंटर की टीम ने कुल 110 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

## प्रधानमंत्री की घोषणा के बावजूद पाकिस्तान जा रहा पानी: भाटी

**बीकानेर।** कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा. प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि पाकिस्तान का पानी रोक देंगे। वो ठीक बात है लेकिन पाकिस्तान तो पानी जा रहा है। उनकी घोषणा का क्या हुआ।

यहां की राज्य सरकार उसकी पालना भी नहीं कर रही है जो प्रधानमंत्री ने कहा है। पानी पाकिस्तान जा रहा है और यहां के किसानों को पानी नहीं जा रहा है।

रविवार को भाटी ने बीकानेर में सर्किट हाउस में मीडिया से बात की। उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में धरना देने की बात की।

पानी का लेवल कम किया जा रहा भाटी ने मीडिया से कहा पानी का लेवल पोंग डैम हिमाचल में 1400 फीट तक आ सकता है लेकिन जानबूझकर नहीं किया जा रहा। हरिके बैराज पंजाब से पानी पाकिस्तान की ओर जा रहा है लेकिनए किसान के लिए चार में दो बारी भी पानी नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में कोलायत सहित बीकानेर के किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

पोंड लेवल नीचे रख रहे भाटी ने दावा किया. हरिके बैराज का पोंड लेवल नीचा किया जा रहा है। इससे लगातार 25 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी पाकिस्तान जा रहा है। पश्चिमी राजस्थान में पानी नहीं इसके बाद भी पश्चिमी राजस्थान के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं दिया जा रहा है। पश्चिमी राजस्थान में बारिश कम हुई हैए नहरी पानी भी कम मिल रहा है। ऐसे में फसलें बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई है। भाटी ने कहा. भंवर सिंह ने कहा कि इस वर्ष पोंग डेम के कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश होने से पोंग डैम का लेवल पंद्रह अगस्त को 1377.26 फीट था जबकि 83315 का इन्फ्लो था। पिछले एक सप्ताह से लगातार 55 हजार क्यूसेक पानी की निकासी दी जा रही है।ऐसे में पोंग डैम में पानी होने के बावजूद किसानों को चार (एबीसीडी) नहरों में दो बारी,टर्म पानी नहीं दिया जा रहा है। भाटी ने आरोप लगाया कि भाजपा के राज में नौकरशाही हावी है। उन्होंने कहा कि नहर विभाग के अधिकारी अपने स्तर पर यह तय कर देते हैं कि सिंचाई के पानी की पर्याप्त सप्लाई कहां होनी है। ऐसे में पश्चिमी राजस्थान के 10 जिलों में किसानों की फसल बर्बाद हो सकती है।

- कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा. प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि पाकिस्तान का पानी रोक देंगे। वो ठीक बात है लेकिन पाकिस्तान तो पानी जा रहा है। उनकी घोषणा का क्या हुआ।

# कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



**टोंक प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं सांसद हरिश्चंद्र मीणा के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवली की बैठक आयोजित हुई।**


**टोंक।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं सांसद हरिश्चंद्र मीणा के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवली द्वारा धुआँकला कांग्रेस मंडल की कार्यकर्ता बैठक व संघटनात्मक बैठक 16 अगस्त शनिवार को सीरत मैरिज गार्डन घाड में आयोजित हुई। बैठक के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह सम्मान कार्यकर्ताओं के मनोबल को और ऊँचा करता है तथा इस दौरान कार्यकर्ताओ ने पार्टी को मजबूत करने हेतु विचार व्यक्त किए, ऐसी बैठकों से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होता है।

- टोंक में कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित हुई
- कार्यकर्ताओ ने पार्टी को मजबूत करने हेतु विचार व्यक्त किए

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, देवली अध्यक्ष महादेव मीणा, धुआँकला मंडल अध्यक्ष इरफान आजमी, नीरज मीना, दीपेंद्र चौधरी, कांग्रेस ब्लाक महासचिव रामजीलाल बैरवा, मंडल उपाध्यक्ष ईमरान खान देशवाली, भंवरलाल गुर्जर, राजेश पहाड़ियां एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक लाईब्रेरी शुरू

**कोटपूतली।** गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के अगुवा नेता व सामाजिक क्रांति के अग्रदूत स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के संकल्प अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पढ़ी लिखी माँ व कर्ज मुक्त समाज का नारा धीरे-धीरे ही सही लेकिन सार्थकता के साथ गांव, ढ़ाणी तक समाज में व्यापक स्तर पर हो रहे सामाजिक, शैक्षणिक परिदृष्य के बदलाव का सूचक साबित हो रहा है। शिक्षा से सामाजिक परिवर्तन को लेकर गुर्जर समेत एमबीसी वर्ग ही नहीं बल्कि पिछड़ा, दलित, शोषित, वंचित व आदिवासी वर्गो में भी सामूहिक चेतना आती दिख रही हैं। इसी का पहला उदाहरण क्षेत्र के ग्राम टापरी में देखने को मिला हैं। जहां ग्रामीण नवयुवकों व सरकारी कार्मिकों ने पहल करते हुये गांव, ढ़ाणी से आने वाले गरीब विधार्थियों को अपनी परीक्षाओं की तैयारियों व अध्ययन में कोई समस्या ना हो इसके लिये एक सार्वजनिक लाईब्रेरी की शुरूआत की हैं। उल्लेखनीय है कि लाईब्रेरी का निर्माण विगत 06 माह पूर्व शुरू किया गया था। जिसका स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इसके लिये लगभग 03 लाख रूपयों की लागत से गांव के बीचो बीच स्थित 20 फिट गहरे व 30 फिट चौड़े दो सार्वजनिक कमरों में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय का निर्माण किया गया हैं। जिसमें शुरूआती तौर पर 30 सीटों की व्यवस्था के साथ लाईब्रेरी में ए.सी., इर्न्वटर व टॉयलेट की सुविधा भी दी गई हैं। साथ ही विधार्थियों के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु दैनिक अखबारों के साथ-साथ विभिन्न पत्र-पत्रिकायें एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई जायेगी।


किरोड़ी सिंह बैंसला

- कर्नल बैंसला के नाम से ग्राम टापरी में ग्रामीणों व सरकारी कार्मिकों ने बनवाई पहली सार्वजनिक लाईब्रेरी
- ग्रामीण विधार्थियों को अध्ययन में ना हो परेशानी इसलिये ग्रामीणों ने की पहल, स्वतंत्रता दिवस से लाईब्रेरी का शुभारम्भ
- 03 लाख रूपयों की आई लागत, 02 कमरों में 30 की सीटिंग व्यवस्था
- ए.सी. से लेकर इन्वेटर व टॉयलेट की सुविधा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकें, पत्र-पत्रिकायें व अखबार भी करवाये जायेगें उपलब्ध

ताकि ग्रामीण विधार्थियों को कोई समस्या ना हो एवं प्रतियोगी शिक्षा का माहौल विधार्थियों में बने। इस मुहिम से जुड़े सरकारी सेवाओं में अध्यापक ओमप्रकाश चनेजा ने बताया कि टापरी में लगभग 100 से अधिक सरकारी कार्मिक है, जो आरएएस, आरपीएस, पुलिस इंस्पेक्टर, व्याख्याता व सेना में कैप्टन जैसी पोस्ट पर पदस्थापित है। जिनके द्वारा समय-समय पर विधार्थियों की काउंसलिंग भी की जायेगी। आने वाले दिनों में लाईब्रेरी में सीटों व सुविधाओं का विस्तार भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह पहल सिर्फ हमारे गांव के लिए नहीं, बल्कि आसपास के सभी गांवों और समाज के लिए एक उदाहरण है कि सामूहिक प्रयास से शिक्षा, संस्कृति और विकास को नई दिशा दी जा सकती है। इस मौके पर कैप्टन गाड़ाराम, कप्तान गोकुल, रामस्वरूप हवलदार, मालाराम हवलदार, ख्यालीराम, देवकरण, बसंत, हरदान, प्रकाश पंच, डॉ. रामकुमार, छोटूराम, बबलू हवलदार, माडाराम हवलदार, सुभाष हवलदार आदि मौजूद रहें। ग्रामीणों ने बताया कि स्व. कर्नल बैंसला ने कहा था कि आप मुझे मूर्तियों में नहीं बल्कि पुस्तकालयों में ढुढंना, उनके इसी वाक्य से प्रेरित होकर नवयुवकों द्वारा गरीब विधार्थियों के लिये गांव में शिक्षा का माहौल पैदा करने के लिये लाईब्रेरी का निर्माण किया गया हैं। अब तहसील व फिर जिला स्तर पर कर्नल बैंसला से प्रेरित होकर पुस्तकालयों का निर्माण कराना है।

## रामदेवरा यात्रियों की सुरक्षा के लिए पहल

**अनूपगढ,।** यहां रामदेवरा जाने वाले पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक विशेष पहल की गई है। महक फाउंडेशन सोसायटी ने पुलिस प्रशासन और मित्र मंडली सेवा समिति के साथ मिलकर यह सेवा शुरू की है।

गांव 5 के नेशनल हाईवे 911 पर रविवार सुबह 11 बजे से यात्रियों के बैग और कपड़ों पर रिफ्लेक्टर लगाने का काम शुरू हुआ। यह सेवा अगले 4 दिनों तक चलेगी। एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने सभी सेवा समितियों से अपील की है कि वे भोजन के साथ-साथ रेडियम की व्यवस्था भी करें।

मित्र मंडली ने हाईवे पर यात्रियों के लिए भोजन, मेडिकल सुविधा, नाश्ता और ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था की है। प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रवीण तायल और दिनेश सेतिया ने बताया कि यह सेवा एसएचओ ईश्वर जांगिड़ की प्रेरणा से शुरू की गई है।

रात में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए रेडियम स्टीकर का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन यात्रियों को सड़क पर चलने के नियमों की जानकारी भी दे रहा है।

# भगवान श्री देवनारायण की 34 वीं विषाल ध्वज पद यात्रा 22 से

**कोटपूतली।** प्रतिवर्ष की भांति गुर्जर समाज के आराध्य, सुप्रसिद्ध लोक देवता भगवान श्री देवनारायण की 34 वीं विषाल ध्वज पद यात्रा आगामी 22 अगस्त से बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली जायेगी। यात्रा 22 अगस्त को राजमार्ग पर ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर से शुरू होकर 28 अगस्त को टोंक निवाई स्थित श्री देव धाम जोधपुरिया पहुंचेगी।

जहां भगवान श्री देवनारायण को ध्वज पताकायें अर्पित की जायेगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर कस्बा स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान की बैठक जिलाध्यक्ष दयाराम कसाना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें भगवान श्री देवनारायण की विषाल शोभायात्रा व ध्वज पताका यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई।

कसाना ने बताया कि हमेषा की तरह भगवान श्री देवनारायण की शोभायात्रा का आगामी 21 अगस्त गुरूवार को शाम 05 बजे बानसूर रोड़ के अनाज मंडी परिसर स्थित श्री षिव मंदिर में स्वागत किया जायेगा। जिसके बाद कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर भगवान श्री देवनारायण की शोभा यात्रा पूतली स्थित मंदिर परिसर पहुंचेगी।

- 21 अगस्त को कोटपूतली में होगा जोरदार स्वागत
- नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जायेगी विषाल शोभायात्रा
- आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

जहां रात्रि को विषाल कार्यक्रम व सामाजिक सम्मेलन का आयोजन होगा। इसको लेकर सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। कोषाध्यक्ष एड. चेतराम रावत ने बताया कि शोभायात्रा का कस्बे में विभिन्न स्थानों पर सर्वसमाज की ओर से स्वागत द्वार लगाकर फूलों मालाओं से स्वागत किया जायेगा।

बैठक में प्रदेषाध्यक्ष शंकर लाल कसाना, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, तहसील अध्यक्ष विक्रम रावत, रोषन हवलदार, रामजीलाल, महेष जांगल, हंसराज रावत, मंदिर समिति अध्यक्ष पन्नाराम कसाना, राजाराम कसाना, रामनिवास कांवर, एड. दयाराम खटाना, मुकेष कसाना, कमल कसाना, महेष रहीसा, रामौतार गुरूजी, धर्मपाल कसाना, हवासिंह कसाना, गिरिराज कसाना, राजेन्द्र कसाना, सतीष गुरूजी, कृष्ण कसाना, उमादत्त रावत, देषराज बिछवाल, जयराम रावत, घनष्याम गुर्जर, लीलाराम पीटीआई समेत बड़ी संख्या में अन्य मौजूद रहें।

इस दौरान श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान के जिलाध्यक्ष दयाराम कसाना ने प्रदेषाध्यक्ष शंकर लाल कसाना के निर्देषानुसार कस्बे के वार्ड नं.15 निवासी नगर परिषद पार्षद जयराम रावत को संस्थान का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

## अवैध शराब की कुल 690 पेटीयां जप्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**सांभरझील, (निसं)।** मोखमपुरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भारी मात्रा में शराब का जखीरा बरामद किया। बरामद शराब की कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई गई है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी मौखमपुरा संजय प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। मुखबीर ने पुलिस को बताया था एक ट्रक जो की चण्डीगढ से गुजरात की तरफ जा रहा है जो अभी बगरू से अजमेर जा रहा है जिसकी समय पर तलाशी ली जावे तो बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हो सकती है। सूचना पर थानाधिकारी मौखमपुरा द्वारा मय जाप्ता द्वारा एनएच 48 मिश्रा होटल पालू खुर्द जयपुर से अजमेर जाने वाले रोड पर नाकाबन्दी शुरू की गई। इसी दौरान मुताबिक सुचना के ट्रक जयपुर से अजमेर कि तरफ आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकवाया जाकर चालक देशराज व खलासी सुनिल की मौजूदगी मे ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक में बिना अनुज्ञापत्र के भारी मात्रा में अंठाजी शराब की 16 पेटियां व बीयर की 674 पेटियां मिली। आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब, बीयर व शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन ट्रक को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में पंजाब निर्मित अवैध शराब को चण्डीगढ से गुजरात लेकर जाना बताया है। गिरफ्तार आरोपी देशराज पुत्र ज्ञानचन्द जाति राजपूत उम्र 34 साल निवासी सनाली थाना दारला घाट जिला सोलन हिमाचल प्रदेश, सुनिल पुत्र राजेन्द्र कुमार जाति राजपूत उम्र 26 साल निवासी पंदोवा थाना उगली जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं।

# नशे के आदी 5 युवक आपस में भिड़े

**हनुमानगढ़ ।** जिले की पल्लू पुलिस ने आपस में झगड़ा कर रहे पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी युवक 20 से 24 वर्ष की आयु के हैं। पुलिस अधीक्षक हरी शंकर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।थानाधिकारी जगदीश पांडर के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल श्रवण कुमार और कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश की टीम ने युवकों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार युवकों में प्रमोद काशनिया, मुकेश, शेखर, रोहिताश और राकेश नायक शामिल हैं।

- सभी शांतिभंग में गिरफ्तार, पल्लू थाना पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने सभी आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया है। ये युवक नशे के आदी थे और आपस में एक-दूसरे को मारने पर उतारू हो रहे थे। प्रमोद काशनिया पल्लू के वार्ड नंबर 10 का निवासी है। मुकेश धान्धूसर, शेखर दनीयासर, रोहिताश गोरखाना और राकेश नायक जेतासर के रहने वाले हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकंवर और वृत्ताधिकारी संजीव कटेवा के निरीक्षण में अभियान जारी है।



पाकिस्तान वाले पूरी दुनिया के मुसलमानों के ठेकेदार बनने की कोशिश करते हैं। पाकिस्तान को खुद पर ध्यान देने की जरूरत है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी से जुड़ा किस्सा सुनाते हुए कही। **- इरफान पठान**

**पूर्व भारतीय ऑलराउंडर, शाहिद आफरीदी को सलाह देते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## देविका सिहाग



**भारतीय** शटलर देविका सिहाग ने रविवार को मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 टूर्नामेंट में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। आज यहां 25 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 100वें स्थान पर काबिज देविका ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशारानी को 15-7, 15-12 से हराया। देविका सिहाग के करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2024 में इंटरनेशनल सीरीज लेवल पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल खिताब जीते थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** एजबेस्टन में गिल के 269 रन ने विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को तोड़कर भारतीय कप्तान द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर दर्ज किया।

# भारत ने जीता है सबसे ज्यादा बार एशिया कप का खिताब

नई दिल्ली, 17 अगस्त। एशिया कप के 17वें सीजन का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। जिसने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है। तो 2 बार पाकिस्तान ने ये खिताब जीता है।

वहीं भारत को 8 बार खिताब जिताने के पीछे 5 कप्तानों का योगदान रहा है। 1984 से शुरू हुए एशिया कप का पहला खिताब भी भारत ने ही जीता था। 2023 में हुए आखिरी सीजन में भी भारत विजयी रहा था। एक नजर एशिया कप खिताब जीतने वाले भारतीय कप्तानों पर डालते हैं।



**सुनील गावस्कर-** सुनील गावस्कर एशिया कप का खिताब जीतने वाले पहले कप्तान थे। उन्होंने ये उपलब्धि 1984 में हासिल की थी। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को धूल चटाकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था और यहीं से टीम इंडिया ने एशियाई टीमों पर अपना दबदबा बनाना शुरू किया था।

**दिलीप वेंगसरकर-**1986 की खराब परफॉर्मेंस के बाद दिलीप वेंगसरकर भारत को 1988 में एक बार फिर एशिया कप का चैंपियन बनाया। इस बार टूर्नामेंट में 4 टीमों ने हिस्सा लिया था।

**मोहम्मद अजहरुद्दीन-** 1988 से 1995 तक एशिया कप पर भारत का राज रहा है। इस दौरान कुल तीन बार टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। 1988 के बाद अजहरुद्दीन ने एशिया कप 1991 में टीम इंडिया की कमान संभाली और चैंपियन बनाया। इसके बाद 1995 में फिर भारत ने उनकी अगुवाई में ट्रॉफी जीती।

**एमएस धोनी-**2004 और 08 के तो फाइनल तक टीम इंडिया पहुंची थी, लेकिन दोनों ही बार श्रीलंका ने उन्हें हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके बाद 2010 में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत फिर चैंपियन बना और 15 साल का सूखा खत्म किया।

**रोहित शर्मा-**2018 में विराट कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा को एशिया कप में टीम इंडिया को लीड करने का मौका मिला। इसके बाद 7वीं बार उनकी कप्तान को एशिया कप का खिताब मिला। इसके बाद 2023 में भी रोहित की कप्तानी में भारत ने ट्रॉफी जीती।

## बुमराह एशिया कप में खेलेंगे या नहीं ?



नई दिल्ली, 17 अगस्त। एशिया कप 2025 के आगाज में अब बस कुछ ही समय शेष है। इस बार एशिया कप यूएई के दो शहरों दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 9 सितंबर से होगा जबकि फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा।वहीं एशिया कप से पहले भारतीय टीम को एक बड़ी गुड न्यूज मिली है। दरअसल, स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने खुद को इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध बताया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, जसप्रीत बुमराह ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को सूचित किया है कि वो पूरी तरह से फिट हैं और टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए उत्सुक हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 अगस्त को हो सकती है। इसके लिए मुंबई में चयनकर्ताओं की बैठक होगी। एक सूत्र ने इस अंग्रेजी अखबार से कहा कि,जसप्रीत बुमराह ने चयनकर्ताओं को सूचित किया है कि वो एशिया कप में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। चयन समिति अगले हफ्ते बैठकर करके इस पर चर्चा करेगी। जसप्रीत बुमराह ने पिछले साल हुए टी20 वर्ल्ड कप के बाद से भारतीय टीम के लिए व्हाइट बॉल क्रिकेट में भाग नहीं लिया है। तब बुमराह ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को खिताबी जीत दिलाने में अहमभूमिका निभाई थी।

## एशिया कप 2025 से पहले टीम इंडिया के लिए सूर्यकुमार ने पास किया फिटनेस टेस्ट

नई दिल्ली, 17 अगस्त। भारत की एशिया कप टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की बैठक से पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बेंगलुरु स्थित 'बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में अपना फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। सूर्यकुमार आखिरी बार आईपीएल में खेले थे और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए।इस आक्रामक बल्लेबाज ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में पेट के निचले दाहिने हिस्से में 'स्पोर्ट्स हर्निया' की सर्जरी करवाई थी। "सर्जरी के बाद वापसी (रिटर्न टू प्ले-आरटीपी) से पहले फिटनेस टेस्ट अनिवार्य है। सूर्यकुमार ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है।" सर्जरी के बाद सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, "पेट के निचले दाहिने हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी के बाद मैं पहले से ही ठीक हो रहा हूं। वापसी का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं।" फिटनेस हासिल करने के बाद यह स्टाइलिश बल्लेबाज अब मंगलवार को मुंबई में चयन समिति की बैठक में शामिल होगा। एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाएगा जिसमें भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को मेजबान टीम के खिलाफ करेगा जबकि चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला 14 सितंबर को दुबई में होगा। 34 वर्षीय इस खिलाड़ी ने आईपीएल सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए 717 रन बनाए और सचिन तेंदुलकर के बाद मुंबई इंडियंस के लिए एक सत्र में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे। वह 'ऑरेंज कैप' विजेता गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन (759 रन) से पीछे रहे और मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई जहां टीम ने एलिमिनेटर में गुजरात को हराया लेकिन फिर दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स से हार गई।

# अल्काराज फाइनल में, खिताबी भिड़ंत सिनर से

ओहियो (अमेरिका), 17 अगस्त। स्पेन के स्टार कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन में अस्वस्थ एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर लगातार सातवें टूर-लेवल फाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी जैनिक सिनर से होगा।

शनिवार रात खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने जर्मनी के अस्वस्थ चल रहे ज्वेरेव पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। शुरुआती सेट का निर्णय अल्काराज के शानदार प्रदर्शन से हुआ। लेकिन पसीने से लथपथ ज्वेरेव को दूसरे सेट में शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा।



शुक्रवार को बेन शेल्टन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में अपनी प्रभावशाली जीत के दौरान फिजियो द्वारा उपचार प्राप्त करने वाले जर्मन खिलाड़ी को दूसरे सेट में 2-1 के स्कोर पर मेडिकल टाइमआउट के लिए कोर्ट छोड़ना पड़ा और मैच के बाकी हिस्से में उनकी स्थिति स्पष्ट रूप से कमजोर रही।

मैच के बाद अल्काराज ने कहा, किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता जिसके बारे में आपको पता हो कि वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। यह और भी मुश्किल हो जाता है जब यह पता हो कि वह शानदार खिलाड़ी है और कोर्ट के बाहर इतना अच्छा इंसान है। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। दूसरे सेमीफाइनल में सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमैन को 7-6 (7-4), 6-2 से हराया, जिससे उनकी हार्ड-कोर्ट जीत का सिलसिला 26 मैचों तक पहुंच गया।

ये दोनों युवा सितारे इस खेल की सबसे कड़ी नई प्रतिद्वंद्विता के रूप में उभरे हैं, और सिनर ने विंबलडन में अपने पिछले मुकाबले में जीत हासिल की थी। दोनों ने अपने सेमीफाइनल मुकाबलों की कठिनाई को स्वीकार किया।

सिनर ने कहा, यह बहुत मुश्किल था, खासकर टाईब्रेक में। टूर्नामेंट के इस चरण में जब भी आप उनसे खेलते हैं, दबाव बहुत ज्यादा होता है। सिनसिनाटी फाइनल में प्रशंसक अल्काराज-सिनर प्रतिद्वंद्विता के एक और अध्याय के लिए तैयार हैं।

## चोटिल अनाहत एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन में रहीं उपविजेता

बेगा (ऑस्ट्रेलिया) 17 अगस्त। दूसरी वरीयता प्राप्त चोटिल भारतीय किशोरी अनाहत सिंह रविवार को एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रिटायर होकर उपविजेता रहीं। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में अनाहत चोटिल होकर रिटायर हुई और उन्हें मिस्त्र की हबीबा हानी के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह पहली बार है जब वह पीएसए कॉपर-स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहला गेम 11-9 से जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन हानी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम अपने नाम कर लिए। चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रही अनाहत को प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा।

# नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

नई दिल्ली, 17 अगस्त। मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम स्टैंडिंग के अनुसार स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होने वाली डायमंड लीग 2025 फाइनल में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने सिलेसिया डायमंड लीग में भाग नहीं लिया था, लेकिन इस वर्ष दो डायमंड लीग मैचों में 15 अंक हासिल करने के साथ वह 27 और 28 अगस्त को स्विट्जरलैंड में होने वाले ग्रैंड फाइनल के लिए पहले ही स्थान बना चुके हैं। 2025 डायमंड लीग चैंपियन का फैसला करने के लिए पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

इस सीजन में अपने दो डायमंड लीग मुकाबलों में 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पेरिस चरण में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की, जबकि दोहा में उन्होंने 90.23 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा और वेबर दोनों 15 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जबकि त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट तीन स्पर्धाओं में 17 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। 2012 लंदन ओलंपिक चैंपियन वाल्कॉट सिलेसिया में 82.54 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा के भी ज्यूरिख में होने वाले ग्रैंड फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद है। नीरज चोपड़ा ने अभी तक ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।

# भारत ने वर्ल्ड गेम्स में जीते रिकॉर्ड तीन पदक

चेंगदू (चीन), 17 अगस्त। भारत ने वर्ल्ड गेम्स 2025 का समापन रविवार को रिकॉर्ड तीन पदकों के साथ किया। भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य जीते। पदकों की संख्या के लिहाज से यह वर्ल्ड गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने जर्मनी के कार्लजुए में 1989 में पावरलिफ्टिंग में दो पदक जीते थे।

ऋषभ यादव ने व्यक्तिगत पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य जीतकर भारत को 2025 वर्ल्ड गेम्स की पदक तालिका में दर्ज कराया। इसके बाद नम्रता बत्रा ने महिलाओं की सांडा 52 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीता, जो कि वर्ल्ड गेम्स में वुशु में भारत का पहला पदक था। आनंदकुमार वेलकुमार ने भी अपनी लय को बरकरार रखते हुए पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस मल्टी स्पोर्ट द्विवार्षिक प्रतियोगिता में देश के लिए पहला रोलर स्पोर्ट्स पदक जीता।

कुछ करीबी मुकाबले भी हुए, जिनमें भारत पदक जीतने से चूक गया। अभिषेक वर्मा मेंस कंपाउंड व्यक्तिगत कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ से हारकर पोडियम पर जगह नहीं बना सके। इसके अलावा, भारतीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी शिवम अरोड़ा को मिक्स्ड हेबॉल पूल कांस्य पदक मैच में चीन के तांग चुनशियाओ से 5-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आर्यनपाल सिंह घुमन मेंस 200 मीटर टाइम ट्रायल इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में 0.083 सेकेंड से कांस्य पदक से चूक गए। भारत का प्रतियोगिता में अभियान रविवार को वूमेंस स्लैलम क्लासिक इनलाइन फ्रीस्टाइल स्केटिंग स्पर्धा में श्रेयशी जोशी के छठे स्थान पर रहने के साथ समाप्त हुआ।

# सुनील छेत्री को कैम्प में नहीं लेने पर कोच खालिद जमील का बयान, कहा- टीम तैयारी के लिए टूर्नामेंट खेल रही...

नई दिल्ली, 17 अगस्त। भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील ने रविवार को करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के सीएएफए नेशंस कप राष्ट्रीय शिविर से बाहर पर कहा कि यह अक्टूबर में होने वाले एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के अहम मैचों के लिए महज तैयारी टूर्नामेंट है। इस महीने की शुरुआत में मनोलो मार्केज की जगह भारत के मुख्य कोच बने जमील ने शुक्रवार को ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में होने वाले आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें छेत्री का नाम शामिल नहीं है।

जमील ने ज्यादा कुछ नहीं कहा, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया कि छेत्री के नौ अक्टूबर (विदेश में) और 14 अक्टूबर (घरेलू) को सिंगापुर के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की उम्मीद है। जमील ने राष्ट्रीय शिविर के दूसरे दिन कहा, "वह (छेत्री) इस शिविर में नहीं हैं क्योंकि हम एक टूर्नामेंट खेल रहे हैं जो अनिवार्य रूप से हमारे एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी का काम करेगा।"



उन्होंने कहा, "मैं इस फीफा विंडो के दौरान कुछ अन्य खिलाड़ियों को भी आजमाना चाहता हूं। मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। टीम में उनके जैसे खिलाड़ी का होना हमेशा खुशी की बात होती है और उनके लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं।" जमील ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की एक विज्ञप्ति में कहा, "सुनील भारतीय फुटबॉल के दिग्गज हैं। मैं उनके खिलाफ खेला हूं, मैंने उन्हें कई मौकों पर खेलते देखा है और वह मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक हैं। वह भारतीय फुटबॉल के लिए एक आदर्श हैं।"

राष्ट्रीय शिविर शनिवार को शुरू हुआ जिसमें 22 खिलाड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं जबकि बचे हुए 13 अन्य डूरंड कप के लिए क्लबों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं और जल्द ही शिविर से जुड़ेंगे। सीएएफए नेशंस कप 48 वर्षीय जमील का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा और उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट उनकी टीम के लिए बेहतरीन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने का एक अच्छा मौका होगा।

# ऑस्ट्रेलिया-ए महिला टीम ने इंडिया-ए को नौ विकेट से हराया

ब्रिस्बेन, 17 अगस्त। तालिया मैक्ग्रा (तीन विकेट) के बाद एलिसा हीली (नाबाद 137) और तालिया विल्सन (59) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसर एकदिवसीय मुकाबले में इंडिया ए को 133 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में स्वयं का सुपड़ा साफ होने से बचा लिया। इंडिया ए यह सीरीज 2-1 से जीती है। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ए के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 17वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन 51 गेंदों में 59 रन को आउटकर इंडिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी रेचल ट्रेनामैन ने एलिसा हीली के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को 27.5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंडिया ए की ओर से एकमात्र विकेट राधा यादव को मिला। इससे पहले आज यहां इंडिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए के लिए शेफाली वर्मा और नंदिनी कश्यप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करे हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 19वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने शेफाली वर्मा (52) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में एला हेवर्ड ने नंदिनी कश्यप(28) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया ए को दूसरी सफलता दिलाई।

## बीकानेर और अजमेर ने सीनियर महिला राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया

जयपुर 17 अगस्त राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान मे आयोजित राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 से 18 अगस्त के मध्य विट्टी इंटरनेशनल स्कूल मेदान पर किया जा रहा है। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलिप सिंह शेखावत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रात:कालीन सत्र मे क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए जिनके परिणाम निम्न रहे। पहले मैच मे बीकानेर ने जयपुर को 7-1 से , दूसरे मैच मे झुंझुनू ने भरतपुर को 2-1 से व तीसरे मैच मे सीकर ने जोधपुर को पेनल्टी मे व चौथे मैच मे अजमेर ने हनुमानगढ़ को 4-0 से हराया व सांध्य कालीन सत्र मे खेले गए। सेमिफाइनल मैच मे बीकानेर ने सीकर को 7-1 से हराया व दूसरे सेमीफइनल मैच मे अजमेर ने झुंझुनू को 4-0 से हराया। कल सुबह 18 अगस्त को फाइनल व तीसरे स्थान के मुकाबलों के मैच खेले जाएंगे।

## पाक की एशिया कप टीम में बाबर और रिजवान को नहीं मिली जगह

लाहौर 17 अगस्त। पाकिस्तान ने अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को एशिया कप के लिए टी-20 टीम में शामिल नहीं किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और एशिया कप के लिए सलमान आगा की अगुवाई वाली 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इन दोनों सीरीज के लिए बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम में जगह नहीं मिली है। बाबर ने आखिरी बार पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय टी-20 में दिसंबर 2024 में प्रतिनिधित्व किया था।

यूएई त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:- सलमान आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सूफियान मूकीम।

## ब्रेविस की आईपीएल सैलरी पर रविचंद्रन अश्विन ने दी सफाई

चेन्नई, 17 अगस्त। पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल 2025 के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा डेवाल्ड ब्रेविस को खरीद पर खुलकर बात की है। वहीं अश्विन ने कहा है कि, इसमें किसी की कोई गलती नहीं थी, और चोट के कारण खिलाड़ियों का रिप्लेसमेंट लीग में एक आम बात रही है। उन्होंने आगे कहा कि हर टीम चोट के कारण रिप्लेसमेंट नियम के मौजूद लचीलेपन का फायदा उठा रही है। पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा डेवाल्ड ब्रेविस को साइन करने पर दिए गए अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका असली फोकस साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज की बैटिंग पर था, न कि आईपीएल 2025 के बीच सीजन में उनके साइनिंग अमाउंट पर। अश्विन, जो चेन्नई सुपर किंग्स से आईपीएल खेलते हैं। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम ब्रेविस को साइन करने के लिए ज्यादा पैसे देने को तैयार थी। उनके इस कमेंट के बाद फ्रेंचाइजी को एक दिन पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट करके आधिकारिक सफाई देनी पड़ी थी।

## एशियाई युवा पैरा खेलों के 'लोगो' का अनावरण

दुबई, 17 अगस्त। दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों की आयोजन समिति ने एपीसी सम्मेलन और आम सभा के दौरान अपने लोगो का अनावरण किया, जो इस क्षेत्र के सबसे समावेशी खेल आयोजनों में एक और रोमांचक मील का पत्थर साबित होगा। दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशिया भर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 7 से 14 दिसंबर तक 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नया लॉन्च किया गया लोगो, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल हैं, पैरा खेलों की जीवंत भावना को दर्शाता है और साथ ही दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को एक गौरवशाली मेजबान शहर के रूप में दर्शाता है। इस कार्यक्रम में बॉर्न टू राइज स्लोगन का भी अनावरण किया गया - यह स्लोगन पूरे एशिया के युवा पैरा-एथलीटों के उत्साह, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन को दर्शाता है। एशियाई पैरालंपिक अध्यक्ष माजिद रशीद ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा: यह एशियाई पैरालंपिक परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एशियाई युवा पैरा खेल लचीलेपन, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का उत्सव हैं, और हमारे एथलीट हमारे मिशन के केंद्र में हैं। यह घोषणा सभी प्रतिभागियों के लिए खेलों की तैयारी के दौरान स्पष्टता भी प्रदान करती है।

## राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी, सीनियर महिला 20 ट्रॉफी व अंडर 19 ट्रॉफी

# ऋषभ, अमोल, डिपंल के शतक व कनिका का ऑलराउंडर प्रदर्शन

### आकाश सिंह, आयुष, ज्योति, गौरव, सीमा जाट, प्रीत, गुलाब सिंह चमके

जयपुर, 17 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता, सीनियर रणजी ट्रॉफी व अंडर 19 प्रतियोगिता में में भाग लेने वाली राजस्थान टीमों के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी, राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन 20 प्रतियोगिता व राज्य स्तरीय अंडर 19 प्रतियोगिता के खेल गए मैचों का परिणाम व स्कोर :- आरसीए सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी :- दूसरे दिन का स्कोर

**के एल सैनी स्टेडियम-** टीम जी पारी 241 आल आउट, टीम के लिए राज शर्मा 89 व आदित्य सिंह 68 रन, टीम एच के गेंदबाज धनंजय तिवारी 40/5, दानिश भाम्भू व रोहित खिचर प्रत्येक 2-2 विकेट, टीम एच पारी 286/9, टीम के लिए यश कोठारी 90, मिलिंद पाटीदार 75 व धन्नजयशर्मा नाबाद 20 रन, टीम जी के गेंदबाज दीपक चौधरी 66/3, पायलट सिंह 62/3 व शिवा चौहान 26/2 विकेट।

**अनंतम ग्राउंड -** टीम डी पारी 351 आल आउट, टीम के लिए अमोल चेलानी 131, मिनाफ 51, अंशुल 36, सौरव 30, हेमंत 28 व देवकृत शर्मा 21 रन, टीम सी के गेंदबाज जयदीप सिंह 92 /4 व हेमंत स्वामी 53 /3 विकेट, टीम सी पारी 251/6, टीम के लिए कुणाल सिंह राठौर नाबाद 60, रामनिवास गोलाडा 41, शोभित मिश्रा 41, युवराज सिंह 39 व राहुल 32 रन, टीम बी के गेंदबाज नीलेश टांक व रामेश्वर लाल प्रत्येक 2-2 विकेट।

**सोनी ग्राउंड -** टीम बी पारी 342 आल आउट, टीम के लिए सुमित गोदारा 162, राजकुमार 61 व हिमांशु 33 रन, टीम ए के गेंदबाज आकाश सिंह 53/5 ,भगवान् सिंह 57/2 व साहिल दीवान 51/2 विकेट, टीम ए पारी 203/3, टीम के लिए राम मोहन 93, मानेन्द्र सिंह 52 व अजय राज 30 रन, टीम बी के गेंदबाज अशोक शर्मा, हिमांशु व मो साद प्रत्येक 1-1 विकेट।

**जयपुरिया ग्राउंड -** टीम ई पारी 519 आल आउट, टीम के लिए करण लाम्बा 177, राजवीर सिंह 128, विशाल 51 व जयंत ताम्बी 31 रन, टीम के गेंदबाज गणपत लाल शर्मा व नवीन प्रत्येक 3-3 विकेट, टीम एफ पारी 79 /3, टीम के लिए सचिन शर्मा 34 व अव्यांश 26 रन, टीम ई के गेंदबाज मोहित, सलाउद्दीन, प्रद्युमन प्रत्येक 1-1 विकेट।

**राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन 20 प्रतियोगिता के मैचों का परिणाम-**

**प्री क्वाटर फाइनल मैच :- संस्कार ग्राउंड दौसा - हनुमानगढ़** (दौसा 56 रन से जीती), दौसा पारी 118/6, टीम के लिए तनिका शर्मा 74 व याना 14 रन, हनुमागढ़ की गेंदबाज संजू व मनीषा प्रत्येक 2 -2 विकेट, हनुमागढ़ पारी 62 आल आउट, दौसा की गेंदबाज तनिका शर्मा, निधि, याना व भूमिका प्रत्येक 2 -2 विकेट।

**झुंझनू - टोंक** (झुंझनू 16 रन से जीती), झुंझनू पारी 108/3, टीम के लिए बबिता 42 व नगमा 36 रन, टोंक की गेंदबाज मेधावी गौड़ 19/2 विकेट, टोंक पारी 92 आल आउट, टीम के लिए सारिका 21 रन, झुंझनू की गेंदबाज ज्योति 13/4 व कनक 12/2 विकेट।

**क्वाटर फाइनल मैच - आरसीए अकादमी जयपुर - अजमेर** (जयपुर 69 रन से जीती), जयपुर पारी 131/3, टीम के लिए अर्चना 36, मेघा 32, संगीता 31 रन, अजमेर पारी 62 /8, जयपुर की गेंदबाज अक्षिता, सुमन, सिद्दी शर्मा व अर्चना प्रत्येक 1 -1 विकेट।

**सीकर - नागौर** (सीकर 98 रन से जीती), सीकर पारी 226/4, टीम के लिए डिंपल कँवर 118 ,अंशु सैनी 69 रन, नागौर पारी 128/5, टीम के लिए सीमा जाट 53, सीकर की गेंदबाज प्रीत 19/3 व वृंदा शर्मा, अनन्या प्रत्येक 1-1 विकेट।

**राज्य स्तरीय अंडर 19 प्रतियोगिता ( दूसरे दिन जोधपुर टोंक जीती )**

**जैसलमेर - टोंक** (टोंक 6 विकेट से जीती), जैसलमेर पारी 147 आल आउट, टीम के लिए गुलाब सिंह 72 रन, टोंक के गेंदबाज आयुष 16/4 व शुभांकर 19/3, टोंक पारी 149/4, टीम के लिए विशाल सैनी 43 व मो अनस 32 रन, जैसलमेर के गेंदबाज गुलाब सिंह 64/2

**जोधपुर - बारां** (जोधपुर 219 रन से जीती), जोधपुर पारी 316 आल आउट, टीम के लिए ऋषभ यादव 100, केतन 56 व कृशाना 5 रन, बारां के गेंदबाज सचिन यादव 55/3, बारां पारी 97 आल आउट, टीम के लिए पियूष 43 रन, जोधपुर के गेंदबाज गौरव 20/4 व केतन 14/2 विकेट।



## सीनियर महिला 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में दौसा टीम का क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

जयपुर, 17 अगस्त। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि सीनियर महिला 20 प्रतियोगिता में दौसा की टीम का प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला हनुमानगढ़ के खिलाफ हुआ जिसमें दौसा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन 6 विकेट खोकर बनाएं। टीम की ओर से अंतिम बॉल तक एक छोर संभालते हुए तनिका शर्मा ने रन 66 बॉल पर नाबाद पारी खेली। दौसा के जवाब में खेलने उतरी हनुमानगढ़ की टीम 62 रन पर ऑल आउट हो गई। ऑल राउंड प्रदर्शन करते हुए तनिका शर्मा ने पांच रन पर दो विकेट लिए जिसकी बदौलत दौसा को 56 रन से जीत हासिल हुई। उपाध्याय ने बताया की क्वार्टर फाइनल मुकाबला झुंझुनू से दिनांक 18.6.2025 को सुबह 9 बजे आरसीए एकेडमी ग्राउंड पर खेला जाएगा।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित राज्य बजट 2024-25 तथा 2025-26 की लंबित बजटीय घोषणाओं की समीक्षा की।*

# राजस्थान में एम्स दिल्ली की तरह का संस्थान बनाने में 750 करोड़ रु. खर्च होंगे

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने रविवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की लंबित बजटीय घोषणाओं की समीक्षा की

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि एसएमएस अस्पताल पर मरीजों का भार कम करने के लिये राजधानी के अन्य अस्पतालों के साथ प्रदेश भर के राजकीय चिकित्सालयों का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा।**
- **उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक के वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार घर पर ही निशुल्क दवा उपलब्ध कराने की बजट घोषणा को लागू करने के लिये किसी एक जिले में पालयट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया जायेगा।**

जयपुर, 17 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रदेश की प्रत्येक गांव-ढ़ाणी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो और राज्य का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ रहे। इसी मंशा के साथ राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही कुल बजट का 8.26 प्रतिशत स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए रखा था। उन्होंने कहा कि राज्य में चिकित्सा ढ़ांचा सुदृढ़ करने के लिए चिकित्सा केन्द्रों को क्रमोन्नत करने तथा नवीन चिकित्सालय प्रारम्भ करने जैसी बजट घोषणाएं की गई हैं।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित राज्य बजट 2024-25 तथा 2025-26 की लंबित बजटीय घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा को नई ऊंचाइयां देने के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइसेंज (आरयूएचएस) का उन्नयन कर एम्स, दिल्ली की तर्ज पर राजस्थान इंस्टियट ऑफ मेडिकल साइसेंज (रिम्स) की स्थापना की जा रही है। इस पर चरणबद्ध रूप से 750 करोड़ रूपये व्यय किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के कार्मिकों एवं पेंशनर्स के लिए संचालित आरजीएचएस योजना को अधिक सुलभ करते हुए इसे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग इस योजना में पूरी तरह पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता सुनिश्चित करें एवं इसका दुरूपयोग करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। श्री शर्मा ने कहा कि इस कार्य में लिप्त संस्थाओं के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए। योजना के दुरूपयोग की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा फ्रॉड डिडक्शन सॉफ्टवेयर जैसी तकनीकों की मदद ली जाए।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सवाई मानसिंह अस्पताल जैसे वृहद चिकित्सालयों पर मरीजों का भार कम करने के लिए राजधानी स्थित अस्पतालों के साथ ही प्रदेशभर के अन्य राजकीय चिकित्सालयों का और अधिक सुदृढ़ीकरण करते हुए उनमें चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष आयु से अधिक के वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार घर पर ही निःशुल्क दवा उपलब्ध करवाये जाने की बजट घोषणा को सुचारू रूप से लागू करने के लिए किसी एक जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारम्भ करते हुए चरणबद्ध रूप से प्रदेशभर में लागू किया जाए।

बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा स्वास्थ्य शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## बैंक याचिकाकर्ता को सम्पत्ति का कब्जा वापस दे- हाईकोर्ट

जयपुर,17 अगस्त । राजस्थान हाईकोर्ट ने लोन की किश्त भरने में देरी के कारण बैंक के याचिकाकर्ता की सम्पत्ति पर कब्जा करने के ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने डीआरटी से इस मामले में दो माह में पुनः सुनवाई करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को उसकी सम्पत्ति का कब्जा वापस दिला दिया है। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश जयपुर के रवि गोस्वामी व सविता गोस्वामी की अपील पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता हेमंत कुमार शर्मा ने अदालत को बताया कि लोन की किस्त समय पर नहीं पाने के कारण आईसीआईसीआई बैंक ने याचिकाकर्ता का खाता एनपीए कर दिया। जिसे याचिकाकर्ता ने डीआरटी में चुनौती दी।

- **अदालत ने डीआरटी को दो माह में मामले की पुनः सुनवाई करने को कहा।**

याचिका में कहा कि डीआरटी का आदेश रद्द कर बैंक से याचिकाकर्ता को उसकी सम्पत्ति वापस दिलाई जाए। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में कहा कि डीआरटी के अंतरिम आदेश पर याचिकाकर्ता ने बैंक को करीब 30 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। इसके बावजूद याचिकाकर्ता पक्ष के ऋण खाते एनपीए में शामिल कर बैंक ने उसकी जयपुर में सेज स्थित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया। याचिका में हाईकोर्ट से कहा गया कि डीआरटी ने याचिकाकर्ता का पक्ष नहीं सुना, जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। बैंक ने डीआरटी के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में सुनवाई पर सवाल उठाया। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि डीआरटी प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त की पालना करते हुए याचिकाकर्ता को उसका पक्ष रखने का मौका दे।

# कठुआ में बाढ़ से सात लोगों की मौत

## घाटी क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में बादल फटने से आई बाढ़ में मकान-रेलवे ट्रैक व राजमार्ग को नुकसान पहुंचा

- **पुलिस और सेना के साथ एसडीआरएफ ने बचाव अभियान में भी भाग लिया। जंगलोट के भांगर गांव के दिलवाने इलाके में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरु किया गया।**

जम्मू, 17 अगस्त। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग-घाटी इलाके में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ में रविवार को कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि कठुआ जिले में रात भर हुयी भारी बारिश के कारण सुबह अचानक बाढ़ आ गयी। इस त्रासदी के कारण जिले के कुछ हिस्सों में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

उन्होंने कहा, ''घाटी क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में भी बादल फटने की भी खबरें हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई, जिससे घरों और अन्य बुनियादी ढाँचों को नुकसान पहुँचा। इसके अलावा, जंगलोट और आसपास के इलाकों में रेलवे ट्रैक और जम्मू-कठुआ राष्ट्रीय राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी नुकसान पहुँचा है।

पुलिस और सेना की टीमों के साथ-साथ एसडीआरएफ को भी बचाव अभियान में लगाया गया है और प्रभावित परिवारों तक पहुँचने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि कठुआ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राहुल चरक के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर पुलिस, एसडीआरएफ और सीआरपीएफ के जवानों की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और जंगलोट के भांगर गांव के दिलवाने इलाके में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया है। यहां एक मां -बेटी की इस आपदा में मौत हो गई है। पुलिस, सेना और एसडीआरएफ ने कठुआ के राजबाग के जोडे इलाके में प्रभावित परिवारों तक पहुंचने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया है, जहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित पांच लोगों की इस त्रासदी में मौत हो गई।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ''घायलों को उचित अस्पतालों में पहुँचाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं की व्यवस्था की गई है। छह घायलों को पठानकोट के मामून में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, ''पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर डेरा डाले हुए हैं और लगातार संपर्क में हैं। आवश्यकता पड़ने पर आगे की सहायता की व्यवस्था की जाएगी।''

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''कठुआ के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है।''

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को बादल फटने और भूस्खलन प्रभावित कठुआ जिले में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहत, बचाव और निकासी के उपाय करने का निर्देश दिया है।

इस बीच, मौसम विभाग ने 18 अगस्त तक डोडा, जम्मू, कठुआ, किश्तवाड़, पुंछ, राजौरी, रामबन, रियासी, सांबा और उधमपुर में हल्की से मध्यम स्तर की बाढ़ का खतरा जताया है।मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में भारी बारिश होगी।

## हर संभव सहायता दी जायेगी -शाह

- **केन्द्रीय गृह मंत्री ने कठुआ में बादल फटने की घटना के संदर्भ में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री से बात की।**

नयी दिल्ली, 17 अगस्त। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात कर कठुआ जिले में बादल फटने की घटना के बारे में जानकारी ली है।

शाह ने रविवार को कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार, जम्मू -कश्मीर के लोगों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है और एनडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर पहुँच गई हैं। मोदी सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया। हम जम्मू-कश्मीर के अपने बहनों और भाइयों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

उल्लेखनीय है कि कठुआ में रविवार सुबह बादल फटने के कारण कई लोगों के हताहत होने की खबर है। जम्मू कश्मीर में पिछले तीन-चार दिनों में बादल फटने की यह दूसरी घटना है, इससे पहले किश्तवाड़ जिले में भी बादल फटने से कई लोगों की मौत हो गई थी और अनेक घायल हो गए थे।

## ट्रेड डील के लिये ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

तेल आयात पर भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है, जो कि पहले लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त है। यह वार्ता अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर छठे दौर की वार्ता होती और इसका समय भी महत्वपूर्ण था। क्योंकि यह 27 अगस्त के आसपास होनी थी, जब अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लागू होने वाला था।

## 'चारा चोरी वाले वोट चोरी का फर्जी सर्टिफिकेट बांट रहे हैं'

- **केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद ने बिहार की वोटर अधिकार यात्रा को जनता को गुमराह करने की साजिश बताया।**

पटना, 17 अगस्त। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने महागठबंधन के द्वारा शुरू किये गये वोटर अधिकार यात्रा के सकारात्मक उद्देश्य पर संदेह जाहिर किया और कहा कि महागठबंधन के नेता, विशेषकर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी बिहार के लोगों को गुमराह करने की साजिश कर रहे हैं।

मंत्री राय ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के बयान पर तंज कसते हुये कहा कि चारा चोरी करने वाले वोट चोरी का फर्जी सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। मैं लालू यादव जी से पूछना चाहता हूं कि चारा चोरी किसने की? वर्दी घोटाला किसने किया? अलकतरा चोरी किसने किया? दूध की चोरी किसने की? उन्होंने कहा कि लालू यादव घोटाले के पहाड़ पर खड़े होकर चोरी का आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखिये कि किस तरह आपने विदेशी घुसपैठिये, बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों को वोटर बनाकर लंबे समय तक बिहार में शासन किया है। इसका जवाब दीजिये।

## शुभांशु शुक्ला का भारत लौटने...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मिशन पर 25 जून को नासा के फ्लोरिडा स्थित केन्द्र से रवाना हुए थे। अंतरिक्ष में 18 दिन के अभियान के दौरान सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के बारे में सफल प्रयोग करने के बाद वह 15 जुलाई को पृथ्वी पर वापस लौटे थे। पिछले चार दशकों में अंतरिक्ष में जाने वाले वह पहले भारतीय हैं। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने आईएसएस की यात्रा को गौरव का क्षण बताते हुए इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन से मुलाकात की और आईएसएस में अपने अनुभव साझा किए। स्वदेश लौटने के लिए उड़ान में सवार होने के बाद ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने मिशन के दौरान अपने एक साल के अनुभव को याद करते हुए एक भावुक नोट लिखा और कहा कि वह भारत लौटने और अपने अनुभव सभी के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं।

## धर्मस्थल से लापता पीड़िता की फोटो जारी

मंगलुरु, 17 अगस्त। कर्नाटक के चर्चित धर्मस्थल मंदिर मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच तेजी से चल रही है, वहीं एक कथित पीड़िता की मां ने उसकी फोटो जारी करके एक बार फिर लोगों का ध्यान इस मसले पर खींच लिया है। इस मामले में शिकायत कर्ता सुजाता भट ने कहा था कि मेडिकल कॉलेज की छात्रा और उनकी बेटी अनन्या भट अपने दोस्तों के साथ धर्मस्थल मंदिर गई थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, तो उन्हें धमकाया गया और वापस भेज दिया गया। घटना के समय भट कोलकाता में सीबीआई में स्टेनोग्राफर के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि जब उन्होंने मंदिर प्रशासन के समक्ष यह मामला उठाया तो कर्मचारियों ने उन पर हमला किया, जिससे वह तीन महीने तक कोमा में रहीं। अब उन्होंने अपनी बेटी अनन्या की पासपोर्ट साइज़ तस्वीर जारी की है, जिससे यह मामला और अधिक चर्चा का विषय बन गया है। विदित हो कि एक नामालूम शिकायतकर्ता द्वारा धर्मस्थल मंदिर परिसर में सैकड़ों शवों के दफ़नाए जाने का आरोप लगाने के बाद यह जगह विवादों में आ गई थी।

# मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस वे तथा अर्बन एक्सटेंशन रोड का उद्घाटन किया

## प्रधानमंत्री ने कहा, 11 हजार करोड़ रु. की इन परियोजनाओं से दिल्ली, गुरुग्राम व एनसीआर के लोगों को सुविधा मिलेगी

- **प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड को बनाने में वेस्ट मटीरियल का उपयोग किया गया, जिसमें लाखों टन कचरा काम में आया।**
- **उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इन दोनों परियोजनाओं का निर्माण करने वाले श्रमिकों के साथ बातचीत की।**

नई दिल्ली, 17 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं उद्घाटन का किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मुंडका में रोड शो किया, मोदी ने कहा, थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। नए एक्सप्रेसवे का सभी को लाभ मिलेगा। पूरे एनसीआर के लोगों को फायदा होगा।

पीएम ने कहा, ''अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है। अर्बन एक्सटेंशन रोड को बनाने में लाखों टन कचरा काम में लाया गया है, यानी कूड़े के पहाड़ को कम करके उसके वेस्ट मटीरियल का इस्तेमाल सड़क बनाने में किया गया है। मुझे खुशी है कि रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में दिल्ली की भाजपा सरकार यमुना जी की सफाई में भी लगातार जुटी हुई है। मुझे बताया गया है कि यमुना से इतने समय में 16 लाख मीट्रिक टन सिल्ट हटाई जा चुकी है। इतना ही नहीं, बहुत कम समय में ही दिल्ली में 650 डीईवीआई इलेक्ट्रिक बसें शुरू की गई हैं। भविष्य में ये इलेक्ट्रिक बसें करीब 2 हजार का आंकड़ा पार कर जाएंगी। ये ग्रीन दिल्ली - क्लीन दिल्ली के मंत्र को और मजबूत करता है।''

पीएम मोदी ने आगे कहा, हम देखते हैं कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को किस तरह बर्बाद किया, दिल्ली को एक तरह से गड्ढे में गिरा दिया था। मैं जानता हूं कि भाजपा की नई सरकार के लिए लंबे अरसे से बढ़ रही मुसीबतों से दिल्ली को बाहर निकालना कितना कठिन है। लेकिन, मुझे भरोसा है कि दिल्ली में जिस टीम को आपने चुना है, वो मेहनत करके पिछले कई दशकों की समस्याओं से दिल्ली को बाहर निकाल कर रहेंगे।

बता दें कि दोनों परियोजनाओं का उद्देश्य दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाना, यात्रा समय कम करना और दिल्लीवासियों को जाम से राहत दिलाना है। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) का निर्माण करने वाले श्रमिकों के साथ बातचीत की।

## सूचि में हेराफेरी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हैं। उन्होंने कहा कि सूची में त्रुटि संभव है पर ''मतदान की चोरी का आरोप संविधान का अपमान है। घर के पते के स्थान पर शून्य दर्ज होने के मामले में उन्होंने कहा, देश में ऐसे बहुत से नागरिक है, जिनके पास घर नहीं है। वे किसी पुल के नीचे, किसी लैंप पोस्ट या बिना पते की जगह पर रहते हैं। वे भारत के नागरिक हैं और उन्हें मतदाता के तौर पर पंजीकरण करवाने का संवैधानिक अधिकार है। ऐसे लोगों के लिए आयोग की कम्प्यूटर प्रणाली में घर के पते की जगह शून्य दर्ज हो जाता है। कुमार ने कहा कि मलिन बस्तियों या गांव में मकानों पर नंबर नहीं पड़े हैं और उनमें रहने वालों के पते के स्थान पर भी शून्य दर्ज किया जाता है। उन्होंने कहा कि घर के पते के स्थान पर शून्य दर्ज किये जाने को लेकर आपत्ति उठाना गरीबों का अपमान है। आयोग ने बिहार में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे राज्य की सूची के नये मसौदे में किसी भी कमी में सुधार के लिए अधिकारियों के साथ सहयोग करें और दावे तथा आपत्तियों के लिए इस महीने के अंत तक बचे समय का उपयोग करें।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सारी त्रुटियों का यही जवाब है कि सभी राजनीतिक दल और सामाजिक कार्यकर्ता मिलकर काम करें। बिहार में अभी सूची के मसौदे पर दावे और आपत्तियों के लिए 15 दिन का समय बाकी है। इस दौरान यदि वे त्रुटियों को दूर कराने में सहयोगी होंगे, तो आयोग उनका शुक्रगुजार होगा।

# विश्व के 47 प्रतिशत लोग भारत ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

स्थान रह गया है। भारत के साथ उच्च-स्तरीय सांस्कृतिक, आर्थिक या रणनीतिक साझेदारी की कमी के चलते भारत की छवि अक्सर कोरियाई जनचर्चा से बाहर रहती है। जब तक मीडिया में लगातार कवरेज या कोई बड़े प्रोजेक्ट्स सामने नहीं आते, तब तक भारत की लोकप्रियता में गिरावट स्वाभाविक मानी जा सकती है।

लेकिन इज़राइल में भारत की छवि में गिरावट क्यों हुई है। भारत की ''डी-हायफनेशन'' नीति - यानी इज़राइल और फिलीस्तीन से रिश्ते को अलग-अलग नजरिए से देखने की रणनीति - वहां मिश्रित प्रतिक्रियाएं ला रही है। संयुक्त राष्ट्र में मतदान से दूरी बनाना और दोनों पक्षों के साथ संबंध बनाए रखने की कोशिशें, इज़राइली जनता के लिए भ्रम या असंतोष का कारण बन सकती हैं क्योंकि यहां की जनता स्पष्ट समर्थन की अपेक्षा रखती है।

हालाँकि, भारत ने 7 अक्टूबर को हुए हमास हमले की निंदा की और इज़राइल ने ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर भारत का संतुलित रवैया उस सीधी सहानुभूति को कम कर सकता है जिसकी अपेक्षा की जाती है।

इज़राइल में भारत की छवि में गिरावट कोई अलग मामला नहीं है - यह वैश्विक स्तर पर देशों ओर नेताओं के प्रति घटते विश्वास का हिस्सा है। दरअसल, कई देशों में इज़राइल और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के प्रति विश्वास में भी तेज गिरावट आई है, जो यह दर्शाता है कि आज की दुनिया में विदेश नीति और नेतृत्व को लेकर संदेह की भावना बढ़ रही है।

भारत को लेकर धारणा केवल भौगोलिक सीमाओं से ही नहीं, बल्कि लिंग, उम्र और वैचारिक रुझान से भी प्रभावित होती है। आधे से अधिक देशों में महिलाओं के मुकाबले पुरुषों द्वारा भारत के प्रति सकारात्मक राय रखने की संभावना अधिक है - जापान, जर्मनी, फ्रांस, अर्जेंटीना और नीदरलैंड्स में यह अंतर दो अंकों तक पहुंचता है।

यूनाइटेड किंगडम, ब्राज़ील, नीदरलैंड्स और जापान में युवा वयस्क भारत को अधिक पसंद करते हैं, जबकि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में इसका उल्टा है - वहाँ वरिष्ठ नागरिकों में भारत के प्रति ज्यादा सकारात्मक भावना देखी गई।

राजनीतिक विचारधारा भी असर डालती है: ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका में दक्षिणपंथी लोगों की भारत के प्रति राय अधिक अनुकूल है, जबकि अमेरिका और मैक्सिको में वामपंथी विचारधारा वाले लोगों में भारत के प्रति अधिक सकारात्मकता देखी गई।

यह सर्वे बताता है कि भारत की वैश्विक छवि मिश्रित और असंतुलित है - कुछ क्षेत्रों में मजबूत, तो कुछ में कमज़ोर। नई दिल्ली के सामने चुनौती यह है कि वह इस बिखरी हुई सकारात्मकता को एक मजबूत और स्थायी वैश्विक पहचान में बदले। व्यापारिक तनाव, सुरक्षा जोखिम और वैश्विक प्रतिद्वंद्विता के इस दौर में भारत की कूटनीतिक रणनीति ही तय करेगी कि दुनिया उसे एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में देखेगी या एक चुनौतीपूर्ण शक्ति के रूप में।

## हाईकोर्ट ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सीईटी में मंत्रालयिक कर्मचारी वर्ग वाले अभ्यर्थियों ने भले एससी-एसटी-ओबीसी-एमबीसी आरक्षण के आधार पर शिथिलता का लाभ लिया, लेकिन उन्हें मुख्य परीक्षा में भी आरक्षण का लाभ मिलेगा। अपील में मंत्रालयिक कर्मचारी वर्ग में चयनित अभ्यर्थियों के आरक्षण का दोहरे लाभ लेने को चुनौती दी गई थी। अपीलार्थियों के सीईटी में अन्य चयनित अभ्यर्थियों से अधिक अंक थे, इसके बावजूद वे चयन से वंचित रह गए।

## रुस ने शुक्र ग्रह पर जाने का मिशन शुरु किया

व्लादिवोस्तोक, 17 अगस्त। रूस 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर फिर से जाने के लिए अपने वेनेरा-डी अंतरग्रहीय मिशन के प्रक्षेपण की योजना बना रहा है और इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। तास समाचार एजेंसी ने रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (आईकेआई) में ग्रह भौतिकी विभाग के प्रमुख ओलेग कोराबलेव के हवाले से कहा कि यह मिशन अब देश के नए राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा है और मिशन पर प्रारंभिक डिजाइन का काम जनवरी 2026 में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि मिशन के प्रक्षेपण की तिथि डिज़ाइन चरण पूरा होने के बाद निर्धारित की जाएगी।

- **प्रारंभिक डिज़ाइन का काम जनवरी 26 से शुरु होगा तथा 2036 से पहले मिशन पूरा होने की आशा है।**

## राहुल गांधी ने सासाराम...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने कहा कि वोट हर एक व्यक्ति का अधिकार है लेकिन भाजपा सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर इस अधिकार को छीन रही है और बिहार में मतदाता पुनरीक्षण का काम करवा कर लोगों के वोट चोरी करवा रही है। इसे सबको मिलकर रोकना है और इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियों और बिहार की जनता को इस साजिश को सफल नहीं होने देना है।

राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने वोट चोरी रोकने के लिए भाजपा को भगाने और वोट चोरों को हटाने का आग्रह करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव को एकजुट होकर काम करने और वोट चोरी की साजिश करने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर वोटों की चोरी रोकना सबकी जिम्मेदारी है इसलिए मिलकर वोट चोरों को सत्ता से हटाना है और भाजपा को भगाना है।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार दुनिया के सबसे पहले गणतंत्र की जननी है और यहाँ वोट की चोरी नही होने देंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग बिहारियों का वोट चुरा कर उन्हें चूना लगाना चाहते हैं लेकिन शायद वो भूल गए है कि बिहारी खैनी में चूना मसल कर खा जाते हैं। उन्हें चूना लगाना संभव नही है। उन्होंने कहा कि सासाराम की ऐतिहासिक धरती से शुरू हुई यह यात्रा मतदाताओं को इंसाफ दिला के रहेगी।

## नवीन पटनायक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हैं। हालाँकि उनकी बीमारी की प्रकृति के बारे में अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अस्पताल प्रशासन द्वारा जल्द ही एक बयान जारी किए जाने की उम्मीद है।

78 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री को शनिवार रात को तकलीफ महसूस हुई, जिसके बाद उनके आवास नवीन निवास पर डॉक्टरों की एक टीम ने उनकी प्रारंभिक जांच की। रविवार सुबह तबीयत में कोई खास सुधार नहीं होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नवीन पटनायक के अस्पताल में भर्ती होने की खबर से ओडिशा भर में उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में चिंता फैल गई है। कई राजनीतिक नेताओं और नागरिकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908